गांधी प्रश्नोत्तरी

गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति

गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति का गठन सितम्बर, 1984 में गांधी दर्शन राजघाट तथा गांधी स्मृति, 5, तीस जनवरी मार्ग के विलय द्वारा किया गया। यह स्वायत्तशासी समिति संस्कृति विभाग, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सक्रिय रचनात्मक एवं वित्तीय संरक्षण के अन्तर्गत कार्य कर रही है। देश के माननीय प्रधानमंत्री इस समिति के अध्यक्ष हैं तथा इसके सदस्यों में वरिष्ठ गांधीवादी कार्यकर्ता तथा भारत सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि अधिकारीगण हैं जो समिति की विभिन्न गतिविधियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। समिति का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से महात्मा गांधी के जीवन दर्शन को प्रचारित प्रसारित करना है। समिति के दो परिसर हैं।

गांधी स्मृति, 5, तीस जनवरी मार्ग, नई दिल्ली स्थित भवन है, जिसे पहले बिड़ला हाउस के नाम से जाना जाता था तथा यही वह पावन स्थल है जहां 30 जनवरी, 1948 को बापू का महाबलिदान हुआ। इसी भवन में गांधी जी ने 9 सितम्बर, 1947 से 30 जनवरी, 1948 तक अपने जीवन के अन्तिम 144 दिन व्यतीत किये। यहां कण-कण में मानो उनकी पवित्र स्मृतियां जुड़ी हुई हैं। भारत सरकार ने वर्ष 1971 में इस भवन को गांधी जी के राष्ट्रीय स्मारक में बदलने का निर्णय लिया तथा 15 अगस्त, 1973 को यह देश को समर्पित किया गया।

इस भवन में गांधी जी के रहने का कमरा तथा वह प्रार्थना प्रांगण है जहां प्रार्थना सभा आयोजित होती थी तथा आततायी की गोलियों से बापू की इहलीला समाप्त हुई थी। भवन तथा इसके परिदृश्य को उन दिनों की ही भांति सजा कर रखा गया है।

संग्रहालय में गांधी जी के जीवन काल तथा इस भवन में बिताए अन्तिम दिनों से सम्बन्धित चित्रा, मूर्तियां, फोटोग्राफ, प्रस्तर शिलालेख, दीवारों पर बने चित्र आदि संरक्षित हैं। यहीं पर हाल ही में मल्टीमीडिया प्रदर्शनी 'शाश्वत गांधी' का भी माननीय प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया जिसमें गांधी जी के जीवन आदर्शों की छवि आधुनिकतम कम्प्यूटर द्वारा दर्शाई गई है।

गांधी स्मृति के मुख्य द्वार पर बापू की विशाल प्रतिमा खड़ी है, साथ है एक बालक-बालिका, विश्व का प्रतीक ग्लोब तथा शान्ति का प्रतीक कबूतर हाथों में लिये हुए। यह मूर्ति प्रमाण है बापू के अहिंसक विश्व शान्ति के सन्देश का तथा उसके वाहक नई पीढ़ी में उनके विश्वास का। यह मूर्ति विख्यात मूर्तिकार श्री रामसुतार द्वारा निर्मित है। इसके नीचे पटल पर अंकित है बापू का अमर कथन- ''मेरा जीवन ही मेरा सन्देश है।''

महात्मा गांधी की शहादत का प्रतीक है वह शहीद स्तम्भ जो उस महामानव की अमर याद दिलाता है जिसने देश को स्वाधीनता का आलोक दिया, आजीवन देशवासियों के कल्याण हेतु समर्पित रहे तथा अन्त में अपने प्राणों की आहुति दे दी।

गांधी प्रश्नोत्तरी

संकलन
शाश्वती झालानी
समीक्षा मुद्गल

गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति
नई दिल्ली

मूल्यः 100/- रु.

ISBN 81-87900-00-22

प्रकाशन
डा. सविता सिंह, निदेशक
गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति
गांधी दर्शन, राजघाट
नई दिल्ली-110 002
फोनः 23392278
ई-मेलः gandhismriti@india.com

टाइपसैटिंग
एब्रो एन्टरप्राइजेज, 2369 दूसरी मंजिल
छत्ता शाह जी, चावड़ी बाजार
दिल्ली-110 006
फोनः 23284462

मुद्रक
अशोक प्रिंटिंग प्रैस
2810, गली माता वाली, नई सड़क, दिल्ली-110006
फोनः 23264968, 23258859

विषय अनुक्रम

आमुख

खण्ड-I

मोहनदास करमचन्द गांधी : प्रारम्भिक जीवन (1869-1893)

खण्ड-II

दक्षिण अफ्रीका में गांधी (1893-1914)

खण्ड-III

भारत में महात्मा गांधी (1915-1948)

खण्ड-IV

गांधी विचारधारा-सूक्तियां

खण्ड-V

महात्मा गांधी-विश्व समुदाय के उद्गार

खण्ड-VI

गांधी साहित्य

खण्ड-VII

गांधी संस्थान

उत्तरमाला

आमुख

हर युग में इतिहास साक्षी है उन महापुरुषों के योगदान का, जिन्होंने न केवल अपने देश और काल को प्रभावित किया बल्कि समस्त विश्व को नयी विचारधारा दी।

ऐसे ही एक महान व्यक्तित्व हैं महात्मा गांधी। उनके विश्व-व्यापी प्रभाव के आकलन के लिए सम्भवतः और प्रतीक्षा करनी होगी। किन्तु यह भी सही है कि उनके दौर के इतिहास का वर्णन भी उनको इसमें उचित स्थान दिए बिना नहीं किया जा सकता जिसमें उनके द्वारा प्रतिपादित अस्तित्व, चरित्र, अन्तर्दृष्टि को एक नैतिक मूल्यों की कसौटी पर आंक न लिया जाए।

महात्मा गांधी के जीवन दर्शन से हमें विकास और उन्नति का वह वैकल्पिक मार्ग मिलता है जिससे व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक जीवनशैली स्वस्थ तथा सशक्त बनती है। उन्होंने अपने पीछे गांधीवाद की कोई नियमावली नहीं छोड़ी है बल्कि उनके जीवन में उनके दर्शन की छवि है जो प्रत्येक मानव हृदय को छूने की क्षमता रखती है। ''मेरा जीवन ही मेरा संदेश है'' यही मानवता को बापू का अमर संदेश है।

इस संदेश को युवापीढ़ी तक पहुंचाना हमारे लिये एक चुनौतीपूर्ण अभियान है। इसी पीढ़ी के लिए अल्बर्ट आइन्सटाईन ने कहा था कि ''आने वाली पीढ़ियां मुश्किल से विश्वास करेंगी कि हाड़-मांस का बना एक व्यक्ति कभी इस धरती पर आया था।'' ''गांधी क्विज'' (प्रश्नोत्तरी) इसी दिशा में हमारा एक विनम्र प्रयास है जिसके द्वारा हम इस अभूतपूर्व महापुरुष को सहज, सरल एवं रुचिकर तरीके से समझ सकें, पहचान सकें।

'गांधी क्विज' को और अधिक प्रेरणा प्राप्त हुई जब भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरामन जी ने वर्ष 2002 में इस प्रश्नोत्तरी के लिए अपनी ओर से एक ट्राफी प्रदान करने का प्रस्ताव किया जिसे समिति ने 'राष्ट्रपति आर. वेंकटरामन चल ट्राफी' का नाम दिया और यह प्रतिवर्ष प्रश्नोत्तरी में विजयी युवाओं को दी जाती है।

हमें ''गांधी प्रश्नोत्तरी-महात्मा गांधी को जानने का एक माध्यम'' प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है। मेरे दो युवा सहकर्मी शाश्वती झालानी तथा समीक्षा मुद्गल द्वारा किया गया यह प्रयास गांधीजी के महान जीवन के समस्त पहलुओं को उजागर करता हुआ कोई महान ग्रन्थ तो नहीं है परन्तु यह बच्चों तथा युवाओं में राष्ट्रपिता के विषय में जानने की उत्सुकता बढ़ाने में अवश्य सहायक होगा।

मैं संस्था के कार्यक्रम विभाग (प्रोग्राम यूनिट) के प्रति अपना आभार व्यक्त करती हूं जिसने प्रतियोगियों के लिये इस प्रश्नोत्तरी के माध्यम से गांधीजी के विषय में जानने और समझने की प्रक्रिया को मनोरंजक बनाने का प्रशंसनीय प्रयास किया है। इस पुस्तिका को और भी रुचिकर बनाने एवं सुधारने में हम अपने पाठकों के सहयोग तथा सुझावों का हृदय से स्वागत करेंगे।

गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति
15 अगस्त, 2004

सविता सिंह
निदेशिका

खण्ड - I

मोहनदास करमचन्द गांधीः प्रारम्भिक जीवन एवं शिक्षा

(1869-1893)

प्रश्न 1. गांधीजी का जन्म कब हुआ था?

(क) 2 अक्तूबर, 1868 (ख) 2 अक्तूबर, 1869

(ग) 2 अक्तूबर, 1870 (घ) 2 अक्तूबर, 1871

प्रश्न 2. गांधीजी का जन्म स्थान कहां था?

(क) पोरबन्दर या सुदामापुरी (ख) वर्धा

(ग) राजकोट (घ) वेरावल।

प्रश्न 3. गांधीजी का पैतृक निवास स्थान आज किस नाम से जाना जाता है?

(क) बिरला भवन (ख) गांधी नगर

(ग) वाकानेर हाउस (घ) कीर्ति मन्दिर।

प्रश्न 4. गांधीजी के दादाजी का क्या नाम था?

(क) करमचन्द गांधी (ख) लक्ष्मीदास गांधी

(ग) उत्तमचन्द गांधी (घ) तुलसीदास गांधी।

प्रश्न 5. गांधीजी के दादाजी क्या काम करते थे?

(क) राजकोट के दीवान थे

(ख) वर्धा में सरकारी कर्मचारी थे

(ग) अहमदाबाद में ठेकेदार थे

(घ) पोरबन्दर रियासत के दीवान थे।

प्रश्न 6. उत्तमचंद गांधी की पहली पत्नी की कितनी सन्तानें हुईं?

(क) चार पुत्र (ख) दो पुत्र तथा दो पुत्रियां

(ग) दो पुत्र (घ) एक पुत्र तथा दो पुत्रियां।

प्रश्न 7. उत्तमचंद गांधी की दूसरी पत्नी की कितनी सन्तानें हुईं?

(क) चार पुत्र (ख) दो पुत्र तथा दो पुत्रियां

(ग) दो पुत्र (घ) एक पुत्र तथा दो पुत्रियां।

प्रश्न 8. उत्तमचंद गांधी की दूसरी पत्नी के बड़े पुत्र का क्या नाम था?

(क) रामचंद्र गांधी (ख) करमचंद गांधी

(ग) तुलसीदास गांधी (घ) लक्ष्मीदास गांधी।

प्रश्न 9. उत्तमचंद गांधी को लोग आदर से किस नाम से पुकारते थे?

(क) मनु गांधी (ख) उत्तम गांधी

(ग) कबा गांधी (घ) ओता गांधी।

प्रश्न 10. गांधीजी के पिताजी का क्या नाम था?

(क) लक्ष्मीचंद गांधी (ख) करमचंद गांधी

(ग) तुलसीदास गांधी (घ) मोहनचंद गांधी।

प्रश्न 11. गांधीजी के पिताजी ने कितने विवाह किए थे?

(क) एक विवाह (ख) दो विवाह

(ग) तीन विवाह (घ) चार विवाह।

प्रश्न 12. गांधीजी की माताजी का क्या नाम था?

(क) तितलीबाई (ख) पुतलीबाई

(ग) कस्तूरबाई (घ) रानीबाई।

प्रश्न 13. गांधीजी की माताजी किस स्वभाव की महिला थीं?

(क) शर्मीली (ख) चिड़चिड़े स्वभाव की

(ग) धार्मिक प्रवृत्ति (घ) लापरवाह।

प्रश्न 14. पुतलीबाई करमचंद गांधी की कौन सी पत्नी थीं?

(क) पहली पत्नी (ख) दूसरी पत्नी

(ग) तीसरी पत्नी (घ) चौथी पत्नी।

प्रश्न 15. करमचंद गांधी के कितने सगे भाई थे?

(क) चार (ख) तीन

(ग) दो (घ) एक।

प्रश्न 16. गांधीजी के पिताजी करमचंद गांधी क्या काम करते थे?

(क) खेती-बाड़ी (ख) दीवान थे

(ग) दुकानदारी (घ) तहसीलदारी।

प्रश्न 17. करमचंद गांधी के पुतलीबाई से पहले की पत्नियों से कितनी सन्तानें थीं।

(क) एक पुत्र (ख) चार पुत्र

(ग) दो पुत्रियां (घ) कोई नहीं।

प्रश्न 18. पुतलीबाई के कितनी सन्तानें हुईं?

(क) दो पुत्र, दो पुत्री (ख) एक पुत्री, तीन पुत्र

(ग) चार पुत्र (घ) तीन पुत्र।

प्रश्न 19. गांधीजी जी बहन का नाम क्या था?

(क) गौरीबाई (ख) रेलियत बैन

(ग) रम्भा बैन (घ) मीरा बैन।

प्रश्न 20. गांधीजी के सबसे बड़े भाई का क्या नाम था?

(क) लक्ष्मीदास (ख) करसनदास

(ग) देवदास (घ) तुलसीदास।

प्रश्न 21. गांधीजी के दूसरे भाई का क्या नाम था?

(क) लक्ष्मीदास (ख) करसनदास

(ग) देवदास (घ) तुलसीदास।

प्रश्न 22. गांधीजी के चाचाजी का क्या नाम था?

(क) हरिलाल (ख) देवदास

(ग) तुलसीदास (घ) रामदास।

प्रश्न 23. गांधीजी के पिताजी किस रियासत के दीवान थे?

(क) पोरबन्दर (ख) पटियाला

(ग) बड़ोदा (घ) ग्वालियर।

प्रश्न 24. गांधीजी के पिता करमचंद गांधी को लोग आदर से किस नाम से पुकारते थे?

(क) कबा गांधी (ख) ओता गांधी

(ग) मनु गांधी (घ) चंद्रलाल गांधी।

प्रश्न 25. गांधीजी के घर काम करने वाली नौकरानी का क्या नाम था?

(क) तितली दाई (ख) रैना दाई

(ग) रम्भा दाई (घ) गौरी दाई।

प्रश्न 26. गांधीजी को बचपन में राम नाम की प्रेरणा किसने दी?

(क) कस्तूरबाई (ख) रम्भादाई

(ग) पुतलीबाई (घ) लक्ष्मीदास।

प्रश्न 27. गांधीजी अपनी माता के अलावा किसे अपना पहला धार्मिक गुरु मानते थे?

(क) रम्भा दाई (ख) लक्ष्मीदास

(ग) रायचंद भाई (घ) कस्तूरबाई।

प्रश्न 28. गांधीजी को घर में प्यार से किस नाम से बुलाया जाता था?

(क) मोनू (ख) मनु या मोनिया

(ग) सोनू (घ) महु।

प्रश्न 29. गांधीजी का विवाह किस उम्र में हुआ था?

(क) सात वर्ष (ख) पन्द्रह वर्ष

(ग) तेरह वर्ष (घ) अठारह वर्ष

प्रश्न 30. गांधीजी के विवाह के दिन उनके साथ उनके किस भाई का विवाह भी हुआ था?

(क) करसनदास (ख) लक्ष्मीदास

(ग) चचेरे भाई (घ) दोनों (क) और (ग)।

प्रश्न 31. विवाह के समय गांधीजी की पत्नी की उम्र कितनी थी?

(क) तेरह वर्ष (ख) चैदह वर्ष

(ग) पन्द्रह वर्ष (घ) सोलह वर्ष।

प्रश्न 32. गांधीजी तथा कस्तूरबा का वैवाहिक जीवन कितने वर्षों का रहा?

(क) 50 वर्ष (ख) 55 वर्ष

(ग) 62 वर्ष (घ) 65 वर्ष।

प्रश्न 33. गांधीजी की पत्नी का क्या नाम था?

(क) कस्तूरबाई (ख) मेघाबाई

(ग) पुतलीबाई (घ) कमलाबाई।

प्रश्न 34. कस्तूरबाई का मायका कहां था?

(क) काठमांडू (ख) पोरबन्दर

(ग) राजकोट (घ) वेरावल।

प्रश्न 35. कस्तूरबाई कितनी पढ़ी-लिखी थीं?

(क) प्राथमिक शिक्षा (ख) वकालत

(ग) मैट्रिक (घ) निरक्षर।

प्रश्न 36. गांधीजी के जीवन में सबसे पहला मित्र कौन था?

(क) हरिया (ख) रामू

(ग) ऊका (घ) श्यामू।

प्रश्न 37. ऊका के पिताजी क्या काम करते थे?

(क) गांव में जमींदार थे (ख) किसान थे

(ग) लोहार थे (घ) सफाई सेवक।

प्रश्न 38. ऊका किस जाति का था?

(क) दलित जाति (ख) वैश्य जाति

(ग) क्षत्रिय (घ) ब्राह्मण।

प्रश्न 39. गांधीजी ने पहली बार 'अछूत' ऊका को क्यों छुआ?

(क) पुस्तक देने के लिए (ख) मिठाई देने के लिए

(ग) खेलने के लिए (घ) पीटने के लिए।

प्रश्न 40. बचपन में गांधीजी का स्वभाव कैसा था?

(क) बातूनी (ख) असभ्य

(ग) झगड़ालू (घ) अत्यन्त शर्मीला।

प्रश्न 41. गांधीजी ने सबसे पहले किस स्थान की ग्रामशाला से शिक्षा प्राप्त की।

(क) सुदामापुरी (ख) बीकानेर

(ग) पोरबन्दर (घ) राजकोट।

प्रश्न 42. करमचंद गांधी जब पोरबन्दर से राजकोट के दीवान के पद पर आए उस समय उनके पुत्र मोहनदास की आयु कितनी थी?

(क) पांच वर्ष (ख) दस वर्ष

(ग) सात वर्ष (घ) तेरह वर्ष।

प्रश्न 43. बचपन में पाठशाला के दौरे पर आए निरीक्षक द्वारा दिए गए श्रुतिलेख के किस अंग्रेजी शब्द के हिज्जे गांधीजी को नहीं आते थे।

(क) स्कूल (ख) Kettle (केतली)

(ग) यूनीफार्म (घ) Umbrella (छतरी)।

प्रश्न 44. गांधीजी को व्यायाम अथवा खेलों में सबसे अच्छा क्या लगता था?

(क) योगाभ्यास (ख) पतंगबाजी

(ग) कुश्ती (घ) टहलना (घूमना-फिरना)।

प्रश्न 45. गांधीजी का व्यायाम की कक्षा में देर से पहुंचने का क्या कारण होता था?

(क) अस्वस्थ पिता की सेवा (ख) घर के काम

(ग) इच्छा न होना (घ) माता की सेवा।

प्रश्न 46. बचपन में गांधीजी को किस नाट्य पात्र के चरित्र ने सबसे अधिक प्रभावित किया?

(क) हरिश्चन्द्र (ख) श्रवण कुमार

(ग) विक्रमादित्य (घ) शकुंतला।

प्रश्न 47. किस पौराणिक चरित्र की मातृ-पितृ भक्ति से गांधीजी प्रभावित हुए?

(क) श्रवण कुमार (ख) दशरथ

(ग) रामचन्द्र (घ) श्रीकृष्ण।

प्रश्न 48. गांधीजी और उनके भाई करसनदास ने बचपन में अपनी आदतों की वजह से हुए 25 रुपयों के कर्ज को किस प्रकार अदा किया?

(क) पिताजी से पैसा मांग कर

(ख) अपने जेब खर्च से

(ग) बड़े भाई से मांगकर

(घ) घर से सोने का कड़ा चुराकर उसमें से एक तोला सोना बेचकर।

प्रश्न 49. गांधीजी को पहली बार सिगरेट पीने के लिए किसने दी थी?

(क) ऊका ने (ख) करसनदास ने

(ग) चचेरे भाई ने (घ) लक्ष्मीदास ने।

प्रश्न 50. किसे देखकर बचपन में गांधीजी ताकतवर और तगड़े बनने के लिए प्रभावित हुए?

(क) अपने पिताजी को (ख) शेख मेहताब को

(ग) करसनदास (घ) चचेरे भाई को।

प्रश्न 51. गांधीजी को गोश्त खाने के लिए किसने प्रेरित किया?

(क) शेख मेहताब (ख) करसनदास

(ग) लक्ष्मीदास (घ) ऊका।

प्रश्न 52. गांधीजी की मित्रता शेख मेहताब से कब हुई?

(क) ग्रामशाला (ख) हाई स्कूल में

(ग) उनके विवाह के उत्सव में (घ) कालेज में।

प्रश्न 53. गांधीजी की माताजी, बड़े भाई लक्ष्मीदास व पत्नी कस्तूरबा को उनकी किसने साथ मित्रता पसन्द नहीं थी?

(क) गांव के लड़कों के साथ (ख) अंग्रेजों के साथ

(ग) शेख मेहताब के साथ (घ) रामसिंह के साथ।

प्रश्न 54. गांधीजी ने शेख मेहताब के साथ क्यों दोस्ती की थी?

(क) सुधारक की दृष्टि से (ख) गोश्त खाने के लिए

(ग) स्कूल साथ जाने के लिए (घ) लोगों पर रोब जमाने के लिए।

प्रश्न 55. गांधीजी के बचपन के इस साथी का नाम बताइए जिसने अच्छे गुणों को ग्रहण करने से सदा ही इन्कार किया?

(क) करसनदास (ख) ऊका

(ग) शेख मेहताब (घ) छगनलाल।

प्रश्न 56. गांधीजी ने मांस खाने, सिगरेट पीने व चोरी करने के अपराध की क्षमा अपने पिताजी से किस प्रकार मांगी?

(क) उनकी सेवा द्वारा (ख) ईश्वर के समक्ष प्रार्थना कर

(ग) उपवास द्वारा (घ) पत्र द्वारा।

प्रश्न 57. गांधीजी के पिताजी की मृत्यु किस बीमारी से हुई?

(क) प्लेग (ख) भगन्दर

(ग) हैजा (घ) दिल की बीमारी।

प्रश्न 58. जिस समय गांधीजी के पिताजी की मृत्यु हुई तब गांधीजी कितने वर्ष के थे?

(क) पन्द्रह वर्ष (ख) सत्रह वर्ष

(ग) सोलह वर्ष (घ) अठारह वर्ष।

प्रश्न 59. गांधीजी ने अपनी मैट्रिक्यूलेशन की परीक्षा किस वर्ष में पास की?

(क) 1885 (ख) 1887

(ग) 1888 (घ) 1889

प्रश्न 60. सन 1887 में मोहनदास ने मैट्रिक की परीक्षा पास की। आगे की पढ़ाई के लिए उन्हें किस कालेज में भर्ती किया गया?

(क) राजकोट के डी.ए.वी. कालेज में

(ख) इंग्लैण्ड की आक्सफोर्ड यूनीवर्सिटी में

(ग) भावनगर के शामलदास कालेज (घ) कहीं नहीं।

प्रश्न 61. गांधीजी ने शामलदास कालेज में अपनी पढ़ाई बीच में कब छोड़ दी?

(क) भर्ती होने के तुरन्त बाद (ख) पहले सत्र की समाप्ति पर

(ग) दूसरे सत्र की समाप्ति पर (घ) भर्ती होने के एक हफ़्ते में।

प्रश्न 62. गांधीजी वकालत पढ़ने के लिए कहां गए थे?

(क) बम्बई (ख) कलकत्ता

(ग) द. अफ़्रीका (घ) लंदन।

प्रश्न 63. गांधीजी की वकालत की पढ़ाई के लिए विलायत भेजने की सलाह किसने दी।

(क) बड़े भाई लक्ष्मीदास ने (ख) माताजी ने

(ग) कुटुम्ब के पुराने मित्र मावजी दवे ने (घ) पंचायत ने।

प्रश्न 64. गांधीजी को किसने इंग्लैण्ड जाने से पूर्व तीन चीजों से दूर रहने की प्रतिज्ञा करवाई जिसके बाद उनकी माताजी ने उन्हें विलायत जाने की आज्ञा दी?

(क) थेचरजी स्वामी (ख) गांव के महंत

(ग) बड़े भाई लक्ष्मीदास (घ) पंचायत ने।

प्रश्न 65. लंदन वाले जाने से पूर्व उनकी माताजी की सन्तुष्टि के लिए गांधीजी से कौन-सी प्रतिज्ञाएं/प्रतिज्ञा करवाई गई?

(क) मदिरा का सेवन न करने की (ख) मांस का सेवन न करने की

(ग) पराई स्त्री से दूर रहने की (घ) तीनों की (क), (ख) और (ग)।

प्रश्न 66. गांधीजी ने अपनी हाईस्कूल सभा में इंग्लैण्ड जाने से पूर्व एक भाषण में कहा कि ''मुझे आशा है कि दूसरे भी मेरा अनुकरण करेंगे और इंग्लैण्ड से लौटने के बाद हिन्दुस्तान में सुधार के बड़े-बड़े काम करने में सच्चे दिल से लग जायेंगे।'' यह कौन सा दिन था?

(क) 4 जुलाई, 1888 (ख) 10 अगस्त, 1888

(ग) 1 जनवरी, 1889 (घ) 15 फरवरी, 1889

प्रश्न 67. गांधीजी को इंग्लैण्ड भेजने का सारा प्रबन्ध किसने किया था?

(क) पंचायत ने (ख) उनके चाचाजी ने

(ग) उनकी माताजी ने (घ) उनके बड़े भाई लक्ष्मीदास में।

प्रश्न 68. इंग्लैण्ड जाने से पूर्व गांधीजी के कितनी सन्तानें थीं?

(क) तीन पुत्र (ख) एक पुत्र

(ग) दो पुत्र (घ) कोई नहीं।

प्रश्न 69. गांधीजी के सबसे बड़े पुत्र का क्या नाम था?

(क) हरिलाल (ख) मणिलाल

(ग) रामदास (घ) देवदास।

प्रश्न 70. गांधीजी को कौन इंग्लैण्ड जाने के लिए पानी के जहाज तक छोड़ने आया?

(क) बड़ा भाई लक्ष्मीदास (ख) एक मित्र

(ग) चाचाजी (घ) दोनों (क) और (ख)।

प्रश्न 71. किस दिन गांधीजी वकालत की शिक्षा लेने के लिए इंग्लैण्ड को रवाना हुए।

(क) 1 जनवरी, 1888 (ख) 4 सितम्बर, 1888

(ग) 9 दिसम्बर, 1888 (घ) 4 फरवरी, 1889

प्रश्न 72. गांधीजी ने अपनी पहली विलायत यात्रा किस हिन्दुस्तानी परिचित के साथ तय की?

(क) मावजी दवे (ख) थेचरजी स्वामी

(ग) रामचंद्र भाई (घ) वकील श्री त्रयंबकराय मजूमदार।

प्रश्न 73. गांधीजी ने अपनी पहली समुद्र यात्रा कितने दिनों में पूरी की?

(क) 12 दिन (ख) 24 दिन

(ग) 36 दिन (घ) 15 दिन।

प्रश्न 74. गांधीजी लंदन पहुंच कर सबसे पहले किससे मिले?

(क) प्राण जीवन मेहता (ख) रायचन्द्र भाई

(ग) दादा भाई नौरोजी (घ) किसी से नहीं।

प्रश्न 75. लंदन पहुंचने पर पहले गांधीजी को सबसे अधिक किस कठिनाई का सामना करना पड़ा?

(क) रहने की समस्या (ख) वेशभूषा का भेद

(ग) भाषा की समस्या (घ) आहार (अन्नाहार) की समस्या।

प्रश्न 76. लंदन प्रवास के दौरान गांधीजी किस संस्था के सदस्य बने?

(क) वेजीटेरियन सोसायटी (ख) क्रिकेट क्लब

(ग) चर्च ऑफ इंग्लैण्ड (घ) चलचित्र संस्थान।

प्रश्न 77. गांधीजी ने अन्नाहार पर इंग्लैण्ड में सबसे पहले कौन-सी पुस्तक पढ़ी जिसमें उन्हें बड़ा आनन्द मिला?

(क) बी वेजिटेरियन (ख) वेजिटेबलस आर गुड फार हैल्थ

(ग) प्ली फार वेजिटेरियानिज्म (घ) यूज वेजिटेबल्स।

प्रश्न 78. इंग्लैण्ड में गांधीजी को किसने द्वारा रचित गीता का अंग्रेजी अनुवाद मिला जिससे वे निस्वार्थ भाव से कर्म करने का अर्थ समझ गए?

(क) रस्किन (ख) एडविन आरनाल्ड

(ग) टालस्टाय (घ) मि. बेकर।

प्रश्न 79. बाइबिल में गांधीजी को सबसे अच्छा क्या लगा?

(क) न्यू टेस्टामेंट में सरमन ऑन द माउंट

(ख) कहानियां

(ग) संस्मरण

(घ) कविताएं।

प्रश्न 80. इंग्लैण्ड में गांधीजी को ईसाई धर्म के प्रति आकृष्ट करने की चेष्टा किसने की?

(क) चाल्स ब्रेडले (ख) जोशिया ओल्डफील्ड

(ग) पार्कर (घ) एडविन आर्नल्ड।

प्रश्न 81. गांधीजी की पहली बार दादा भाई नौरोजी से कहां मुलाकात हुई?

(क) इंग्लैण्ड ला यनिवर्सिटी

(ख) इंग्लैण्ड-'इंडियन एसोसिएशन' सभा में

(ग) लंदन जाते समय जहाज में

(घ) वेजिटेरियन सोसायटी में।

प्रश्न 82. पढ़ाई के दौरान गांधीजी ने लंदन से अपना पहला पत्र किसे लिखा?

(क) माताजी (ख) बहन को

(ग) बड़े भाई को (घ) पत्नी को।

प्रश्न 83. गांधीजी ने लंदन में मैट्रिक किस वर्ष में पास की?

(क) 1889 (ख) 1890

(ग) 1891 (घ) 1892

प्रश्न 84. लंदन में पढ़ाई के दौरान उनके मन में क्या शौक उत्पन्न हुए?

(क) विदेशी वस्त्रों को पहनना (ख) विदेशी नृत्य सीखना

(ग) वायलिन बजाना सीखना (घ) तीनों (क), (ख) और (ग)।

प्रश्न 85. गांधीजी ने किस वर्ष वैरिस्टरी पास की?

(क) 1889 (5 जून) (ख) 1890 (11 जुलाई)

(ग) 1891 (10 जून) (घ) 1892 (7 दिसम्बर)।

प्रश्न 86. गांधीजी ने कितने शिलिंग देकर इंग्लैण्ड के हाईकोर्ट में अपना नाम दर्ज करवाया?

(क) दो शिलिंग (ख) ढाई शिलिंग

(ग) तीन शिलिंग (घ) साढ़े चार शिलिंग।

प्रश्न 87. बैरिस्टरी की पढ़ाई के अलावा गांधीजी की जिज्ञासा धार्मिक विषयों के अध्ययन की थी। किस पुस्तक को पढ़कर उन्होंने अपने धर्म के प्रति उत्साह को अनुभव किया?

(क) थियोसाफी-रहस्य (ख) अन टू दिस लास्ट

(ग) स्वर्ग तेरे हृदय में (घ) बुद्ध -चरित्र।

प्रश्न 88. किसकी पुस्तकें पढ़कर गांधीजी के मन में सत्य के प्रति आकर्षण के साथ-साथ न्याय का आग्रह भी जुड़ गया।

(क) रस्किन (ख) टाॅलस्टाय

(ग) मि. बैकर (घ) ब्रेडले।

प्रश्न 89. किस दिन गांधीजी बैरिस्टर बनकर स्वदेश की ओर रवाना हुए?

(क) 5 मई, 1891 (ख) 12 जून, 1891

(ग) 7 अगस्त, 1891 (घ) 15 अक्तूबर, 1891

प्रश्न 90. वकालत की पढ़ाई पूरी कर स्वदेश लौटने पर उन्हें क्या समचार मिला?

(क) माताजी की मृत्यु (ख) पिताजी की मृत्यु

(ग) बड़े भाई की पदोन्नति (घ) बड़े भाई के पुत्र का जन्म।

प्रश्न 91. जब गांधीजी इंग्लैण्ड से लौटकर भारत आये तब उनका पुत्र हरिलाल कितने वर्ष का था?

(क) 2 वर्ष (ख) 4 वर्ष

(ग) 3 वर्ष (घ) 5 वर्ष।

प्रश्न 92. गांधीजी जब इंग्लैण्ड में थे तब उनके परिवार की देखभाल किसने की थी?

(क) बड़े भाई लक्ष्मीदास (ख) चाचाजी ने

(ग) दूसरे भाई करसनदास (घ) माताजी ने।

प्रश्न 93. गांधीजी पर किस के व्यक्तित्व का गहरा असर पड़ा?

(क) मावजी दवे (ख) दादा भाई नौरोजी

(ग) रम्भादाई (घ) रायचन्द्र भाई।

प्रश्न 94. इंग्लैण्ड से लौटकर गांधीजी वकालत करने के इरादे से कहां गए?

(क) राजकोट (ख) कलकत्ता

(ग) बम्बई (घ) पूना।

प्रश्न 95. बम्बई में गांधीजी अकेले वकालत करने गए। वहां उन्होंने एक निरक्षर कृषक ब्राह्मण को रसोइया रखा। उसका क्या नाम था?

(क) बाला सुन्दरम (ख) रविशंकर

(ग) गया सिंह (घ) राजपाल।

प्रश्न 96. बम्बई में गांधीजी को पहला केस मिला। यह किसका मुकदमा था?

(क) ममीबाई (ख) जान मोहम्मद

(ग) मीना रानी (घ) रविशंकर।

प्रश्न 97. गांधीजी के पहले मुकदमे का क्या मेहनताना तय हुआ?

(क) 10 रुपये (ख) 125 रुपये

(ग) 60 रुपये (घ) 30 रुपये।

प्रश्न 98. गांधीजी ने अपना पहला मुकदमा किस प्रकार लड़ा?

(क) होशियारी से जीत गए

(ख) घबराकर केस दूसरे वकील को दिया

(ग) समझौता करवा दिया

(घ) हार गए क्योंकि विपक्ष मजबूत था।

प्रश्न 99. अपना पहला मुकदमा छोड़ने के बाद उन्होंने बम्बई में क्या काम किया?

(क) शिक्षक बन गए

(ख) दूसरा मुकदमा लड़ा

(ग) एक संस्था के सदस्य बने

(घ) अर्जीदावे या प्रार्थना पत्र लिखने का कार्य करने लगे।

प्रश्न 100. गांधीजी बम्बई से निराश होकर कहां आ गए?

(क) राजकोट (ख) अहमदाबाद

(ग) कलकत्ता (घ) बांकानरे।

प्रश्न 101. राजकोट आने के बाद गांधीजी ने क्या काम आरम्भ किया?

(क) अर्जीदावे बनाने का कार्य (ख) मुकदमों की पैरवी

(ग) पाठशाला में शिक्षक (घ) समाज सेवा आरम्भ की।

प्रश्न 102. गांधीजी के राजकोट आने के बाद कस्तूरबाई ने उनके दूसरे पुत्र को जन्म दिया। उसका क्या नाम रखा गया?

(क) हरिलाल (ख) मणिलाल

(ग) रामदास (घ) देवदास।

प्रश्न 103. गांधीजी राजकोट में अर्जीदावे लिखने का काम करते थे। वहीं वे औसतन कितना कमा लेते थे?

(क) 100 रुपये (ख) 500 रुपये

(ग) 300 रुपये (घ) 700 रुपये।

प्रश्न 104. गांधीजी के लिए किसका संदेश आया जिसमें उन्हें एक केस के सिलसिले में एक साल के लिए द. अफ्रीका आने का प्रस्ताव रखा गया था?

(क) करीम सेठ (ख) अब्दुल्ला सेठ

(ग) तैयब सेठ (घ) लक्ष्मीदास।

प्रश्न 105. गांधीजी ने द. अफ्रीका जाने का प्रस्ताव क्यों स्वीकार कर लिया यद्यपि वह बैरिस्टरी नहीं नौकरी थी?

(क) आजीविका की आवश्यकता

(ख) अंग्रेज अधिकारी द्वारा अपमान की पीड़ा

(ग) तत्कालीन सामाजिक विषाक्त वातावरण से ऊब कर

(घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 106. गांधीजी के सबसे बड़े पुत्र हरिलाल का जन्म कब हुआ था?

(क) 1887 (ख) 1888

(ग) 1889 (घ) 1890

प्रश्न 107. गांधीजी के दूसरे पुत्र मणिलाल का जन्म कब हुआ था?

(क) 1888 (ख) 1891

(ग) 1892 (घ) 1893

प्रश्न 108. गांधीजी ने लंदन में ब्रूम के 'कामन ला' के पढ़ने व समझने के लिए कितना समय लगाया। जिसके बारे में उन्होंने कहा कि 'यह एक बड़ा और रुचिकर अंक है'?

(क) ग्यारह महीने (ख) नौ महीने

(ग) सात महीने (घ) छः महीने

प्रश्न 109. गांधीजी बम्बई में अपने वकालत के अभ्यास, उच्च न्यायालय में अनुभव प्राप्त करने तथा भारतीय कानून को पढ़ने के लिए गए थे। परन्तु वहां वे पर्याप्त काम पाने में असफल रहे। अतः वे कितने समय में ही बम्बई से राजकोट लौट आए?

(क) तीन महीने में (ख) छः महीने में

(ग) नौ महीने में (घ) एक साल में।

प्रश्न 110. गांधीजी के परिवार में किस धर्मग्रन्थ का नियमित पाठ होता था?

(क) रामायण (ख) गीता

(ग) वेद पुराण (घ) महाभारत।

खण्ड-II

दक्षिण अफ्रीका में गांधी (1893-1914

प्रश्न 1. गांधीजी कब अपनी द. अफ्रीका की पहली यात्रा के लिए भारत से द. अफ्रीका को रवाना हुए?

(क) जून, 1890 (ख) मई, 1892

(ग) अप्रैल, 1893 (घ) अगस्त, 1894

प्रश्न 2. गांधीजी के लिए जहाज में किस श्रेणी का टिकट कटवाया गया?

(क) न्यूनतम श्रेणी (ख) तृतीय श्रेणी

(ग) द्वितीय श्रेणी (घ) प्रथम श्रेणी।

प्रश्न 3. गांधीजी की जहाज के कप्तान से अच्छी निभी। कप्तान ने उन्हें कौन सा खेल सिखाया?

(क) शतरंज (ख) लूडो

(ग) ताश (घ) मैजिक कार्ड।

प्रश्न 4. गांधीजी द. अफ्रीका के किस बन्दरगाह पर उतरे?

(क) प्रिटोरिया (ख) डर्बन

(ग) जोहान्सबर्ग (घ) मैटिसवर्ग।

प्रश्न 5. डर्बन बन्दरगाह पर गांधीजी का स्वागत किसने किया?

(क) करीम सेठ (ख) रुस्तम जी

(ग) अब्दुल्ला सेठ (घ) तैयब सेठ।

प्रश्न 6. गांधीजी किस लिए द. अफ्रीका आए थे?

(क) व्यापार करने (ख) बसने के लिए

(ग) वकालत की शिक्षा (घ) मुकदमे से सम्बंधित मामले के लिए।

प्रश्न 7. द. अफ्रीका में उन्हें किसकी ओर से मुकदमे में सहायता के लिए बुलवाया गया था।

(क) अब्दुल्ला सेठ (ख) केलनबैक

(ग) तैयब सेठ (घ) पोलाक।

प्रश्न 8. गांधीजी कितने समय की शर्त से बंधकर पहली बार द. अफ्रीका गए थे?

(क) चार वर्ष (ख) एक वर्ष

(ग) दो वर्ष (घ) छः महीने।

प्रश्न 9. जिस मुकदमे के सिलसिले में गांधीजी द. अफ्रीका आए थे वह कितने दावे का था?

(क) 90 हजार पौंड (ख) 60 हजार पौंड

(ग) 40 हजार पौंड (घ) 20 हजार पौंड।

प्रश्न 10. द. अफ्रीका में मुकदमे के लिए गांधीजी को एक साल का कितना वेतन तय हुआ था।

(क) 50 पौंड (ख) 105 पौंड

(ग) 200 पौंड (घ) 205 पौंड।

प्रश्न 11. द. अफ्रीका पहुंचने पर गांधीजी को पहली बार गोरे लोगों के किस व्यवहार का अनुभव हुआ?

(क) शिक्षा की असमानता (ख) मैत्री व्यवहार

(ग) धनी व निर्धन वर्ग के भेद (घ) रंगभेद।

प्रश्न 12. द. अफ्रीका में जब गांधीजी पहली बार अदालत गए तो जज ने उन्हें घूर कर क्या कहा?

(क) साफ कपड़े पहनकर आने को कहा

(ख) जूते उतार कर आने को कहा

(ग) पगड़ी उतार कर बैठने को कहा

(घ) छड़ी साथ न लाने को कहा।

प्रश्न 13. द. अफ्रीका की किस कोर्ट में अब्दुल्ला सेठ का केस था जिसके लिए गांधीजी द. अफ्रीका आए थे?

(क) डरबन (ख) प्रिटोरिया

(ग) जोहान्सबर्ग (घ) मारित्जबर्ग।

प्रश्न 14. द. अफ्रीका के किस स्थान की कोर्ट में डिस्ट्रीक मैजिस्ट्रेट ने गांधी जी को पगड़ी उताने के लिए कहा, जिस पर गांधीजी ने मना कर दिया और कोर्ट से बाहर चले गए।

(क) डरबन (ख) प्रिटोरिया

(ग) जोहान्सबर्ग (घ) मारित्जबर्ग

प्रश्न 15. अब्दुल्ला सेठ के वकील का नाम क्या था जिसकी मदद के लिए गांधीजी को द. अफ्रीका बुलाया गया था?

(क) ए. डब्लू. बेकर (ख) श्रीमती मेकडोनाल्ड

(ग) विलियम गोडफ्रे (घ) स्पेन्सर वाल्टन।

प्रश्न 16. जिस समय गांधीजी द. अफ्रीका गए वहां पर कितने भारतीय बसे हुए थे?

(क) एक लाख (ख) डेढ़ लाख

(ग) दो लाख (घ) ढाई लाख।

प्रश्न 17. गिरमिटिया कौन थे?

(क) भारतीय व्यापारी (ख) गोरे व्यापारी

(ग) हिन्दुस्तानी मजदूर जो पांच वर्ष के अनुबन्ध पर द. अफ्रीका लाए गए

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 18. गिरमिटिया कितने साल के अनुबंध में बंधकर द. अफ्रीका भेजे गए थे?

(क) पांच वर्ष (ख) दस वर्ष

(ग) सात वर्ष (घ) चौदह वर्ष।

प्रश्न 19. द. अफ्रीका में कौन गांधीजी को ईसाई धर्म ग्रहण करवाने की इच्छा रखते थे?

(क) विलियम गोडफ्रे (ख) स्पेन्सर वाल्टन

(ग) श्रीमती मेकडोनाल्ड (घ) ए. डब्लू. बेकर।

प्रश्न 20. द. अफ्रीका में कुली/सामी शब्द का प्रयोग किसके लिए होता था?

(क) हब्शियों के लिए (ख) व्यापारियों के लिए

(ग) भारतीय मजदूरों के लिए (घ) अरब के मुसलमानों के लिए।

प्रश्न 21. गांधीजी द. अफ्रीका में किस कारण रातों-रात विख्यात हो गए और भारतीय प्रवासियों के मार्गदर्शक, हितैषी बन गए?

(क) अब्दुल्ला सेठ का मामला सुलझा कर

(ख) अदालत में वकील बन कर

(ग) बहुत बड़े व्यापारी बनकर

(घ) अखबार में अपने पगड़ी पहनने के अधिकार का प्रतिपादन कर।

प्रश्न 22. किस ऐतिहासिक स्टेशन पर गांधीजी को उनके सामान सहित गाड़ी के बाहर निकलवा दिया गया था?

(क) प्रिटोरिया (ख) सेन्ट मारित्जबर्ग

(ग) डरबन (घ) जोहान्सबर्ग।

प्रश्न 23. गांधीजी को सेन्ट मारित्जबर्ग स्टेशन पर गाड़ी से बाहर क्यों निकलवा दिया गया?

(क) उन्होंने सहयात्री के साथ अभद्र व्यवहार किया था

(ख) उनके कपड़े बहुत ही गन्दे थे

(ग) वे अश्वेत होते हुए भी प्रथम श्रेणी में यात्रा कर रहे थे। यह बात गोरे लोगों को पसन्द नहीं थी

(घ) उनके पास टिकट नहीं था।

प्रश्न 24. जब गांधीजी को यात्रा के बीच ही सेंट मारित्जबर्ग स्टेशन पर उतार दिया गया, तब वे कहां जा रहे थे?

(क) नाटाल (ख) प्रिटोरिया

(ग) जोहान्सबर्ग (घ) डरबन।

प्रश्न 25. दक्षिण अफ्रीका में एक रेल यात्रा के दौरान किस पुस्तक ने उनकी सोच को क्रांतिकारी मोड़ दिया?

(क) अण्टू दिस लास्ट (ख) बाइबल

(ग) रामायण (घ) महाभारत।

प्रश्न 26. मुकदमे के सिलसिले में प्रिटोरिया जाने से पूर्व गांधीजी जोहान्सबर्ग में किसके यहां ठहरे?

(क) अब्दुल्ला सेठ (ख) करीम सेठ

(ग) तैयब सेठ (घ) अब्दुल गनी सेठ।

प्रश्न 27. प्रिटोरिया में मि. बेकर ने गांधीजी के रहने खाने की व्यवस्था एक अंग्रेज वृद्ध के यहां कर दी। वहां उन्हें रहने-खाने का प्रति माह कितना पैसा देना तय हुआ?

(क) 100 शीलिंग (ख) 90 शीलिंग

(ग) 140 शीलिंग (घ) 125 शीलिंग।

प्रश्न 28. द. अफ्रीका में भारतीय प्रवासियों के आगमन के समय वहां गोरे लोगों की संख्या कितनी थी?

(क) 4 हजार (ख) 7 हजार

(ग) 20 हजार (घ) 9 हजार।

प्रश्न 29. उस समय गोरे लोगों ने भारत सरकार से भारतीय किसान व मजदूर भेजने का अनुरोध क्यों किया था?

(क) ईख की खेतीबाड़ी व खानों में काम के लिए

(ख) व्यापार करने के लिए

(ग) सामान उठाने के लिए

(घ) जनसंख्या बढ़ाने के लिए।

प्रश्न 30. किस वर्ष भारतीय लोगों को द. अफ्रीका करार पर ले जाने की स्वीकृति दी गई?

(क) सन 1860 (ख) सन 1869

(ग) सन 1879 (घ) सन 1875

प्रश्न 31. भारत सरकार ने द. अफ्रीका में 1869 में भारतीयों की भरती पर रोक क्यों लगा दी?

(क) द. अफ्रीका में और भारतीयों की जरूरत नहीं थी

(ख) भारतीय द. अफ्रीका नहीं जाना चाहते थे

(ग) वहां प्रवासी भारतीयों की स्थिति सन्तोषप्रद नहीं थी

(घ) भारत में जनसंख्या कम हो रही थी।

प्रश्न 32. द. अफ्रीका का आर्थिक विकास रुक गया तब उन्होंने भारत सरकार से कितने वर्ष के अनुबन्ध के लिए भारतीय प्रवासियों की मांग की?

(क) एक वर्ष (ख) दो वर्ष

(ग) पांच वर्ष (घ) दस वर्ष।

प्रश्न 33. द. अफ्रीका सरकार ने प्रवासी भारतीयों को क्या-क्या सुविधाएं देने का प्रस्ताव रखा?

(क) पांच वर्ष का अनुबंध पूरा होने पर उन्हें स्वदेश जाने की छूट होगी। साथ ही उन्हें किराया भी दिया जाएगा

(ख) जो वहां बसना चाहते हैं उन्हें जमीन भी दी जाएगी

(ग) बराबरी का दर्जा दिया जाएगा

(घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 34. गांधीजी ने द. अफ्रीका में अपना सबसे पहला भाषण कहां पर दिया था?

(क) जोहान्सबर्ग (ख) मारित्जबर्ग

(ग) प्रिटोरिया (घ) नाटाल।

प्रश्न 35. गांधीजी का द. अफ्रीका में पहला भाषण किस विषय पर था?

(क) द. अफ्रीका में भारतीयों की स्थिति (ख) हिन्दू धर्म

(ग) ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध (घ) हिन्दू-मुस्लिम एकता।

प्रश्न 36. डरबन के अब्दुल्ला सेठ और प्रिटोरिया के तैयब सेठ के बीच हो रहे मुकदमे का गांधीजी ने क्या फैसला करवाया?

(क) मुकदमा अब्दुल्ला सेठ के पक्ष में

(ख) दोनों में समझौता करवाया

(ग) मुकदमा तैयब सेठ के पक्ष में

(घ) दोनों को एक-एक साल की जेल करवाई।

प्रश्न 37. तैयब सेठ ने अब्दुल्ला सेठ के 40,000 पौंड के दावे में कितने की देनदारी स्वीकार की?

(क) 45000 पौंड (ख) 40,000 पौंड

(ग) 37,000 पौंड (घ) 34,000 पौंड।

प्रश्न 38. प्रेसिडेंट क्रूगर के घर के आगे के फुटपाथ पर गांधीजी के चलने पर वहां के सन्तरी ने उनसे मारपीट की। इसे देखकर किसने गांधीजी को उस सन्तरी पर मुकदमा चलाने को कहा?

(क) मि. कोट्स (ख) मि. बेकर

(ग) रुस्तम जी (घ) अब्दुल्ला सेठ।

प्रश्न 39. अब्दुल्ला सेठ का मुकदमा खत्म होने पर भी गांधीजी के द. अफ्रीका में रुकने का आग्रह वहां के हिन्दुस्तानी प्रवासियों ने क्यों किया?

(क) उन्हें गांधीजी से लगाव हो गया था

(ख) उन्हें दूसरे केस के लिए वकील चाहिए था

(ग) उन्हें भारतीयों के मताधिकार विधेयक के पारित होने से रोकने के लिए

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 40. गांधीजी पहले भारतीय थे जो नाटाल के सर्वोच्च न्यायालय में वकील बने। वे किस समय वहां वकील बने?

(क) 1893 (ख) 1894

(ग) 1895 (घ) 1896

प्रश्न 41. नाटाल इण्डियन कांग्रेस का जन्म कब हुआ था?

(क) सन 1893 (1 मई) (ख) सन 1895 (4 अगस्त)

(ग) सन 1893 (5 अक्तूबर) (घ) सन 1894 (22 मई)।

प्रश्न 42. नाटाल में जन्मे प्रवासी भारतीय युवकों के संगठन और हितवर्धन के लिए नाटाल कांग्रेस के अन्तर्गत किसकी स्थापना की गई?

(क) इण्डियन यूथ आर्गेनाइजेशन (ख) इंडियन एजुकेशनल ऐसोसिएशन

(ग) यूथ कांग्रेस (घ) इंडियन यूथ एजुकेशन।

प्रश्न 43. गिरमिटिया भारतीय मजदूरों ने नाटाल को समृद्ध प्राप्त बना दिया था। वे पांच वर्ष के अनुबन्ध से मुक्त होकर अच्छे बागवान व व्यापारी बन गए थे। उनकी समृद्धि से चिढ़ कर गोरे लोगों ने उन्हें वहां बसने से रोकने के लिए क्या चाल चली?

(क) उन्हें मारपीट कर जबरदस्ती भारत भेज दिया

(ख) उनसे जमीनें छीन ली

(ग) उनके सभी व्यापारी काम-धन्धे छीन लिए

(घ) उनकी 3 पौंड से अधिक आय पर कर लगाया।

प्रश्न 44. द. अफ्रीका सरकार ने कब भारतीयों व एशिया वासियों की 3 पौंड से अधिक आय पर आयकर लगाने का कानून रद्द किया?

(क) सन 1914 (ख) सन 1915

(ग) सन 1916 (घ) सन 1917

प्रश्न 45. किससे प्रभावित होकर गांधीजी ने भी आश्रम की स्थापना करने की सोची और आगे चलकर कई आश्रमों की स्थापना की?

(क) डर्बन में स्थित कैथोलिक सम्प्रदाय के शाकाहारी समाज के मठ से

(ख) हिन्दू पुराणों में ऋषि-मुनियों के आश्रमों से

(ग) सभी भारतीयों को एकता सूत्र में बांधने के लिए

(घ) भेदभाव की नीति के खिलाफ।

प्रश्न 46. द. अफ्रीका में गांधीजी ने अश्वेतों के साथ मिलकर किस कानून के विरुद्ध आवाज उठायी?

(क) रोजगार के कानून (ख) वेशभूषा

(ग) रंगभेद के कारण बने कानून (घ) जमीन खरीदने।

प्रश्न 47. तीन साल द. अफ्रीका रहने के बाद गांधीजी ने सोचा कि उन्हें वहीं रहना चाहिए क्योंकि वहां के भारतीयों को उनकी जरूरत है। इसलिए वे अपनी पत्नी और बच्चों को भी द. अफ्रीका लाने के लिए 1896 में भारत लौटे। वे कितने समय के लिए भारत आये थे?

(क) तीन महीने (ख) छः महीने

(ग) नौ महीने (घ) एक साल।

प्रश्न 48. गांधीजी सन 1896 (मई) में भारत रवाना हुए। वे किस जहाज से नाटाल से कलकत्ता तक गए?

(क) कूरलैण्ड (ख) ओशियाना

(ग) नादरी (घ) पोगोला।

प्रश्न 49. गांधीजी ने 1896 में नाटाल से कलकत्ता तक की यात्रा कितने दिनों में तय की?

(क) 10 दिन (ख) 12 दिन

(ग) 24 दिन (घ) 26 दिन।

प्रश्न 50. सन 1896 में, जब गांधीजी अपनी पत्नी व बच्चों को लेने के लिए छः महीने को स्वदेश लौट रहे थे तब उन्होंने स्टीमर में कौन सी भाषा सीखी?

(क) बंगला (ख) तमिल

(ग) उर्दू (घ) दोनों (ख), (ग) तमिल और उर्दू।

प्रश्न 51. 1896 में कलकत्ता से बम्बई आते हुए उन्हें प्रयाग में एक दिन ठहरना पड़ा। यहां वे किससे मिले?

(क) ‘पाइनियर’ अखबार के सम्पादक से

(ख) गोपाल कृष्ण गोखले से

(ग) सर फिरोजशाह मेहता से

(घ) टाइम्स ऑफ इंडिया के लेखक से।

प्रश्न 52. सन 1896 में भारत लौटने पर गांधीजी ने राजकोट में एक पुस्तिका लिखी जिसमें उन्होंने द. अफ्रीका में हिन्दुस्तानियों की स्थिति का वर्णन किया। यह पुस्तिका किस नाम से प्रसिद्ध हुई?

(क) द. अफ्रीका में भारतीय (ख) हरी पुस्तिका

(ग) गिरमिटियों की स्थिति (घ) लाल पुस्तिका।

प्रश्न 53. हरी पुस्तिका की कितनी प्रतियां छापी गई?

(क) एक हजार (ख) पांच हजार

(ग) दस हजार (घ) बीस हजार।

प्रश्न 54. उन्हीं दिनों बम्बई में प्लेग की बीमारी फैली। इसके लिए गांधीजी ने क्या अभियान शुरू किया?

(क) एक अस्पताल खोला

(ख) लोगों को बीमारी की शिक्षा दी

(ग) घर व बाहर सफाई का कार्यक्रम रखा

(घ) शहर खाली करने पर जोर दिया।

प्रश्न 55. गांधीजी द. अफ्रीका के मामले में भारतीय नेताओं की सहानुभूति प्राप्त करना चाहते थे। इसलिए वे सबसे पहले किससे मिले?

(क) गोपाल कृष्ण गोखले (ख) न्यायमूर्ति रानाडे

(ग) बदरुद्दीन तैयब जी (घ) दोनों (ख) व (ग)।

प्रश्न 56. न्यायमूर्ति रानाडे और बदरुद्दीन तैयब जी ने गांधीजी की बातें धैर्य से सुनी तथा उन्हें किससे मिलने की सलाह दी?

(क) सर फिरोजशाह मेहता (ख) गोपाल कृष्ण गोखले

(ग) बाल गंगाधर तिलक (घ) प. मोती लाल नेहरू।

प्रश्न 57. गांधीजी को भाषण लिखकर बोलने की सलाह किसने दी थी?

(क) रानाडे (ख) सर फिरोजशाह मेहता

(ग) बदरुद्दीन तैयब जी (घ) केशवराव देशपाण्डे।

प्रश्न 58. गांधीजी पहली बार लोकमान्य तिलक से कहां पर मिले?

(क) पूना (ख) कलकत्ता

(ग) बम्बई (घ) काशी।

प्रश्न 59. गांधीजी अपने परिवार सहित बम्बई से द. अफ्रीका किसके स्टीमर में गए थे?

(क) करीम सेठ (ख) फिरोजशाह मेहता

(ग) बदरुद्दीन तैयब जी (घ) दादा अब्दुल्ला।

प्रश्न 60. गांधीजी ने अपने परिवार को पहली द. अफ्रीका यात्रा में कैसी वेशभूषा पहनायी थी?

(क) काठियावाडी बनियों सी (ख) बंगाली वेशभूषा

(ग) पारसी वेशभूषा (घ) यूरोपियन पोशाक।

प्रश्न 61. डरबन पहुंचने पर बन्दरगाह में यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच क्यों हुई?

(क) कोई रास्ते की तकलीफों से बीमार न हो

(ख) भारतीयों को वापस भेजने का बहाना

(ग) प्लेग या किसी छुआछूत की बीमारी से ग्रसित न हो

(घ) दोनों (ख) और (ग)।

प्रश्न 62. किस दिन गांधीजी और उनका परिवार डरबन में जहाज से उतरे?

(क) 13 जनवरी, 1897 (ख) 7 फरवरी, 1897

(ग) 14 फरवरी, 1897 (घ) 1 मई, 1897

प्रश्न 63. किसने जहाज के कप्तान के पास संदेश भेजा कि गांधीजी और उनके परिवार को शाम के समय उतारा जाए क्योंकि यूरोपियन बहुत उत्तेजित थे?

(क) मि. लाॅटन (ख) मन्त्री मि. ऐस्कम

(ग) अब्दुल्ला सेठ (घ) मि. बेकर।

प्रश्न 64. बाद में किसने कप्तान से कहा कि यदि गांधीजी राजी हों तो वे उन्हें सुरक्षित पर पहुंचाने का जिम्मा ले सकते हैं?

(क) रुस्तम सेठ (ख) पुलिस सुपरिटेण्डेण्ट

(ग) मि. लाॅटन (घ) मि. बेकर।

प्रश्न 65. जब गांधीजी को गोरे लोगों की उत्तेजित भीड़ मार रही थी तब किसने उन्हें बचाने के कोशिश की?

(क) मि. बेकर (ख) मि. ऐस्कम

(ग) मि. लाॅटन (घ) श्रीमती एलैक्जेण्डर (सुपरिटेण्डेण्ट की पत्नी)।

प्रश्न 66. गांधीजी के डरबन पहुंचने पर गोरे उनके प्रति हिंसक थे और उन्हें वापस हिन्दुस्तान भेजना चाहते थे या उनके प्राणों के प्यासे हो गए थे। तब पुलिस सुपरिटेण्डेण्ट ने गांधीजी को उनके किस मित्र के घर बचा कर पहुंचाया?

(क) रामस नायडू (ख) पारसी रुस्तम जी

(ग) तैयब जी (घ) अब्दुल्ला सेठ।

प्रश्न 67. पारसी रुस्तम जी के घर से गांधीजी को किस वेशभूषा में गोरे लोगों के आक्रोश से बचाने के लिए निकालना पड़ा?

(क) भारतीय व्यापारी (ख) पारसी

(ग) मद्रासी मजदूर (घ) भारतीय सिपाही।

प्रश्न 68. गांधीजी के कितने पुत्र थे।

(क) तीन (ख) पांच

(ग) चार (घ) छः।

प्रश्न 69. गांधीजी के कितने पुत्र हिन्दुस्तान में पैदा हुए थे?

(क) दो (ख) तीन

(ग) एक (घ) चार।

प्रश्न 70. गांधीजी के कितने पुत्र द. अफ्रीका में पैदा हुए?

(क) चार (ख) एक

(ग) दो (घ) कोई नहीं।

प्रश्न 71. गांधीजी के तीसरे पुत्र का नाम क्या रखा गया?

(क) हरिलाल (ख) रामदास

(ग) देवदास (घ) मणिलाल।

प्रश्न 72. गांधीजी के चैथे पुत्र का क्या नाम रखा गया?

(क) हरिलाल (ख) रामदास

(ग) देवदास (घ) मणिलाल।

प्रश्न 73. गांधीजी के चारों पुत्रों में से कौन अहमदाबाद हाई स्कूल में पढ़ने के लिए भारत लौट आया था?

(क) पहला पुत्र, हरिलाल (ख) दूसरा पुत्र, मणिलाल

(ग) तीसरा पुत्र, रामदास (घ) चौथा पुत्र, देवदास।

प्रश्न 74. गांधीजी के छोटे तीनों पुत्रों की शिक्षा कैसे हुई?

(क) ईसाई मिशनरी स्कूल में (ख) हिन्दुस्तान भेजा गया

(ग) घर पर ही भाषा ज्ञान कराया (घ) मदरसे भेजा गया।

प्रश्न 75. गांधीजी जब दूसरी बार द. अफ्रीका आए तो वहां कितने समय के लिए ठहरे?

(क) दो वर्ष (ख) पांच वर्ष

(ग) चार वर्ष (घ) एक वर्ष।

प्रश्न 76.पारसी रुस्तम जी के बनवाये अस्पताल में किस लोक सेवी डाक्टर के सहायक के रूप में गांधीजी ने कार्य आरम्भ किया था?

(क) डा. स्टीफन (ख) डा. ब्लैक

(ग) डा. आरनाल्ड (घ) डा. बूथ।

प्रश्न 77. गांधीजी किसे अपना राजनैतिक गुरु मानते थे?

(क) गोपाल कृष्ण गोखले (ख) फिरोजशाह मेहता

(ग) वल्लभभाई पटेल (घ) लोकमान्य तिलक।

प्रश्न 78. द. अफ्रीका में किस व्यक्ति का आध्यात्मिक प्रभाव गांधीजी पर पड़ा?

(क) रस्किन (ख) टालस्टाय

(ग) रायचन्द्र भाई (घ) केलन बैक।

प्रश्न 79. द. अफ्रीका में गांधीजी का किस महान लेखक से पत्राचार हुआ?

(क) रोमारोलां (ख) टालस्टाय

(ग) रस्किन (घ) पोलाक।

प्रश्न 80. द. अफ्रीका में किस पुस्तक ने गांधीजी की विचारधारा को क्रांतिकारी मोड़ दिया।

(क) रस्किन की अन-टू-दिस लास्ट (ख) जनचेतना

(ग) गेट द लिर्बटी (घ) नव जागरण।

प्रश्न 81. टालस्टाय द्वारा लिखित किस पुस्तक ने गांधीजी के जीवन पर गहरी छाप डाली?

(क) वार एंड पीस (ख) आत्मकथा

(ग) द लास्ट टेस्टामेंट (घ) स्वर्ग तेरे हृदय में।

प्रश्न 82. गांधीजी ने द. अफ्रीका में अंग्रेजी व अन्य तीन भारतीय भाषाओं में कौन सी पत्रिका निकाली?

(क) भारत जागरण (ख) सत्य की खोज

(ग) इंडियन ओपीनियन (घ) अहिंसा धर्म।

प्रश्न 83. बोअर युद्ध में गांधीजी ने ब्रिटिश सरकार की किस प्रकार सहायता की?

(क) सैनिकों को हथियार भेजकर

(ख) रेडक्रास की शाखा खोलकर

(ग) सैनिकों के लिए रसद पहंुचाकर

(घ) सेना में भर्ती होकर।

प्रश्न 84. बोअर युद्ध में किस वर्ष गांधीजी ने रेडक्रास की शाखा खोलकर सहायता की?

(क) 1888 (ख) 1894

(ग) 1889 (घ) 1899

प्रश्न 85. नेटाल में आदिवासियों का विद्रोह किस वर्ष हुआ?

(क) 1900 (ख) 1902

(ग) 1901 (घ) 1903

प्रश्न 86. 1901 में नेटाल में जब आदिवासियों ने विद्रोह किया तब गांधीजी ने किस प्रकार युद्ध में सहायता की?

(क) सैनिकों की सेवा सुश्रुषा द्वारा

(ख) युद्ध में भारतीय सिपाही भेजकर

(ग) युद्ध में खाने-पीने का सामान भेजकर

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 87. गांधीजी अपने परिवार सहित दूसरी बार फिर कब भारत रवाना हुए?

(क) 1895 (ख) 1896

(ग) 1900 (घ) 1901

प्रश्न 88. भारत आकर गांधीजी ने अपने परिवार को राजकोट छोड़ा और स्वयं कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन में भाग लेने कहां गए?

(क) बम्बई (ख) कलकत्ता

(ग) पूना (घ) दिल्ली।

प्रश्न 89. कलकत्ता में गांधीजी को किसके साथ एक माह रहने का निमन्त्रण मिला?

(क) फिरोजशाह मेहता (ख) पं. जवाहर लाल नेहरू

(ग) गोपाल कृष्ण गोखले (घ) प्रफुल्लचन्द्र राय।

प्रश्न 90. कलकत्ता में गोपाल कृष्ण गोखले के अलावा गांधीजी की मुलाकात किससे हुई जिनके साथ उनका जीवन भर का सम्बन्ध जुड़ गया?

(क) डाॅ. प्रफुल्लचन्द्र राय (ख) लोकमान्य तिलक

(ग) महादेव देसाई (घ) मोती लाल नेहरू।

प्रश्न 91. कलकत्ते में कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन तथा गोपाल कृष्ण गोखले के साथ एक महीना बिताने के पश्चात गांधीजी कहां गए?

(क) पूना (ख) बम्बई

(ग) लाहौर (घ) वाराणसी।

प्रश्न 92. पारम्परिक काठियावाड़ी वेशभूषा का त्याग कर, गांधीजी ने न्यूनतम वस्त्रों को अपनाने का निर्णय भारत में कहां लिया?

(क) अहमदाबाद (ख) बम्बई

(ग) वाराणसी (घ) दिल्ली।

प्रश्न 93. यह निर्णय उन्होंने क्यों लिया?

(क) देश में व्याप्त गरीबी देखकर (ख) मौसम के कारण

(ग) राजनैतिक उद्देश्य से (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 94. वाराणसी आकर गांधीजी ने किससे भेंट की?

(क) स्वामी विवेकानन्द (ख) एनी बेसेन्ट

(ग) वल्लभभाई पटेल (घ) प्रफुल्लचन्द्र राय।

प्रश्न 95. गांधीजी अपने परिवार सहित बम्बई क्यों चले गए?

(क) वहां वकालत करने के लिए

(ख) राजनेताओं से सम्पर्क के लिए

(ग) सार्वजनिक कार्यों में भाग लेने के लिए

(घ) दोनों (क), (ग)।

प्रश्न 96. एक साल के अन्दर ही गांधीजी को द. अफ्रीका से बुलावा आ गया। वे अपने साथ किसे द. अफ्रीका ले गए?

(क) मगनलाल (ख) कुछ युवकों को

(ग) परिवार को (घ) दोनों (क), (ख)।

प्रश्न 97. उन्हीं दिनों अनुबन्ध मुक्त गिरमिटिया भारतीय प्रवासियों की बस्ती में प्लेग की बीमारी फैल गई। इस बस्ती को क्या कहा जाता था?

(क) गिरमिटिया (ख) कुली लोकेशन

(ग) इंडियन लोकेशन (घ) गिरमिटिया स्ट्रीट।

प्रश्न 98. प्लेग के कारण भारतीय प्रवासियों की बस्ती को खाली कराया गया। गांधीजी ने म्युनिसिपैलिटी के विरुद्ध समाचार-पत्रों में लिखा। इस पत्र के कारण उनका परिचय किससे हुआ?

(क) केनलबैक (ख) हेनरी पोलाक

(ग) जोसेफ डोक (घ) दोनों (ख), (ग)।

प्रश्न 99. किसने सबसे पहले गांधीजी की जीवनी लिखी थी?

(क) हेनी पोलाक (ख) जोसेफ डोक

(ग) रोमांरोलां (घ) रामलाल विवेक।

प्रश्न 100. द. अफ्रीका में गांधीजी के कौन दो घनिष्ठ विदेशी मित्र सहयोगी थे?

(क) कैलन बैक तथा हेनरी पोलाक (ख) हैंस व लियिम

(ग) रस्किन व टालस्टाय (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 101. किस वर्ष जोहान्सबर्ग में प्लेग से लड़ने के लिए गांधीजी ने तत्काल एक अस्पताल खोला?

(क) 1904 (ख) 1905

(ग) 1906 (घ) 1907

प्रश्न 102. द. अफ्रीका में गांधीजी के सैर के साथी कौन थे?

(क) पोलाक (ख) जोसेफ डोक

(ग) अलबर्ट बैस्ट (घ) जनरल स्मट्स।

प्रश्न 103. जब गांधीजी भारतीय प्रवासियों की बस्ती में महामारी के दिनों में सेवा-सुश्रुषा में व्यस्त थे तब उन्होंने 'इंडियन ओपीनियन' नामक अखबार का काम संभालने के लिए किसे डर्बन भेजा था?

(क) मगनलाल (ख) पोलाक

(ग) कैनलबैक (घ) अलबर्ट बैस्ट।

प्रश्न 104. गांधीजी को रस्किन की पुस्तक ''अन्टू दिस लास्ट'' किसने पढ़ने के लिए दी थी?

(क) कैनलबैक (ख) पोलाक

(ग) अलबर्ट बैस्ट (घ) जोसेफ डोक।

प्रश्न 105. गांधीजी ने किस पुस्तक का अनुवाद ''सर्वोदय'' पुस्तक के रूप में किया?

(क) रस्किन की ''अन्टू दिस लास्ट'' (ख) प्ली फार वेजिटेरियाजिन्म

(ग) सरमन ऑन द माऊट (घ) स्वर्ग तेरे हृदय में।

प्रश्न 106. द. अफ्रीका में किस स्थान पर गांधीजी ने अपने अनुयायियों के साथ एक फार्म की स्थापना की?

(क) डर्बन (ख) प्रिटोरिया

(ग) जोहान्सबर्ग (घ) फीनिक्स।

प्रश्न 107. फीनिक्स आश्रम की स्थापना कब हुई?

(क) 1901 (ख) 1904

(ग) 1906 (घ) 1910।

प्रश्न 108. फीनिक्स आश्रम के लिए गांधीजी ने कुल कितनी एकड़ जमीन खरीदी?

(क) 20 एकड़ (ख) 60 एकड़

(ग) 100 एकड़ (घ) 120 एकड़।

प्रश्न 109. फीनिक्स के लिए जमीन कितने मूल्य में खरीदी गई?

(क) 500 पौंड (ख) 800 पौंड

(ग) 300 पौंड (घ) 1000 पौंड।

प्रश्न 110. द. अफ्रीका में जुलू विद्रोह कब हुआ?

(क) 1904 (ख) 1906

(ग) 1908 (घ) 1910

प्रश्न 111. जुलू विद्रोह में गांधीजी ने अपना सहयोग किस प्रकार दिया?

(क) अंग्रेजों के साथ मिलकर जुलू विद्रोहियों को मार भगाया

(ख) जुलू विद्रोहियों के साथ मिलकर गोरों के खिलाफ आवाज उठाई।

(ग) घायल जुलू लोगों की सेवा-सुश्रुषा द्वारा

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 112. भारतीय जनता ने किस वर्ष द. अफ्रीका सरकार द्वारा लागू किए गए एक नये कानून के लिए सविनय अवज्ञा घोषित की?

(क) सितम्बर, 1906 (ख) सितम्बर, 1907

(ग) अक्तूबर, 1907 (घ) फरवरी, 1908।

प्रश्न 113. गांधीजी ने भारतीय जनता को इकट्ठा कर द. अफ्रीका सरकार द्वारा एशियावासियों के लिए बनाये गए कानून की सविनय अवज्ञा किस स्थान पर की?

(क) डरबन (ख) जोहान्सबर्ग

(ग) नेटाल (घ) फीनिक्स।

प्रश्न 114. जब गांधीजी द. अफ्रीका में थे तब वहां के शासन प्रमुख कौन थे?

(क) जनरल ब्लैक (ख) जनरल हैंस

(ग) जनरल स्मट्स (घ) जनरल विलियम।

प्रश्न 115. गांधीजी ने व्रत के रूप में ब्रह्मचर्य का पालन कब से आरम्भ किया?

(क) 1900 (ख) 1906

(ग) 1904 (घ) 1908

प्रश्न 116. गांधीजी को पहली बार जेल का अनुभव कब और कहां हुआ?

(क) 1897 (भारत में) (ख) 1908 (द. अफ्रीका में)

(ग) 1912 (द. अफ्रीका में) (घ) 1915 (भारत में)।

प्रश्न 117. किस दिन गांधीजी तथा जनरल स्मट्स के बीच समझौता वार्ता हुई।

(क) 7 दिसम्बर, 1907 (ख) 1 जनवरी, 1908

(ग) 15 जनवरी, 1908 (घ) 30 जनवरी, 1908

प्रश्न 118. गांधीजी किस दिन जनरल स्मट्स से समझौते के अन्तर्गत अपना पंजीकरण कराने के लिए गए?

(क) 10 फरवरी, 1908 (ख) 15 मार्च, 1908

(ग) 11 मार्च, 1908 (घ) 30 मार्च, 1908

प्रश्न 119. जब गांधीजी अपनी दसों उंगलियों की निशानी द्वारा रजिस्ट्री करवाने के लिए जा रहे थे तब किसने उन पर वार करके घायल किया?

(क) मीर कासिम (ख) शेख मुहम्मद

(ग) गुलाम मोहम्मद (घ) मीर आलम पठान।

प्रश्न 120. गांधीजी व जनरल स्मट्स के समझौते के अनुसार प्राप्त नये अनुमति पत्रों की होली क्यों जलाई गई?

(क) अनुमति पत्रों की आवश्यकता नहीं थी

(ख) सभी भारतीय हिन्दुस्तान लौट रहे थे

(ग) गोरी सरकार वायदे के मुताबिक काले कानून को वापस लेने से मुकर गई।

(घ) अनुमति पत्र झूठे थे।

प्रश्न 121. लंदन से गांधीजी अपने साथी के साथ समुद्री जहाज से दक्षिण अफ्रीका गए। यात्रा के दौरान उन्होंने कौन सी पुस्तिका लिखी जिसमें भावी स्वतंत्र भारत की कल्पना की गई?

(क) हिन्द स्वराज्य (ख) स्वतंत्र भारत

(ग) मातृभूमि (घ) मेरा देश।

प्रश्न 122. टाॅलस्टाय आश्रम की स्थापना कब हुई?

(क) 1905 (ख) 1910

(ग) 1912 (घ) 1915।

प्रश्न 123. टालस्टाय आश्रम में क्या शिक्षा दी जाती थी?

(क) खेती (ख) बागवानी

(ग) दस्तकारी (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 124. गांधीजी के किस मित्र की जायदाद पर टालस्टाय आश्रम की स्थापना हुई?

(क) कैलनबैक (ख) अब्दुल्ला सेठ

(ग) पारसी रुस्तम (घ) पोलाक।

प्रश्न 125. द. अफ्रीका में गांधीजी द्वारा स्थापित दो आश्रम कौन से हैं?

(क) सत्याग्रह और साबरमती (ख) फीनिक्स और टालस्टाय

(ग) सेवाग्राम व मगनवाडी (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 126. द. अफ्रीका में गांधीजी के तीसरे पुत्र रामदास का जन्म कब हुआ था?

(क) 1895 (ख) 1897

(ग) 1899 (घ) 1900

प्रश्न 127. रामदास गांधी के कितनी सन्तानें हुईं?

(क) तीन (ख) पांच

(ग) छः (घ) सात।

प्रश्न 128. गांधीजी के चैथे पुत्र देवदास गांधी का जन्म कब हुआ था?

(क) 1898 (ख) 1899

(ग) 1900 (घ) 1901

प्रश्न 129. देवदास गांधी के कितनी सन्तानें हुईं?

(क) पांच (ख) चार

(ग) तीन (घ) दो।

प्रश्न 130. द. अफ्रीका से आते समय गांधीजी ने जनरल स्मट्स को क्या भेंट दी थी?

(क) खादी की चादर

(ख) अपने हाथों से बनाई एक जोड़ी चप्पल

(ग) पारसी वेशभूषा (घ) शंख।

प्रश्न 131. सन 1893 में गांधीजी द. अफ्रीका एक वर्ष के लिए आये थे। किस दिन उन्होंने द. अफ्रीका से विदाई ली?

(क) 25 जनवरी, 1914 (ख) 5 मार्च, 1914

(ग) 18 जुलाई, 1914 (घ) 15 दिसम्बर, 1914

प्रश्न 132. द. अफ्रीका से गांधीजी कहां के लिए रवाना हुए?

(क) भारत (ख) पेरिस

(ग) इटली (घ) लंदन।

प्रश्न 133. किस दिन गांधीजी अपनी मातृभूमि की सेवा के लिए लंदन से भारत को रवाना हुए?

(क) 9 नवम्बर, 1914 (ख) 19 दिसम्बर, 1914

(ग) 31 दिसम्बर, 1914 (घ) 9 जनवरी, 1915

प्रश्न 134. गांधीजी के चाचा के पोते का नाम मगनलाल गांधी था। मगनलाल गांधी ने गांधीजी के साथ कब से काम करना आरम्भ किया?

(क) 1915 (ख) 1910

(ग) 1904 (घ) 1902

प्रश्न 135. गांधी परिवार के किस सदस्य ने अपना जीवन द. अफ्रीका में गांधीजी के कार्यों को चलाने में लगा दिया?

(क) मगनलाल गांधी (ख) मणिलाल गांधी

(ग) देवदास गांधी (घ) कनु गांधी।

प्रश्न 136. गांधीजी की कौन सी पोती द. अफ्रीका में बस गई?

(क) आभा गांधी (ख) तारा भट्टाचार्य

(ग) ईसा रामगोबिन (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 137. गांधीजी ने पहली बार शाकाहार के बारे में एक अंग्रेजी पत्रिका 'दी वेजिटेरियन' में कुछ लेख लिखे। उस समय उनकी आयु कितनी थी?

(क) 21 वर्ष (ख) 22 वर्ष

(ग) 23 वर्ष (घ) 24 वर्ष।

प्रश्न 138. गांधीजी ने भारत में हरी पुस्तिका के वितरण के अलावा लोगों को द. अफ्रीका के विषय में विभिन्न शहरों में बैठकें बुलाकर भी शिक्षित किया। इसके लिए गांधीजी ने सबसे पहले किस शहर को चुना?

(क) कलकत्ता (ख) दिल्ली

(ग) बम्बई (घ) मद्रास।

प्रश्न 139. किस स्थान पर गांधीजी को भारत में द. अफ्रीका आंदोलन के लिए जनता द्वारा उत्साहवर्धक योगदान मिला?

(क) अहमदाबाद (ख) सूरत

(ग) कलकत्ता (घ) मद्रास।

प्रश्न 140. दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी द्वारा प्रथम बार कब हड़ताल की गई।

(क) 10 सितम्बर, 1908 (ख) 7 अगस्त, 1908

(ग) 29 जुलाई, 1908 (घ) 23 जुलाई, 1908

प्रश्न 141. द. अफ्रीका में गांधीजी अपना अधिकतम समय सत्याग्रह के संघर्ष में लगाने लगे। अतः उन्होंने कानून के अभ्यास को कब छोड़ दिया?

(क) 1911 (ख) 1910

(ग) 1909 (घ) 1908

प्रश्न 142. गांधीजी द. अफ्रीका में कुल कितने समय तक ठहरे?

(क) 15 वर्ष (ख) 17 वर्ष

(ग) 19 वर्ष (घ) 21 वर्ष।

प्रश्न 143. द. अफ्रीका में संघर्ष के दौरान गांधीजी कितनी बार गिरफ्रतार हुए?

(क) चार बार (ख) छः बार

(ग) आठ बार (घ) नौ बार।

प्रश्न 144. द. अफ्रीका में गांधीजी को पहली बार जेल जाने की सजा कब दी गई?

(क) 10 जनवरी, 1908 (ख) 24 मार्च, 1912

(ग) 21 अगस्त, 1910 (घ) 7 अक्तूबर, 1915

प्रश्न 145. द. अफ्रीका में गांधीजी को प्रथम बार कितने समय की जेल की सजा सुनाई गई?

(क) दो महीने (ख) चार महीने

(ग) छः महीने (घ) नौ महीने।

प्रश्न 146. जनरल स्मट्ज ने किसे गांधीजी से जेल में वार्ता संधि के लिए भेजा था?

(क) विलियम होस्कन (ख) एल्बर्ट कार्टराइट

(ग) जोरडन (घ) एसोप मिआन।

प्रश्न 147. ट्रांसवाल में रहने वाले भारतीयों में से करीब कितने प्रतिशत सत्याग्रह संघर्ष के दौरान ट्रांसवाल की जेलों में डाल दिए गए?

(क) 50 प्रतिशत (ख) 33 प्रतिशत

(ग) 25 प्रतिशत (घ) 20 प्रतिशत।

खण्ड - III

भारत में महात्मा गांधी (1915-1948)

प्रश्न 1. द. अफ्रीका में सन 1914 की सत्याग्रह की लड़ाई के बाद किसकी इच्छानुसार गांधीजी को वापस हिन्दुस्तान लौटना था?

(क) लोकमान्य तिलक (ख) लक्ष्मीदास गांधी

(ग) गोपाल कृष्ण गोखले (घ) सर फिरोजशाह मेहता।

प्रश्न 2. द. अफ्रीका में भारतीयों के लिए सत्याग्रह की लड़ाई समाप्त करने के बाद गांधीजी कब भारत (बम्बई) पहुंचे?

(क) 9 जनवरी, 1915 (ख) 26 जनवरी, 1915

(ग) 10 फरवरी, 1915 (घ) 20 फरवरी, 1915

प्रश्न 3. द. अफ्रीका से बम्बई पहुंचने पर गांधीजी ने कौन-सी पोशाक पहनी थी?

(क) गिरमिटिया मजदूरों सी (ख) विलायती सूट

(ग) पारसी वेशभूषा (घ) काठियावाडी।

प्रश्न 4. बम्बई आने के बाद गांधीजी गोखले से मिलने के लिए कहां गए?

(क) मद्रास (ख) पूना

(ग) कलकत्ता (घ) कानपुर।

प्रश्न 5. द. अफ्रीका से आने के बाद गांधीजी विशेषतः किनसे मिलने गए और कहां?

(क) जवाहरलाल नेहरू (आनन्द भवन)

(ख) लक्ष्मीदास गांधी (राजकोट)

(ग) रवीन्द्रनाथ ठाकुर (शांति निकेतन)

(घ) रैलियत बैन (बम्बई)।

प्रश्न 6. किसने गांधीजी से कहा कि पहले एक वर्ष तक उन्हें देश का भ्रमण करना चाहिए और किसी भी सार्वजनिक विषय पर अपना विचार प्रकट नहीं करना चाहिए?

(क) वल्लभभाई पटेल (ख) गोपाल कृष्ण गोखले

(ग) राजेन्द्र प्रसाद (घ) लोकमान्य तिलक।

प्रश्न 7. गांधीजी को गोखले के निधन का समाचार कहां मिला?

(क) शांति निकेतन में (ख) गुरुकुल कांगडी में

(ग) राजकोट में (घ) बम्बई में।

प्रश्न 8. द. अफ्रीका से देश लौटने के बाद एक साल तक गांधीजी ने किसी भी सार्वजनिक या राजनैतिक विषय पर अपने विचार प्रकट नहीं किए। एक वर्ष के उपरान्त उन्होंने पहली बार कब और कहां सार्वजनिक भाषण दिया?

(क) 6 जनवरी, 1916 (कांग्रेस अधिवेशन)

(ख) 4 फरवरी, 1916 (बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी)

(ग) 15 मार्च, 1916 (बम्बई)

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 9. गोखले की उत्तरक्रिया में सम्मिलित होने के लिए गांधीजी कहां गए?

(क) बम्बई (ख) कलकत्ता

(ग) मद्रास (घ) पूना।

प्रश्न 10. गांधीजी किसे अपना राजनीतिक गुरु मानते थे?

(क) सर फिरोजशाह मेहता (ख) पं. मोतीलाल नेहरू

(ग) गोपाल कृष्ण गोखले (घ) सरदार वल्लभ भाई पटेल।

प्रश्न 11. किसकी शोक सभा में उनकी याद में गांधीजी ने एक वर्ष तक नंगे पैर रहने का व्रत किया?

(क) अपनी माता की मृत्यु पर

(ख) गोपाल कृष्ण गोखले की मृत्यु पर

(ग) अपने पिता की मृत्यु पर (घ) अपने बहनाई की मृत्यु पर।

प्रश्न 12. गांधीजी पूना में गोखले से मिलने के पश्चात अपने सम्बंधियों से मिलने कहां गए?

(क) राजकोट (ख) अहमदाबाद

(ग) दिल्ली (घ) बम्बई।

प्रश्न 13. बढबाण स्टेशन पर गांधीजी की मुलाकात किससे हुई थी?

(क) गोखले (ख) लोकमान्य तिलक

(ग) मगनलाल (घ) दर्जी मोतीलाल।

प्रश्न 14. सत्याग्रह आश्रम की स्थापना कब हुई?

(क) 25 अक्तूबर, 1915 (ख) 10 जुलाई, 1915

(ग) 25 मई, 1915 (घ) 15 नवम्बर, 1915

प्रश्न 15. सत्याग्रह आश्रम की स्थापना कहां पर हुई?

(क) हरिद्वार के निकट गुरुकुल कांगड़ी (ख)रंगून में

(ग) ऋषिकेश में

(घ) अहमदाबाद के निकट कोचरब में।

प्रश्न 16. सत्याग्रह आश्रम का दूसरा नाम क्या पड़ा?

(क) फीनिक्स आश्रम (ख) साबरमती आश्रम

(ग) शांति निकेतन (घ) टालस्टाय आश्रम।

प्रश्न 17. गांधीजी किस प्रकार के इलाज में विश्वास रखते थे?

(क) अंग्रेजी चिकित्सा (ख) शल्य चिकित्सा

(ग) प्राकृतिक चिकित्सा (घ) मन्त्र चिकित्सा।

प्रश्न 18. साबरमती नदी के किनारे आश्रम के लिए एक स्थायी स्थान का प्रबन्ध कर दिया गया। तब गांधी जी अपने परिवार और मित्रों के साथ सत्याग्रह आश्रम से इस आश्रम में आ गए। इस आश्रम का क्या नाम रखा गया?

(क) मगनवाड़ी (ख) साबरमती आश्रम

(ग) एकता आश्रम (घ) सत् आश्रम।

प्रश्न 19. साबरमती आश्रम को स्थापित होने के कितने वर्षों के उपरान्त बन्द कर दिया गया?

(क) 18 वर्षों के उपरान्त (ख) 20 वर्षों के उपरान्त

(ग) 25 वर्षों के उपरान्त (घ) 27 वर्षों के उपरान्त।

प्रश्न 20. गांधीजी को अहमदाबाद का आश्रम क्यों बदलना पड़ा?

(क) जंगली जानवरों के डर से (ख) डाक/तार सेवा के अभाव में

(ग) प्लेग फैलने के डर से (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 21. गांधीजी ने बन्धुआ मजदूरों के लिए भारत में अपना अभियान जारी किया। इस संदर्भ में उन्होंने अपना पहला भाषण कहां दिया?

(क) बम्बई (ख) पटना

(ग) कलकत्ता (घ) गोरखपुर।

प्रश्न 22. गांधीजी चम्पारन के दौरे पर कब गए?

(क) 7 मार्च, 1916 (ख) 10 अप्रैल, 1917

(ग) 15 मई, 1917 (घ) 9 अक्तूबर, 1917

प्रश्न 23. चम्पारन भारत के किस राज्य में है?

(क) बंगाल (ख) पंजाब

(ग) गुजरात (घ) बिहार।

प्रश्न 24. गांधीजी को चम्पारन आने का निमंत्रण किसने दिया था?

(क) पं. मालवीय जी (ख) जहांगीर पीटीट

(ग) मगनलाल गांधी (घ) राजकुमार शुक्ल।

प्रश्न 25. राजकुमार शुक्ल क्या काम करते थे?

(क) किसान (ख) पंचायत में पंच

(ग) अध्यापक (घ) समाज सेवक।

प्रश्न 26. तीन काठिया किसे कहते थे?

(क) चम्पारन के किसान अपनी भूमि के 3/20 भाग में नील की खेती उसके असल मालिकों के लिए करने को कानून से बंधे हुए थे

(ख) चम्पारन के सभी किसानों के पास तीन कट्ठे जमीन थी

(ग) चम्पारन के किसान अपनी खेती के तीसरे भाग को अपने मालिकों को दे दिया करते थे

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 27. चम्पारन संघर्ष के दौरान यदि गांधीजी को जेल हो जाती है तो उनके सहयोगियों ने उनके स्थान पर किसे आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए चुना था?

(क) ब्रजकिशोर प्रसाद (ख) मजहरूल हक

(ग) दोनों क, ख (घ) धीरेन्द्र।

प्रश्न 28. बिहार तथा उड़ीसा सरकार ने 13 जून, 1917 को चम्पारन जांच कमेटी नियुक्त की जिसमें गांधीजी इसके एक सदस्य थे। कमेटी को कितने समय में अपनी रिपोर्ट जमा करवानी थी?

(क) 1 महीना (ख) 2 महीने

(ग) 3 महीने (घ) 4 महीने।

प्रश्न 29. चम्पारन में तीन काटिया कानून को रद्द करवाने में गांधीजी के साथ किसका बहुत बड़ा हाथ था?

(क) सर एडवर्ड गेट (ख) मौलाना मजहरुल हक

(ग) डा. देव (घ) मगनलाल।

प्रश्न 30. जब गांधीजी ने यह महसूस किया कि उनके देशवासियों भाई-बहिनों के पास तन ढकने के लिए वस्त्र नहीं है तो उन्होंने स्वयं कैसे वस्त्र आजीवन धारण किए?

(क) खद्दर का धोती-कुर्ता (ख) सूती कुर्ता-पाजामा

(ग) सादे देशी सूत की धोती और एक चादर

(घ) सूती धोती व अंगरखा।

प्रश्न 31. द. अफ्रीका में गिरमिट प्रथा के समाप्त होने की सरकारी पोषणा कब हुई?

(क) 31 जुलाई, 1917 (ख) 31 अगस्त, 1912

(ग) 15 अगस्त, 1917 (घ) 31 सितम्बर, 1917

प्रश्न 32. अहमदाबाद में मजदूर संघ अर्थात मजदूरों की तनख्वाह बढ़वाने के बारे में गांधीजी को किसने पत्र लिखा था?

(क) ब्रज किशोर बाबू (ख) अनसूया बहन

(ग) मोहनलाल पंडया (घ) राजेन्द्र बाबू।

प्रश्न 33. मजदूर संघ ने मिल मालिकों से कितनी तनख्वाह बढ़ाने की मांग रखी थी?

(क) 66 प्रतिशत (ख) 50 प्रतिशत

(ग) 33 प्रतिशत (घ) 25 प्रतिशत।

प्रश्न 34. मजदूरों की तनख्वाह बढ़वाने व मालिकों और मजदूरों के बीच पंच निर्धारित करने की मांग के लिए गांधीजी ने मजदूरों की हड़ताल कितने समय तक चलाई?

(क) सात दिन (ख) इक्कीस दिन

(ग) चैदह (घ) अठाइस दिन।

प्रश्न 35. अहमदाबाद सत्याग्रह में गांधीजी ने मजदूरों की ओर से उपवास रखा। अतः मिल मालिकों के साथ समझौता तय हुआ। इसके अनुसार मिल मालिकों ने मजदूरों की कितनी तनख्वाह बढ़ाने का वायदा किया?

(क) 25 प्रतिशत (ख) 30 प्रतिशत

(ग) 35 प्रतिशत (घ) 40 प्रतिशत।

प्रश्न 36. अहमदाबाद कपड़ा मिल मालिकों ने 22 फरवरी, 1918 को तालाबन्दी कर दी। ऐसा कब तक रहा?

(क) 2 मार्च (ख) 8 मार्च

(ग) 11 मार्च (घ) 15 मार्च।

प्रश्न 37. अहमदाबाद का सत्याग्रह किन लोगों के लिए किया गया था?

(क) किसानों के लिए

(ख) कपड़ा मिल मजदूरों के लिए

(ग) गिरमिटिया मजदूरों के लिए

(घ) नील की खेती के किसानों के लिए।

प्रश्न 38. अन्त में अहमदाबाद कपड़ा मिल की हड़ताल करने के लिए किसको मध्यस्थ बनाया गया?

(क) आनन्द शंकर ध्रुव (ख) चन्दुलाल चमन लाल

(ग) अमृतलाल ठक्कर (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 39. गांधीजी को पत्र द्वारा किसने सूचित किया कि गुजरात के खेड़ा जिले में फसल नष्ट हो गइ्र है और लगान माफ कराने की जरूरत है?

(क) मोहन लाल पंड्या (ख) अनुसइया बाई

(ग) शंकर लाल पारीख (घ) दोनों (क), (ग)।

प्रश्न 40. गांधीजी के खेड़ा जिले आने से पूर्व किसने वहां की फसलों के नष्ट होने की जांच कर ली थी?

(क) अमृतलाल ठक्कर (ख) जी.के. दियोधर

(ग) एन.एम. जोशी (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 41. गांधीजी ने खेड़ा जिले में फसलों के नष्ट होने के विषय में करीब कितने गांवों का निरीक्षण स्वयं किया था?

(क) पच्चीस गांव (ख) पचास गांव

(ग) साठ गांव (घ) एक भी नहीं।

प्रश्न 42. खेड़ा में कानून था कि यदि फसल चार आना या उससे कम आए तो उस साल का लगान माफ किया जाएगा। और सरकारी अधिकारियों ने अंदाजा लगाया कि फसल चार आने से अधिक है परन्तु लोगों का कहना था कि फसल चार आने से कम थी। इसलिए खेड़ा के लोगों की मांग क्या थी?

(क) इस कानून को रद्द करने की

(ख) सरकार द्वारा लोगों की सहायता करने की

(ग) लोगों की ओर से पंच बैठने की (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 43. 'खेड़ा सत्याग्रह' में गांधीजी के एक प्रसि) सहयोगी थे?

(क) सरदार वल्लभभाई पटेल (ख) शंकरलाल बैंकर

(ग) लोकमान्य तिलक (घ) एनी बेसेन्ट।

प्रश्न 44. खेड़ा जिले के गांवों का दौरा करने के पश्चात उन्हें लगा कि किसानों की समस्या वास्तव में गंभीर है। इसमें लगान माफ करने के संबंध में गांधीजी ने सरकार को क्या सुझाव दिया था?

(क) पूरा माफ किया जाए (ख) तीन चैथाई माफ किया जाए

(ग) आधा माफ किया जाए (घ) एक तिहाई माफ किया जाए।

प्रश्न 45. खेड़ा का सत्याग्रह आंदोलन कितने समय तक चला?

(क) एक माह (ख) दो माह

(ग) तीन माह (घ) चार माह।

प्रश्न 46. प्याज की चोरी का सम्बन्ध किससे था?

(क) खेड़ा की लड़ाई से (ख) नील की खेती से

(ग) मजदूरों की हड़ताल से (घ) साम्प्रदायिक एकता से।

प्रश्न 47. प्याजचोर की पदवी किसे प्राप्त हुई?

(क) गांधीजी (ख) मोहन लाल पंड्या

(ग) अवन्तिका बाई (घ) वल्लभभाई पटेल।

प्रश्न 48. खेड़ा की लड़ाई का अन्त या परिणाम क्या निकला?

(क) सभी लोगों का लगान माफ कर दिया गया

(ख) सरकार ने सभी से जबरदस्ती लगान वसूल किया

(ग) लगान के बदले लोगों की जमीनें हड़प ली गई

(घ) अच्छी स्थिति वाले पाटीदारों को लगान अदा करने व गरीबों का लगान मुल्तवी करने को कहा गया।

प्रश्न 49. गांधीजी ने कर न देने का अपना अभियान कहां से आरंभ किया?

(क) खेड़ा (ख) चम्पारन

(ग) सूरत (घ) बारदोली।

प्रश्न 50. अहमदाबाद में मजदूरों की हड़ताल व खेड़ा के सत्याग्रह में गांधीजी की मुलाकात किससे हुई?

(क) वल्लभभाई पटेल (ख) शंकरलाल बैंकर

(ग) दोनों (क), (ख) (घ) लाला लाजपत राय।

प्रश्न 51. सन 1918 के महायुद्ध में इंग्लैण्ड पर संकट पड़ा तब गांधीजी ने युद्ध के लिए रंगरूटों की भरती का बीड़ा उठाया। ब्रिटिश सरकार ने युद्ध के बाद क्या करने का वायदा किया?

(क) भारत की जनता को युद्धोपरान्त स्वराज दिया जायेगा

(ख) भारतीय मुसलमानों को भरोसा दिया कि तुर्की के प्रति न्याय किया जाएगा।

(ग) भारतीयों को आर्थिक सहायता दी जाएगी।

(घ) दोनों (क) और (ख)।

प्रश्न 52. ब्रिटिश सरकार की सहायता के लिए गांधीजी ने लड़ाई में रंगरुटों की भर्ती का कार्य किस स्थान से आरम्भ किया?

(क) सूरत (ख) अहमदाबाद

(ग) खेड़ा (घ) राजकोट।

प्रश्न 53. किस दिन साबरमती आश्रम में राष्ट्रीय सत्याग्रह आंदोलन की प्रतिज्ञा ली गई?

(क) 7 फरवरी, 1918 (ख) 24 फरवरी, 1919

(ग) 28 मार्च, 1919 (घ) 7 अप्रैल, 1919

प्रश्न 54. रा ॅलट एक्ट के खिलाफ गांधीजी ने सत्याग्रह आंदोलन किस दिन आरम्भ किया?

(क) 6 फरवरी, 1919 (ख) 6 मार्च, 1919

(ग) 6 अप्रैल, 1919 (घ) 6 अगस्त, 1919

प्रश्न 55. सत्याग्रह शपथ पत्र पर कितने लोगों ने हस्ताक्षर किए?

(क) बारह (ख) सोलह

(ग) बीस (घ) चौबीस।

प्रश्न 56. रा ॅलट एक्ट के विरोध में देश व्यापी हड़ताल का विचार गांधीजी ने सबसे पहले किसे बताया?

(क) सी. राजगोपालाचारी (ख) महादेव देसाई

(ग) शंकरलाल बैंकर (घ) कस्तूरी रंगा आयंगार।

प्रश्न 57. रौलट एक्ट के खिलाफ किस प्रकार सत्याग्रह आंदोलन किया गया?

(क) प्रार्थना व उपवास (ख) भारत में हड़ताल

(ग) लूटपाट व हत्याएं (घ) दोनों (क) और (ख)।

प्रश्न 58. रौलट एक्ट के खिलाफ दिल्ली में कब हड़ताल हुई?

(क) 30 मार्च, 1919 (ख) 6 अप्रैल, 1919

(ग) 6 अगस्त, 1919 (घ) 30 अगस्त, 1919।

प्रश्न 59. गांधीजी द्वारा हड़ताल के आह्वान पर दिल्ली में निकले जुलूस में पुलिस और सेना द्वारा गांधीजी के किस सहयोगी तथा प्रसिद्ध राष्ट्र नेता पर प्राणघाती हमले हुए?

(क) अब्दुल गफ़्फ़ार खां (ख) स्वामी श्रद्धानंद

(ग) शौकत अली (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 60. 6 अप्रैल, 1919 को कौन-सी पुस्तकें सरकार द्वारा जब्त होने के बावजूद छापी और बेची गईं?

(क) नवजीवन और भारत की दशा (ख) हिन्दस्वराज और सर्वोदय

(ग) हरी पुस्तिका और भारतीय एकता (घ) आजादी और स्वतंत्रता।

प्रश्न 61. सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान सत्याग्रह सभा ने गांधीजी के किस निषेध पत्र को अपना विचार वाहक बनाया?

(क) हिन्द स्वराज (ख) सर्वोदय

(ग) सत्याग्रही की कहानी (घ) तीनों (क), (ख) (ग)।

प्रश्न 62. गांधीजी को किसने 6 अप्रैल, 1919 की हड़ताल के बाद दिल्ली आने का निमंत्रण दिया।

(क) सरोजिनी नायडू (ख) विट्ठलदास जेराजाणी

(ग) राजगोपालाचार्य (घ) स्वामी श्रद्धानन्द जी।

प्रश्न 63. 11 अप्रैल, 1919 को पंजाब में किसकी सेना ने कब्जा किया?

(क) लार्ड कर्जन (ख) जनरल विलियम

(ग) जनरल डायर (घ) लार्ड हार्डिंग।

प्रश्न 64. 13 अप्रैल, 1919 को जलियांवाला बाग में किसने मासूम जनता पर गोलियां चलाई?

(क) जनरल डायर की सेना ने (ख) लार्ड कर्जन की सेना ने

(ग) जनरल विलिगंडन की सेना ने (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 65. 13 अप्रैल, 1919 को कितने समय तक जनरल डायर की फौज ने जलियांवाला बाग में मासूम जनता पर गोलियों की बौछार की?

(क) 5 मिनट (ख) 10 मिनट

(ग) 15 मिनट (घ) 20 मिनट।

प्रश्न 66. जलियांवाला हत्याकांड में कितने लोग मारे गए?

(क) 100-200 लोग (ख) 500-600 लोग

(ग) 1000-1500 लोग (घ) 1600 लोग।

प्रश्न 67. गांधीजी ने 1919 की कांग्रेस की सभा में भाग लिया था। उसे वे अपनी कांग्रेस की राजनीति में शुरूआत मानते थे। यह अधिवेशन कहां पर हुआ था?

(क) लाहौर (ख) कलकत्ता

(ग) अमृतसर (घ) लखनऊ।

प्रश्न 68. गांधीजी पहली बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में कब सम्मिलित हुए थे?

(क) 1915 (ख) 1910

(ग) 1906 (घ) 1901

प्रश्न 69. किस दिन शान्तिपूर्ण जुलूस निकालकर खिलाफ दिवस मनाया गया?

(क) 17 अक्तूबर, 1919 (ख) 17 नवम्बर, 1919

(ग) 20 अक्तूबर, 1919 (घ) 24 नवम्बर, 1919

प्रश्न **70. गांधीजी की अध्यक्षता में किस दिन दिल्ली में अखिल भारतीय खिलाफत सम्मेलन हुआ?**

(क) 17 अक्तूबर, 1919 (ख) 24 अक्तूबर, 1919

(ग) 17 नवम्बर, 1919 (घ) 24 नवम्बर, 1919

प्रश्न 71. सन 1919, दिसम्बर में खिलाफत आंदोलन की दूसरी बैठक कहां हुई?

(क) दिल्ली (ख) बम्बई

(ग) अमृतसर (घ) पूना।

प्रश्न 72. मा ॅन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड का भारत सुधार कानून क्या था?

(क) अशिक्षित जनता को शिक्षा दिलवाना

(ख) गरीब जनता पर लगाये गए करों को रद्द करना

(ग) केंद्रीय और प्रादेशिक राज्य सरकारों में कुछ भारतीयों को ऊंचा पद देना।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 73. बम्बई में कब खिलाफत कमेटी की बैठक हुई जिसमें गांधीजी द्वारा असहयोग की नीति मान ली गई?

(क) 28 फरवरी, 1920 (ख) 28 मई, 1920

(ग) 28 अप्रैल, 1920 (घ) 28 जून, 1920

प्रश्न 74. 30 जून, 1920 को हिन्दू-मुस्लिम सम्मेलन हुआ। उसमें सर्वसम्मति से असहयोग की नीति का समर्थन हुआ। उन्होंने वाइसराय को एक महीने का समय दिया। यदि इस बीच उनकी बातें न मानी गईं तो ये आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। यह सम्मेलन कहां हुआ था?

(क) इलाहाबाद (ख) लाहौर

(ग) अमृतसर (घ) बम्बई।

प्रश्न 75. 28 जुलाई, 1920 को गांधीजी ने असहयोग आंदोलन आरम्भ करने के लिए कौन-सी तारीख तय की?

(क) 31 जुलाई, 1920 (ख) 5 अगस्त, 1920

(ग) 1 अगस्त, 1920 (घ) 15 अगस्त, 1920

प्रश्न 76. कांग्रेस में गांधीजी के सक्रिय रूप में आने से पहले पार्टी के नियम किनके द्वारा बनाए गए थे?

(क) दादाभाई नौरोजी (ख) बाल गंगाधर तिलक

(ग) गोपाल कृष्ण गोखले (घ) सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी।

प्रश्न 77. कांग्रेस का संविधान बनाने में गांधीजी के कितने सहयोगी थे?

(क) दो (ख) चार

(ग) पांच (घ) कोई नहीं।

प्रश्न 78. कांग्रेस का संविधान बनाने में गांधीजी को किसने सहयोग दिया?

(क) एन.सी. केलकर (ख) आई.बी. सेन

(ग) सी.आर. दास (घ) दोनों (क), (ख)।

प्रश्न 79. गांधीजी और असहयोग-समिति ने कितने समय पहले ही आंदोलन की कार्य प्रणाली निश्चित कर रखी थी?

(क) 15 दिन पहले (ख) एक महीना पहले

(ग) डेढ़ महीना पहले (घ) दो महीना पहले।

प्रश्न 80. असहयोग आंदोलन आरंभ करने से पहले गांधीजी ने वायसराय को क्या लौटाया?

(क) पदवियां, पदक, पुरस्कार (ख) पुस्तक

(ग) चिट्ठियां (घ) गहने।

प्रश्न 81. गांधीजी ने बाइसराय को कब अपने पत्र द्वारा असहयोग आंदोलन का प्रथम संकेत दिया था? जिसमें उन्होंने सभी सम्मान सूचक पदवियां और पुरस्कार लौटा दिए?

(क) 28 जुलाई, 1920 (ख) 1 अगस्त, 1920

(ग) 31 जुलाई, 1920 (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 82. गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने अपना नोबेल पुरस्कार क्यों लौटा दिया था?

(क) असहयोग की नीति अपनाकर

(ख) सरकार की अवज्ञा करने के लिए

(ग) जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 83. गांधीजी को पहली बार चरखा किसकी मदद से मिला था?

(क) गंगा बहन (ख) अनसूइया बाई

(ग) कस्तूरबा (घ) मगनलाल।

प्रश्न 84. गांधीजी को गंगा बहन की मदद से पहली बार चरखा कहां मिला?

(क) बिलासपुर में (ख) गायकवाड़ के बीजापुर गांव में

(ग) गुजरात के खेड़ा में (घ) बिहार में।

प्रश्न 85. गांधीजी ने किस शिक्षा संस्थान की स्थापना की?

(क) गुजरात विद्यापीठ (ख) अलीगढ़ मुस्लिम यूनिर्वसिटी

(ग) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (घ) जामिया मिलिया इस्लामिया।

प्रश्न 86. गांधीजी द्वारा गुजरात में राष्ट्रीय (गुजरात विद्यापीठ) विश्वविद्यालय का उद्घाटन कब किया गया?

(क) नवम्बर, 1919 (ख) फरवरी, 1920

(ग) नवम्बर 1920 (घ) फरवरी, 1921

प्रश्न 87. काले बिल के नाम से क्या प्रसिद्ध था?

(क) रा◌ॅलेट बिल (ख) मार्ले-मिन्टो रिफार्म्स

(ग) वर्नाक्यूलर प्रैस बिल (घ) संविधान बिल।

प्रश्न 88. किसके वर्णन के लिए आमतौर पर इन शब्दों का प्रयोग किया जाता था ''न वकील, न अपील, न दलील''?

(क) संविधान बिल (ख) मार्ले-मिन्टो नीति

(ग) रा◌ॅलेट बिल (घ) पंचायत राज बिल।

प्रश्न 89. सन 1921 की 13 और 14 अप्रैल को दलित वर्गों का एक सम्मेलन हुआ। जिसमें गांधीजी ने सभापति पद ग्रहण किया। यह सम्मेलन कहां पर हुआ था?

(क) बिहार (ख) जूनागढ़

(ग) बम्बई (घ) अहमदाबाद।

प्रश्न 90. खिलाफत सम्मेलन में मुसलमानों ने इस्लाम के बारे में अपनी पुरानी मांगें दोहराईं। और कहा कि सरकार यदि अंगोरा के नेताओं के प्रति अपना अन्यायपूर्ण रुख न बदलेगी तो साल के आखिर में कांग्रेस के अधिवेशन में मुसलमान असहयोग आंदोलन और भारत में स्वतंत्र गणतंत्र की घोषणा करेंगे। यह सम्मेलन कहां पर हुआ था?

(क) इलाहाबाद (ख) कराची

(ग) लाहौर (घ) अमृतसर।

प्रश्न 91. खिलाफत आंदोलन कब आरंभ हुआ?

(क) 14 जुलाई, 1920 (ख) 8 जुलाई, 1921

(ग) 2 अक्तूबर, 1923 (घ) 15 अगस्त 1922

प्रश्न 92. नये संविधान की स्वीकृति के बाद राष्ट्रीय कांग्रेस समिति की पहली बैठक कब हुई?

(क) 28 जुलाई, 1921 (ख) 31 जुलाई, 1921

(ग) 1 सितम्बर, 1921 (घ) 30 सितम्बर, 1921।

प्रश्न 93. 1921 में राष्ट्रीय कांग्रेस समिति की पहली बैठक कहां हुई?

(क) बम्बई (ख) मद्रास

(ग) कलकत्ता (घ) अमृतसर।

प्रश्न 94. कब तक सारे विदेशी कपड़ों के निषेध की घोषणा की गई?

(क) 25 जुलाई, 1921 (ख) 31 जुलाई, 1921

(ग) 30 सितम्बर, 1921 (घ) 30 नवम्बर, 1921।

प्रश्न 95. अगस्त 1921 में शुरू हुए मोपलाओं के उपद्रव को शांत करने के लिए गांधीजी ने किसके साथ मालाबार जाना चाहा?

(क) रवीन्द्रनाथ ठाकुर (ख) मोतीलाल नेहरू

(ग) श्रद्धानन्दजी (घ) मौलाना मुहम्मद अली।

प्रश्न 96. खिलाफत सम्मेलन में असहयोग आन्दोलन का प्रस्ताव पारित करने पर मौलाना मुहम्मद अली, उनके भाई मौलाना शौकत अली और अन्य जाने माने मुसलमानों को सरकार ने कब गिरफ्तार किया?

(क) जुलाई, 1921 (ख) सितम्बर, 1921

(ग) अगस्त, 1921 (घ) अक्तूबर, 1921

प्रश्न 97. गांधीजी ने कब मुसलमानों की लड़ाई में स्वयं शामिल होने की घोषणा की?

(क) 4 अक्तूबर, 1921 (ख) 24 अगस्त, 1921

(ग) 30 सितम्बर, 1921 (घ) 30 जुलाई, 1921

प्रश्न 98. गांधीजी ने कितने कांग्रेस के विशिष्ट सदस्यों के साथ मिलकर असयोग आन्दोलन के बारे में वक्तव्य प्रकाशित किया?

(क) 25 सदस्य (ख) 50 सदस्य

(ग) 75 सदस्य (घ) 100 सदस्य।

प्रश्न 99. अली भाइयों को दो-दो साल का कारावास होने पर दिल्ली में कांग्रेस समिति ने कब गांधीजी द्वारा प्रकाशित सरकार विरोधी असहयोग आन्दोलन के वक्तव्य का समर्थन किया?

(क) 4 अक्तूबर, 1921 (ख) 20 अक्तूबर, 1921

(ग) 30 अक्तूबर, 1921 (घ) 4 नवम्बर, 1921

प्रश्न 100. कांग्रेस ने अपनी सारी ताकत गांधीजी के हाथों में सौंप दी। गांधीजी को कब यह अधिकार प्राप्त हुआ?

(क) दिसम्बर, 1919 (ख) दिसम्बर, 1920

(ग) दिसम्बर, 1921 (घ) दिसम्बर, 1922

प्रश्न 101. असहयोग आन्दोलन के दौरान गांधीजी ने लोगों से किन बातों के बहिष्कार का आह्वान किया?

(क) विदेशी वस्त्रों (ख) सरकारी शिक्षा

(ग) सरकारी नौकरियां व पदवियां (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 102. स्वदेशी आन्दोलन के गांधीजी के आह्वान पर इनमें से कौन अपना सफल वकालती पेशा छोड़कर स्वदेशी संग्राम में कूद पड़े?

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) मोतीलाल नेहरू

(ग) चितरंजन दास (घ) दोनों (ख), (ग)।

प्रश्न 103. 24 सिम्बर, 1921 को प्रिंस ऑफ वेल्स के आगमन पर कलकत्ता में हड़ताल करने का निश्चय किया गया। फिर एक गंभीरता के साथ राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन किया गया। क्योंकि उस समय कांग्रेस के सभापति को गिरफ्तार किया गया था अतः इस अधिवेशन में विचार विमर्श संक्षिप्त हुए। अधिवेशन खत्म होने से पहले ही अधिकांश सदस्य गिरफ्रतार हो सकते थे इसलिए कांग्रेस ने अपने सभी अधिकार गांधीजी को सौंप दिए थे। यह अधिवेशन कहां पर हुआ था?

(क) लाहौर (ख) अहमदाबाद

(ग) कलकत्ता (घ) बम्बई।

प्रश्न 104. किस दिन गांधीजी ने वायसराय को खुली चिट्ठी में असहयोग आंदोलन की घोषणा की थी। जिसमें उन्होंने आंदोलन का प्रथम चरण बम्बई स्थित बारदोली में आरम्भ होने के बारे में लिखा था। और लार्ड रीडिंग को सरकार की नीतियों में सात दिन में परिवर्तन करने का आदेश दिया था।

(क) 30 सितम्बर, 1921 (ख) 15 जनवरी, 1922

(ग) 22 जनवरी, 1922 (घ) 22 फरवरी, 1922

प्रश्न 105. असहयोग आंदोलन के दौरान गोरखपुर में एक जुलूस में लोगों पर पुलिस ने हमला किया। बाद में जब जनता ने पुलिस पर हमला किया तो पुलिस ने गोली चलाई और थाने में जा छुपी। तब जनता ने थाने में आग लगा दी और पुलिसवालों को जलाकर मार डाला। यह घटना गोरखपुर में कहां हुई?

(क) चौरी-चौरा (ख) खेड़ा

(ग) चम्पारन (घ) आनन्द नगर।

प्रश्न 106. चौरी-चौरा कांड में क्रुद्ध भीड़ ने कितने पुलिसकर्मियों को जिन्दा जला दिया था?

(क) ग्यारह (ख) अठारह

(ग) बीस (घ) सताईस।

प्रश्न 107. गांधीजी को कब असहयोग आन्दोलन को रोकने का आदेश देना पड़ा?

(क) राॅलेट एक्ट के विरुद्ध अहमदाबाद, वीरमगाम और खेड़ा की लड़ाई के बाद

(ख) प्रिंस ऑफ वेल्स के आने पर बम्बई में हुए दंगों के बाद

(ग) चौरी-चौरा में जनता द्वारा पुलिसकर्मियों को थाने में जलाकर मारने के बाद

(घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 108. गांधीजी ने अपने किस आन्दोलन को हिमालय जैसी भूल बताया?

(क) असहयोग आन्दोलन (ख) भारत छोड़ो आन्दोलन

(ग) नमक आंदोलन (घ) द. अफ्रीका का आन्दोलन।

प्रश्न 109. गांधीजी द्वारा सविनय अवज्ञा आन्दोलन को वापस लिए जाने को इनमें से किसने एक राष्ट्रीय विपत्ति बताया?

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) सरदार पटेल

(ग) सुभाष चन्द्र बोस (घ) सी.आर. दास।

प्रश्न 110. किस दिन गांधीजी को सरकार ने उनके साबरमती आश्रम से गिरफ्तार किया?

(क) 10 फरवरी, 1922 (ख) 24 फरवरी, 1922

(ग) 9 मार्च, 1922 (घ) 10 मार्च, 1922

प्रश्न 111. अहमदाबाद में किस दिन गांधीजी की गिरफ्तारी के बाद महान मुकदमा शुरू हुआ?

(क) 10 मार्च, 1922 (ख) 18 मार्च, 1922

(ग) 23 मार्च, 1922 (घ) 26 मार्च, 1922

प्रश्न 112. गांधीजी को किस अपराध के लिये गिरफ्तार किया गया?

(क) राजद्रोह (ख) निषिद्ध पुस्तक का प्रकाशन

(ग) उत्तेजक भाषण (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 113. 18 मार्च, 1922 को सरकार ने गांधीजी को गिरफ्तार किया। उन पर मुकदमा चला और उन्हें कितनी अवधि की सजा सुनाई गई?

(क) 2 साल (ख) 4 साल

(ग) 6 साल (घ) 8 साल।

प्रश्न 114. महान मुकदमे में सजा मिलने पर गांधीजी को किस जेल में अकेला नजरबंद रखा गया?

(क) आगा खां पैलेस (ख) अहमदनगर जेल

(ग) गुजरात जेल (घ) साबरमती जेल।

प्रश्न 115. गांधीजी के मित्र जो भारत के राजनैतिक नेता भी ये उन्होंने स्वराज पार्टी गठित की। उनका नाम क्या था?

(क) चितरंजन दास (ख) पं. मोतीलाल नेहरू

(ग) लाला लाजपत राय (घ) विपिनचन्द्र पाल।

प्रश्न 116. गांधीजी के मित्र अलीबंधु अपनी दो साल की सजा पूरी करके फिर राष्ट्रीय आन्दोलन में लौट आए। उनमें से किसे कांग्रेस का नया सभापति चुना गया?

(क) मौलाना मुहम्मद अली (ख) हसरत अली मोहम्मद

(ग) मौलाना शौकत अली (घ) वहीदुद्दीन खान।

प्रश्न 117. गांधीजी को पूना के पास यरवदा में कैद करके रखा गया। वे बहुत बीमार रहने लगे। दिसम्बर से उन्हें नाभि के नीचे दर्द रहने लगा। जनवरी में जब उनकी हालत बिगड़ गई तब एक सिविल डाक्टर को बुलाया गया। उसका नाम क्या था?

(क) मेजर ब्लैक (ख) डा. बैंकर

(ग) कर्नल मैडोक (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 118. गांधीजी की बीमारी की खबर पाकर कांग्रेस अध्यक्ष मुहम्मद अली के आदेश से किस दिन सारे भारत में प्रार्थना दिवस मनाया गया?

(क) 4 जनवरी, 1924 (ख) 18 जनवरी, 1924

(ग) 4 फरवरी, 1924 (घ) 18 फरवरी, 1924

प्रश्न 119. गांधीजी को कैद से कब रिहा किया गया?

(क) 17 जनवरी, 1924 (ख) 4 फरवरी, 1924

(ग) 17 फरवरी, 1924 (घ) 18 फरवरी, 1924

प्रश्न 120. जेल से छूटने के बाद कब गांधीजी कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए?

(क) 1924 (ख) 1925

(ग) 1926 (घ) 1927

प्रश्न 121. सन 1925 के अंत तक कार्यकाल समाप्त होने पर गांधीजी की जगह किसे कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया?

(क) पं. जवाहर लाल नेहरू (ख) मौलाना मुहम्मद अली

(ग) सरोजिनी नायडू (घ) चितरंजन दास।

प्रश्न 122. गांधीजी के नेतृत्व में 'विदेशी कपड़ों की होली' कार्यक्रम हुआ जिसने सामान्य जन को आकर्षित किया। यह कार्यक्रम कब हुआ?

(क) अप्रैल, 1920 (ख) दिसम्बर, 1920

(ग) जुलाई, 1921 (घ) नवम्बर, 1922।

प्रश्न 123. अंग्रेजी सरकार की शक्ति खत्म/कम करने के लिए गांधीजी ने किस बात पर जोर दिया?

(क) असहयोग आन्दोलन (ख) चरखा प्रयोग व खादी

(ग) हिन्दू-मुस्लिम (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 124. बहिष्कार कार्यक्रम को व्यापक जन समर्थन प्राप्त होते देखकर सरकार ने किन बड़े-बड़े राजनैतिक नेताओं को गिरफ्तार किया?

(क) अली भाईयों को (ख) लाजपत राय और मौ. आजाद

(ग) मोतीलाल तथा जवाहर लाल नेहरू (घ) तीनों (क),(ख), (ग)।

प्रश्न 125. असहयोग आन्दोलन के कुछ वर्षों के बाद गांधीजी ने सक्रिय राजनीति से दूर रहने का निर्णय क्यों लिया?

(क) वकालत के लिए (ख) अध्यापन के लिए

(ग) रचनात्मक कार्य द्वारा देशसेवा के लिए

(घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 126. गांधीजी की सक्रिय राजनीति से दूर रहने की अवधि इनमें से कौन सी थी?

(क) 1922-1926 (ख) 1923-1927

(ग) 1924-1928 (घ) 1925-1929

प्रश्न 127. सन 1924 के किस कांग्रेस अधिवेशन की बैठक में गांधीजी ने स्वयं को 'पराजित और अपमानित' महसूस किया?

(क) दिल्ली (ख) अहमदाबाद

(ग) बम्बई (घ) नागपुर।

प्रश्न 128. कांग्रेस की ओर से सरदार पटेल के नेतृत्व में झंडा सत्याग्रह कब आयोजित किया गया?

(क) 1921 (ख) 1922

(ग) 1923 (घ) 1924

प्रश्न 129. गांधीजी ने कहा ''यदि भारत को उपनिवेश का दर्जा नहीं मिल जाता तो मैं घोषणा कर दूंगा कि मैं स्वीधीनता का पक्षधर हूं।'' उन्होंने किस तिथि तक भारत को उपनिवेश का दर्जा मिलने को कहा था?

(क) 31 दिसम्बर, 1929 (ख) 26 जनवरी, 1920

(ग) 15 अगस्त, 1930 (घ) 26 जनवरी, 1929

प्रश्न 130. कांग्रेस ने पहली बार पूर्ण स्वराज दिवस की घोषणा कब की।

(क) 25 दिसम्बर, 1926 (ख) 26 जनवरी, 1930

(ग) 15 अगस्त, 1930 (घ) 26 जनवरी, 1931

प्रश्न 131. पूर्ण स्वराज की घोषणा किस नदी के तट पर की गई?

(क) गंगा (ख) यमुना

(ग) रावी (घ) सतलुज।

प्रश्न 132. ब्रिटिश सरकार ने भारत में किस दैनिक उपयोग की वस्तु पर कर लगा दिया था?

(क) चावल (ख) चीनी

(ग) आटा (घ) नमक।

प्रश्न 133. गांधीजी ने नमक सत्याग्रह आरम्भ करने से पहले उसके बारे में उस समय के किस वायसराय को पत्र द्वारा सूचित किया?

(क) लार्ड कर्जन (ख) लार्ड हार्डिंग

(ग) लार्ड इरविन (घ) लार्ड विलिंगडन।

प्रश्न 134. ऐतिहासिक डांडी मार्च कहां से आरम्भ हुआ था?

(क) नवसारी (ख) साबरमती आश्रम

(ग) डांडी (घ) बोरसद।

प्रश्न 135. नमक सत्याग्रह आन्दोलन किस दिन आरम्भ किया गया?

(क) 12 फरवरी, 1930 (ख) 12 फरवरी, 1931

(ग) 12 मार्च, 1930 (घ) 12 मार्च, 1931

प्रश्न 136. गांधीजी ने साबरमती आश्रम कब छोड़ा।

(क) 5 फरवरी, 1930 (ख) 2 अप्रैल, 1930

(ग) 12 मार्च, 1930 (घ) 11 सितम्बर, 1930

प्रश्न 137. सविनय अवज्ञा आन्दोलन कब आरम्भ हुआ था?

(क) 1920 (ख) 1925

(ग) 1930 (घ) 1935

प्रश्न 138. डांडी मार्च में गांधीजी के साथ कितने सत्याग्रही शामिल थे?

(क) 58 (ख) 68

(ग) 78 (घ) 88

प्रश्न 139. डांडी मार्च करने के समय गांधीजी की आयु कितनी थी?

(क) 67 वर्ष (ख) 78 वर्ष

(ग) 59 वर्ष (घ) 61 वर्ष।

प्रश्न 140. गांधीजी ने डांडी यात्रा में अपनी गिरफ्तारी के बाद किसे यात्रा का नेतृत्व करने के लिए चुना था?

(क) पं. जवाहर लाल नेहरू (ख) अब्बास तैयब जी

(ग) सरदार वल्लभभाई पटेल (घ) सरोजिनी नायडू।

प्रश्न 141. गांधीजी ने सत्याग्रहियों के साथ कितने दिनों में साबरमती आश्रम से डांडी तक की पैदल यात्रा पूरी की।

(क) 20 दिन (ख) 24 दिन

(ग) 28 दिन (घ) 30 दिन।

प्रश्न 142. गांधीजी ने साबरमती डांडी के बीच कितने मील की दूरी तय की?

(क) 250 (ख) 300

(ग) 241 (घ) 101

प्रश्न 143. गांधीजी ने किस दिन समुद्र तट से नमक उठाकर कानून का उल्लंघन किया था।

(क) 12 मार्च, 1930 (ख) 26 मार्च, 1930

(ग) 6 अप्रैल, 1930 (घ) 12 अप्रैल, 1930

प्रश्न 144. गांधीजी द्वारा डांडी से उठाया नमक इतना निम्न कोटि का था कि उपयोग में भी नहीं लाया जा सकता था परन्तु जब उसकी नीलामी हुई तो उसकी कीमत कितनी मिली?

(क) 1600 रुपये (ख) 2000 रुपये

(ग) 1200 रुपये (घ) 1000 रुपये।

प्रश्न 145. नमक कानून उल्लंघन करने के आरोप में गांधीजी को कब गिरफ्तार किया गया?

(क) 10 अप्रैल, 1930 (ख) 20 अप्रैल, 1930

(ग) 28 अप्रैल, 1930 (घ) 4 मई, 1930

प्रश्न 146. नमक कानून तोड़ने पर गांधीजी को गिरफ्तार कर किस जेल में रखा गया?

(क) अहमदाबाद (ख) यरवदा जेल

(ग) आगा खां पैलेस (घ) साबरमती जेल।

प्रश्न 147. गांधीजी की गिरफ्तारी के बाद धरसना में सरकारी नमक डिपो पर कब्जा करने के लिए छापे का नेतृत्व किसने किया।

(क) अब्बास तैयब जी (ख) मोतीलाल नेहरू

(ग) सरदार पटेल (घ) सरोजिनी नायडू।

प्रश्न 148. ब्रिटिश सरकार ने पहला गोलमेज सम्मेलन लंदन में कब आयोजित किया था?

(क) 10 अक्तूबर, 1930 (ख) 1 नवम्बर, 1930

(ग) 10 जनवरी, 1931 (घ) 26 जनवरी, 1931

प्रश्न 149. गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, पं. मोतीलाल नेहरू व अन्य बीस से अधिक कांग्रेसी नेताओं को नमक सत्याग्रह पर गिरफ्तार करने के बाद किस दिन छोड़ा गया?

(क) 26 जनवरी, 1931 (ख) 30 जनवरी, 1931

(ग) 1 फरवरी, 1931 (घ) 17 फरवरी, 1931

प्रश्न 150. गांधीजी और लार्ड इर्विन के बीच समझौता वार्ता किस दिन हुई।

(क) 10 फरवरी, 1931 (ख) 15 फरवरी, 1931

(ग) 17 फरवरी, 1931 (घ) 21 फरवरी, 1931

प्रश्न 151. किस दिन गांधी-इर्विन समझौते या दिल्ली समझौते पर हस्ताक्षर किये गए।

(क) 2 मार्च, 1931 (ख) 5 मार्च, 1931

(ग) 15 मार्च, 1931 (घ) 25 मार्च, 1931

प्रश्न 152. असहमति के बावजूद भी कांग्रेस ने गांधी-इर्विन समझौते को अपने वार्षिक अधिवेशन में कहां पर रखा?

(क) अमृतसर (ख) लाहौर

(ग) बम्बई (घ) कराची।

प्रश्न 153. गांधी-इरविन समझौते के समय कांग्रेस के अध्यक्ष कौन थे?

(क) लोकमान्य तिलक (ख) सरदार वल्लभभाई पटेल

(ग) पं. जवाहरलाल नेहरू (घ) महात्मा गांधी

प्रश्न 154. गांधीजी किस दिन लंदन में गोलमेज सम्मेलन में कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में जाने के लिए रवाना हुए?

(क) 28 जुलाई, 1931 (ख) 2 अगस्त, 1931

(ग) 29 अगस्त, 1931 (घ) 2 सितम्बर, 1931

प्रश्न 155. गांधीजी किस दिन गोलमेज सम्मेलन में शामिल होने लंदन पहुंचे।

(क) 29 अगस्त, 1931 (ख) 1 सितम्बर, 1981

(ग) 10 सितम्बर, 1931 (घ) 12 सितम्बर, 1931

प्रश्न 156. पढ़ाई के अलावा गांधीजी दुबारा लंदन कब और क्यों गए?

(क) 1930 (पहले गोलमेज सम्मेलन में)

(ख) 1931 (दूसरे गोलमेज सम्मेलन में)

(ग) 1932 (असहयोग आन्दोलन में)

(घ) 1933 (सविनय अवज्ञा आन्दोलन में)।

प्रश्न 157. लंदन में हुए दूसरे गोलमेज सम्मेलन में गांधीजी गए। वहां वे किस के मेहमान बनकर ठहरे थे?

(क) म्यूरियल लेस्टर (ख) गिलबर्ट मरे

(ग) लायड जार्ज (घ) हेराल्ड लास्की।

प्रश्न 158. लंदन में हुए दूसरे गोलमेज सम्मेलन में गांधीजी कहां ठहरे थे?

(क) ईस्ट एंड किंग्स्लि हाल (ख) बकिंघम पैलेस

(ग) पिकाडिली सर्कस (घ) केम्ब्रिज यूनिवर्सिटी।

प्रश्न 159. गोलमेज सम्मेलन में कौन गांधीजी का सलाहकार बनकर गया था?

(क) सरोजिनी नायडू (ख) वल्लभभाई पटेल

(ग) मदन मोहन मालवीय (घ) राजेन्द्र प्रसाद।

प्रश्न 160. द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में गांधीजी के साथ इनमें से कौन नहीं गए थे?

(क) सरोजिनी नायडू (ख) मीरा बहन

(ग) सरदार पटेल (घ) महादेव देसाई।

प्रश्न 161. लार्ड इरविन का गांधीजी के भारत से चलने से पहले ही तबादला हो गया था। उनके बदले कौन भारत में वायसराय बनकर आये?

(क) लार्ड कर्जन (ख) लार्ड विलिंगडन

(ग) लार्ड वेवल (घ) लार्ड हाकिन्स।

प्रश्न 162. गांधीजी ने गोलमेज सम्मेलन के दौरान किस लेखक दार्शनिक से भेंट की?

(क) रोमां रोलां (ख) रस्किन

(ग) टालस्टाय (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 163. किस प्रसिद्ध फिल्मी हस्ती से गांधीजी अपने लंदन प्रवास में मिले।

(क) क्लार्क गेबल (ख) चार्ली चैपालिन

(ग) मार्लिन मनरो (घ) लारेन्स ओलेवियर।

प्रश्न 164. द्वितीय गोलमेज सम्मेलन का क्या परिणाम रहा?

(क) सफल (ख) असफल

(ग) थोड़ा सफल (घ) न सफल न असफल।

प्रश्न 165. गोलमेज सम्मेलन असफल रहा। गांधीजी कब इंग्लैण्ड से चल पड़े?

(क) 1 नवम्बर, 1931 (ख) 5 नवम्बर, 1931

(ग) 20 नवम्बर, 1931 (घ) 5 दिसमबर, 1931

प्रश्न 166. गांधीजी अपनी यूरोप यात्रा के बाद कर बम्बई लौटे?

(क) 15 दिसमबर, 1931 (ख) 20 दिसम्बर, 1931

(ग) 28 दिसम्बर, 1951 (घ) 30 दिसम्बर, 1931।

प्रश्न 167. जब गांधी जी लंदन में दूसरे गोलमेज सम्मेलन में गए थे उस समय भारत में लार्ड विलिंगडन के कर्मचारियों द्वारा भारतीयों पर दमन की नीति अपनाई गई। देश के कौन से स्थानों पर हिंसक कार्यवाही हुई?

(क) बंगाल (ख) N.W.F.P.

(ग) उत्तर प्रदेश (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 168. लार्ड विलिंगडन और ब्रिटिश सरकार भारत के स्वतन्त्रता के अहसास को नष्ट कर देने पर तुले थे। लार्ड विलिंगडन ने पहले दी गई रियासतें वापस ले लीं और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर कड़े प्रतिबंध लगाए। उन्होंने किस राष्ट्रीय नेता को गांधीजी के स्वागत के लिए बम्बई जाते हुए गिरफ्रतार कर लिया?

(क) पुरुषोत्तम दास टंडन (ख) पं. जवाहर लाल नेहरू

(ग) वल्लभभाई पटेल (घ) दोनों (क) और (ख)।

प्रश्न 169. गांधीजी ने वायसराय को तार भेजा जिसमें उन्होंने अध्यादेशों, गिरफ्तारियों की भर्त्सना की और भेंट का सुझाव दिया। परन्तु लार्ड विलिगंडन ने मिलने से इंकार कर दिया और गांधीजी को फिर गिरफ्रतार कर लिया गया। किस दिन इन्हें गिरफ्तार किया गया?

(क) 4 जनवरी, 1932 (ख) 26 जनवरी, 1932

(ग) 30 जनवरी, 1932 (घ) 4 फरवरी, 1932

प्रश्न 170. 4 जनवरी, 1932 की सुबह गांधीजी को कहां गिरफ्तार किया गया?

(क) बम्बई (ख) दिल्ली

(ग) अहमदाबाद (घ) वर्धा।

प्रश्न 171. यरवदा जेल से गांधीजी ने 11 मार्च, 1932 को सरकार को पत्र द्वारा सूचित किया कि यदि हिंसक कार्यवाही होती रही और दलितों के लिए अलग मतदान संघ की घोषणा की गई तो वे आमरण अनशन शुरू कर देंगे। यह पत्र गांधीजी ने किसे भेजा था?

(क) वाइसराय (ख) ब्रिटिश प्रधानमंत्री

(ग) सेक्रेटरी ऑफ स्टेट (घ) गृह सचिव।

प्रश्न 172. 4 जनवरी, 1932 में गांधीजी के साथ राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष को भी गिरफ्तार किया गया। वे कौन थे?

(क) जवाहर लाल नेहरू (ख) वल्लभभाई पटेल

(ग) राजेन्द्र प्रसाद (घ) एम.ए. अन्सारी।

प्रश्न 173. गांधीजी ने कब हरिजन सेवक संघ की स्थापना की और पूरे एक साल तक वे पूर्णतया हरिजन कार्य में ही जुटे रहे?

(क) 1932 (ख) 1933

(ग) 1934 (घ) 1935

प्रश्न 174. फरवरी, 1933 में गांधीजी ने 'हरिजन' नामक एक साप्ताहिक का प्रकाशन शुरू किया जो छुआछूत के खिलाफ एक अभियान था। यह पहली बार 11 फरवरी, 1933 में कहां पर निकाला गया?

(क) वर्धा (ख) पूना

(ग) अहमदाबाद (घ) दिल्ली।

प्रश्न 175. यरवदा जेल प्रवास में गांधीजी ने किस प्रथा के विरुद्ध अभियान चलाया?

(क) सतीप्रथा (ख) अस्पृश्यता/छुआछूत

(ग) बाल-विवाह (घ) परदाप्रथा।

प्रश्न 176. किस जेल को गांधीजी ने मन्दिर का दरजा दिया था?

(क) अहमदाबाद जेल (ख) यरवदा जेल

(ग) काला पानी (घ) आगा खां पैलेस।

प्रश्न 177. गांधीजी ने छुआछूत के खिलाफ आमरण अनशन व्रत की शपथ यरवदा जेल से कब ली थी?

(क) 10 अगस्त, 1932 (ख) 10 नवम्बर, 1932

(ग) 10 अक्तूबर, 1932 (घ) 10 सितम्बर, 1932

प्रश्न 178. मई, 1933 को किस दिन गांधीजी ने हरिजनों की सेवा के लिए लोगों से दूसरी बार सविनय अवज्ञा आन्दोलन को रोकने की अपील की थी?

(क) 9 मई, 1933 (ख) 12 मई, 1933

(ग) 15 मई, 1933 (घ) 25 मई, 1933

प्रश्न 179. गांधीजी के निजी सचिव का नाम क्या था?

(क) वल्लभभाई पटेल (ख) मीराबेन

(ग) महादेव देसाई (घ) आचार्य कृपलानी।

प्रश्न 180. सन 1931 के अन्त में जब गांधीजी दूसरे गोलमेज अधिवेशन की समाप्ति में भारत लौट कर आए तब उन्होंने अपना अन्तिम सविनय अवज्ञा आन्दोलन किया। वह कब तक चला?

(क) अप्रैल, 1932 (ख) अगस्त, 1933

(ग) मई, 1934 (घ) दिसम्बर, 1935

प्रश्न 181. गांधीजी ने छुआछूत के विरुद्ध अपने देश की आजादी और उन्नति के लिए लोगों को जागृत करने के लिए भारतवर्ष का दौरा कब किया?

(क) अप्रैल, 1933 (ख) अगस्त, 1934

(ग) अक्तूबर, 1934 (घ) नवम्बर, 1933

प्रश्न 182. 15 जनवरी, 1934 को जब बिहार में भयानक भूकंप आया उस समय महात्मा गांधी किस सिलसिले में दक्षिण भारत की यात्रा पर थे?

(क) हिन्दी प्रचार (ख) हरिजन उद्धार

(ग) चरखा प्रचार (घ) साम्प्रदायिक सद्भावना।

प्रश्न 183. किस स्थान पर 25 जून, 1934 को गांधीजी की कार पर बम फेंका गया। यह घटना उनकी हरिजन यात्रा पर जाते समय हुई जिसमें वे बाल-बाल बचे?

(क) बम्बई (ख) पूना

(ग) अहमदाबाद (घ) बिहार।

प्रश्न 184. 1934 में गांधीजी ने कितने मील हरिजन यात्रा तय की?

(क) 12,500 मील (ख) 13,400 मील

(ग) 14,200 मील (घ) 10,900 मील।

प्रश्न 185. गांधीजी ने अपनी हरिजन यात्रा में हरिजनों की भलाई के लिए 8 लाख रुपया एकत्रित किया। यह यात्रा कितने समय तक चली?

(क) 6 महीना (ख) एक साल

(ग) डेढ़ साल (घ) 9 महीना।

प्रश्न 186. गांधीजी की हरिजन यात्रा कहां पर समाप्त हुई?

(क) हरिद्वार (ख) गया

(ग) वाराणसी (घ) कन्याकुमारी।

प्रश्न 187. कब और किस स्थान पर गांधीजी ने कांग्रेस छोड़ने की घोषणा की?

(क) बम्बई (1932) (ख) पूना (1935)

(ग) कलकत्ता (1936) (घ) वर्धा (1934)

प्रश्न 188. किस घटना के बाद गांधीजी सक्रिय राजनीति में आ गए थे?

(क) चौरी-चौरा काण्ड (ख) जलियांवाला बाग हत्याकांड

(ग) चम्पारन (घ) खेड़ा आन्दोलन।

प्रश्न 189. गांधीजी को 'महात्मा' नाम किस ने दिया?

(क) रवीन्द्रनाथ ठाकुर (ख) भीमराव अम्बेडकर

(ग) राजेन्द्र प्रसाद (घ) पं. जवाहरलाल नेहरू।

प्रश्न 190. गांधीजी के मित्र और प्रशंसक जमनालाल बजाज ने उन्हें 'सेगांव' नामक एक ग्राम दे दिया। गांधीजी ने साबरमती आश्रम, हरिजन सेवक संघ को दे दिया और स्वयं सेगांव चले आए। यहां उन्होंने नया आश्रम बनाया। इसका नाम क्या रखा?

(क) मगनवाडी (ख) सत्याग्रह आश्रम

(ग) कस्तूरबा (घ) सेवाग्राम।

प्रश्न 191. सेवाग्राम आश्रम बनाने से पहले सेगांव में इनमें से किसको गांधीजी ने वहां पहले से ही कार्य करने के लिए भेज दिया था।

(क) जमनालाल बजाज (ख) मीरा बेन

(ग) जे.सी. कुमारप्पा (घ) महादेव देसाई।

प्रश्न 192. सेवाग्राम किस राज्य में स्थित है?

(क) गुजरात (ख) उ. प्रदेश

(ग) महाराष्ट्र (घ) उड़ीसा।

प्रश्न 193. सेवाग्राम में गांधीजी को समाचार-पत्र देखकर उसमें से महत्व के समाचार सुनाने का कार्य किसके जिम्मे रहता था?

(क) महादेव देसाई (ख) प्यारे लाल जी

(ग) राजकुमारी अमृत कौर (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 194. तालिमी संघ की स्थापना गांधीजी ने किस उद्देश्य से की?

(क) नई तालीम (ख) गौ सेवा

(ग) चरखा कताई (घ) हरिजन सेवा।

प्रश्न 195. दूसरे विश्वयुद्ध क बाद गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह आरम्भ किया। इसके पहले सत्याग्रही कौन थे?

(क) वल्लभभाई पटेल (ख) विनोबा भावे

(ग) जवाहर लाल नेहरू (घ) भीमराव अम्बेडकर।

प्रश्न 196. किस दिन गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह या सविनय अवज्ञा आन्दोलन आरम्भ किया?

(क) 17 अक्तूबर, 1940 (ख) 17 दिसम्बर, 1940

(ग) 21 अक्तूबर, 1941 (घ) 21 दिसम्बर, 1941

प्रश्न 197. इससे पहले कि 'भारत छोड़ो आन्दोलन' पूरी तरह शुरू हो सरकार ने कांग्रेस के नेताओं को बड़ी मात्रा में गिरफ्तार करना आरम्भ कर दिया। इस संदर्भ में गांधीजी को कब गिरफ्तार किया गया?

(क) 26 जनवरी, 1942 (ख) 9 अगस्त, 1942

(ग) 15 अगस्त, 1942 (घ) 10 दिसम्बर, 1942

प्रश्न 198. 'भारत छोड़ो आन्दोलन' में गांधीजी को गिरफ्तार कर कहां रखा गया।

(क) यरवदा जेल (ख) काला पानी

(ग) अहमदाबाद जेल (घ) कानपुर सेन्ट्रल जेल।

प्रश्न 199. 'भारत छोड़ो आन्दोलन' कब शुरू हुआ?

(क) 9 अगस्त, 1942 (ख) 14 सिम्बर, 1942

(ग) 10 दिसम्बर, 1942 (घ) 25 दिसम्बर, 1942

प्रश्न 200. 'भारत छोड़ो आंदोलन' का प्रस्ताव कहां पर पारित हुआ?

(क) बम्बई (ख) अहमदाबाद

(ग) लखनऊ (घ) पूना।

प्रश्न 201. कस्तूरबा गांधी का निधन कब हुआ?

(क) 30 जनवरी, 1944 (ख) 22 फरवरी, 1944

(ग) 14 मार्च, 1944 (घ) 16 अप्रैल, 1944

प्रश्न 202. पाकिस्तान बनाने के विषय में गांधी-जिन्ना असफल वार्ता कब हुई।

(क) जुलाई, 1944 (ख) अक्तूबर, 1944

(ग) दिसम्बर, 1945 (घ) फरवरी, 1945

प्रश्न 203. पूना के 'आगा खां पैलेस' में गांधीजी के किन प्रियजनों की मृत्यु हुई?

(क) महादेव देसाई (ख) लक्ष्मीदास गांधी

(ग) कस्तूरबा गांधी (घ) दोनों (क), (ग)।

प्रश्न 204. **शिमला में हुई सभा के समय भारत मे ब्रिटेन के वायसराय कौन थे।**

(क) लार्ड विलिगंडन (ख) लार्ड माऊंटबेटन

(ग) लार्ड इरविन (घ) लार्ड वेवल।

प्रश्न 205. शिमला सम्मेलन के समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष कौन थे?

(क) शौकल अली (ख) जवाहर लाल नेहरू

(ग) मौलाना अबुल कलाम आजाद (घ) मौहम्मद अली।

प्रश्न 206. 1946 में किस ब्रिटिश राजनीतिज्ञ ने गांधीजी को यह संदेश भेजा कि ''मैं हमारी सारी कोशिशों का बोझ महसूस कर रहा हूं और हमें हर प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तथा आपकी सहायता से अधिक स्वागत योग्य और सही सलाह कोई नहीं होगी।''

(क) लार्ड वेवल (ख) लार्ड माऊंटबेटन

(ग) लार्ड पैथिक लारेन्स (घ) सर स्टेफर्ड क्रिप्स।

प्रश्न 207. लार्ड माऊंटबेटन भारत में लार्ड वेवल की जगह पर नए वायसराय बनकर 22 मार्च, 1947 में आए। उन्होंने सबसे पहले गांधीजी को मिलने का निमंत्रण दिया। गांधीजी उनसे पहली बार कब मिले?

(क) 31 मार्च, 1947 (ख) 24 जून, 1947

(ग) 12 अप्रैल, 1947 (घ) 7 मई, 1947

प्रश्न 208. गांधीजी भारत-पाकिस्तान बंटवारे के खिलाफ थे परन्तु ऐसे हालात बने कि उन्हें मजबूरन पुरुषोत्तम दास और अन्य व्यक्तियों के घोर विरोध के बावजूद बंटवारे की सहमति देनी पड़ी। दिल्ली में हुई जिस सभा में यह निर्णय लिया गया, वह कब आरम्भ हुई थी।

(क) 1 अप्रैल, 1947 (ख) 14 अप्रैल, 1947

(ग) 1 जून, 1947 (घ) 14 जून, 1947।

प्रश्न 209. 'स्वाधीनता दिवस' 15 अगस्त, 1947 को गांधी कहां थे?

(क) दिल्ली (ख) कलकत्ता

(ग) बम्बई (घ) लाहौर।

प्रश्न 210. 15 अगस्त, 1947 को गांधीजी कलकत्ता में क्यों थे?

(क) साम्प्रदायिक दंगों की शांति के लिए

(ख) स्वाधीन दिवस मनाने के लिए

(ग) हरिजनों की सेवा के लिए

(घ) इनमें से कोई कारण नहीं।

प्रश्न 211. भारत की स्वाधीनता के पश्चात गांधीजी कांग्रेस को किस रूप मं े कार्यरत देखना चाहते थे। जिसकी उन्होंने विस्तृत रूपरेखा भी तैयार की थी।

(क) ग्राम विकास संस्था (ख) सर्वोदय संगठन

(ग) लोक सेवक संघ (घ) हिन्द कल्याण दल।

प्रश्न 212. महात्मा गांधीजी ने अपने जीवन के अन्तिम 144 दिन किस स्थान पर बिताये।

(क) सेवाग्राम (ख) साबरमती आश्रम

(ग) अहमदाबाद (घ) बिड़ला भवन, नई दिल्ली।

प्रश्न 213. जीवन के अन्तिम चरण में बिड़ला भवन में गांधीजी कब से कब तक ठहरे?

(क) 16 मार्च, 1925-15 जनवरी, 1936

(ख) 17 अप्रैल, 1924-11 जुलाई, 1924

(ग) 9 सितम्बर, 1947-30 जनवरी, 1948

(घ) 8 अगस्त, 1945-1 फरवरी, 1946

प्रश्न 214. साम्प्रदायिक एकता के लिए गांधीजी ने अपना अन्तिम उपवास कब और कहां रखा?

(क) 10 सितम्बर, 1932 (यरवदा जेल)

(ख) 13-18 जनवरी, 1948 (बिड़ला भवन)

(ग) 22 मई, 1944 (अहमदाबाद जेल)

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 215. 20 जनवरी, 1948 को एक आदमी ने गांधीजी की संध्या सभा में बम फेंका। यह सभा कहां हो रही थी?

(क) राजघाट, नई दिल्ली (ख) सेवाग्राम आश्रम

(ग) बिड़ला भवन, नई दिल्ली (घ) अहमदाबाद।

प्रश्न 216. गांधीजी की मृत्यु कब और कहां हुई?

(क) 2 अक्तूबर, 1947 (अहमदाबाद)

(ख) 24 जनवरी, 1948 (यरवदा जेल)

(ग) 20 जनवरी, 1948 (साबरमती आश्रम)

(घ) 30 जनवरी, 1948 (बिड़ला भवन, नई दिल्ली)।

प्रश्न 217. गांधीजी की हत्या किसने की?

(क) नाथूराम गोडसे (ख) रामचरण दीक्षित

(ग) आलीफ खान (घ) भगवान दास।

प्रश्न 218. गांधीजी के निर्वाण दिवस का किस दिन के रूप में पालन किया जाता है?

(क) बाल-दिवस (ख) प्रार्थना दिवस

(ग) शौर्य दिवस (घ) शहीद दिवस।

प्रश्न 219. महादेव देसाई गांधीजी के सचिव कब बने थे?

(क) जुलाई, 1917 (ख) नवम्बर, 1917

(ग) अगस्त, 1916 (घ) दिसम्बर, 1916

प्रश्न 220. कितने समय तक महादेव देसाई ने गांधीजी की सचिव के रूप में सेवा की?

(क) 15 साल (ख) 20 साल

(ग) 25 साल (घ) 30 साल।

प्रश्न 221. गांधीजी से प्रभावित होकर गोपीनाथ बोरदोलोई ने अपना कानूनी अभ्यास छोड़ कर राष्ट्रीय आंदोलन में कब भाग लिया?

(क) 1931 (ख) 1929

(ग) 1924 (घ) 1921

प्रश्न 222. 1919 में गांधीजी पहली बार मोतीलाल नेहरू से कहां मिले थे?

(क) दिल्ली (ख) लाहौर

(ग) इलाहाबाद (घ) अमृतसर।

प्रश्न 223. गांधीजी ने अपने जीवन काल में कितनी बार उपवास रखा था?

(क) तीस बार (ख) चालीस बार

(ग) पैंतालीस (घ) पचास बार।

प्रश्न 224. गांधीजी ने अपने जीवन का सबसे लम्बा उपवास कितने दिनों तक रखा था?

(क) पन्द्रह दिन (1-15 गई, 1933)

(ख) बीस दिन (8-28 मई, 1933)

(ग) पच्चीस दिन (1-25 मई, 1933)

(घ) तीस दिन (1-30 मई, 1933)।

प्रश्न 225. गांधीजी ने अपने जीवन का सबसे लम्बा उपवास कहां रखा था?

(क) बिरला भवन (ख) साबरमती आश्रम

(ग) आगा खां पैलेस (घ) यरवदा जेल।

प्रश्न 226. गांधीजी ने अपना सबसे लम्बा उपवास किस लिए रखा था?

(क) हिन्दू-मुस्लिम दंगों के खिलाफ

(ख) अहमदाबाद सत्याग्रह में

(ग) छुआछूत के खिलाफ

(घ) भारत छोड़ो आन्दोलन में।

प्रश्न 227. गांधीजी अपने जीवन काल में कितनी बार जेल गए?

(क) दस बार (ख) ग्यारह बार

(ग) तेरह बार (घ) सोलह बार।

प्रश्न 228. गांधीजी सबसे अधिक जेल में कितने समय तक रहे?

(क) 1 जुलाई, 1920-14 मार्च, 1923

(ख) 21 मार्च, 1922-11 जनवरी, 1924

(ग) 5 मई, 1933-16 अगस्त, 1934

(घ) 9 अगस्त, 942-8 जुलाई, 1943

प्रश्न 229. गांधीजी सबसे अधिक समय तक किस जेल में रहे?

(क) आगा खां पैलेस (ख) अहमदाबाद जेल

(ग) पूना जेल (घ) यरवदा जेल।

प्रश्न 230. गांधीजी को सबसे अधिक समय के कारावास की सजा किस संदर्भ में मिली?

(क) खिलाफत आंदोलन के संदर्भ में

(ख) भारत छोड़ो आंदोलन

(ग) विदेशी वस्त्रों की होली

(घ) नमक कानून उल्लंघन करने पर।

प्रश्न 231. वर्ष 1921 के बाद सप्ताह में किस दिन गांधीजी नियमित रूप से उपवास और मौन व्रत रखते थे?

(क) सोमवार (ख) मंगलवार

(ग) शुक्रवार (घ) शनिवार।

प्रश्न 232. गांधीजी ने कब कहा था कि ‘‘जब मेरा यहां कार्य समाप्त हो जाएगा तो मैं पाकिस्तान जाऊंगा?’’

(क) 15 अगस्त, 1947 (ख) 18 सितम्बर, 1947

(ग) 2 अक्तूबर, 1947 (घ) 26 जनवरी, 1948

प्रश्न 233. गांधीजी ने कब कहा था कि ‘‘कल हम ब्रिटिश दासता से मुक्त हो जाएंगे परन्तु आधी रात को दो हिस्सों में बांट दिए जाएंगे?’’

(क) 1 जनवरी, 1947 (ख) 25 जनवरी, 1947

(ग) 14 अगस्त, 1947 (घ) 14 अगस्त, 1956

प्रश्न 234. गांधीजी ने उपरोक्त कथन कहां पर कहा था?

(क) मद्रास (ख) नई दिल्ली

(ग) बम्बई (घ) कलकत्ता।

प्रश्न 235. 20 जनवरी, 1948 को गांधीजी की संध्या सभा में किसने बम फेंका था?

(क) मदन लाल पाहवा (ख) राम किशोर

(ग) नाथूराम गोडसे (घ) जगमोहन शर्मा।

प्रश्न 236. जी.डी. बिड़ला पहली बार गांधीजी से कब मिले थे?

(क) 1913 (ख) 1915

(ग) 1920 (घ) 1924

प्रश्न 237. गांधीजी और जी.डी. बिड़ला के बीच कब से पत्राचार आरम्भ हुआ?

(क) 1924 (ख) 1926

(ग) 1928 (घ) 1930

प्रश्न 238. विनोबा भावे गांधीजी के नजदीकी और सच्चे अनुगामी थे। वे गांधीजी से पहली बार कब मिले थे?

(क) 1916 (ख) 1918

(ग) 1919 (घ) 1920

प्रश्न 239. महादेव देसाई की मृत्यु के बाद गांधीजी की प्रतिदिन की डायरी लिखने का कार्य किसका था?

(क) सुशीला नायर (ख) मीरा बहन

(ग) जे.बी. कृपलानी (घ) आभा गांधी।

प्रश्न 240. गांधीजी के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के असली संस्थापक कौन थे।

(क) एम.जी. रानाडे (ख) दादाभाई नौरोजी

(ग) बालगंगाधर तिलक (घ) राजा राम मोहन राय।

प्रश्न 241. गांधीजी के किस सहयोगी ने उन्हें सितम्बर, 1933 में वर्धा जाने के लिए दबाव डाला?

(क) जे.बी. कृपलानी (ख) जमनालाल बजाज

(ग) काका कालेलकर (घ) एन.बी. खरे।

प्रश्न 242. 1915 में गांधीजी द. अफ्रीका से लौटकर बम्बई पहुंचे। वे यहां सान्ताक्रूज में किसके घर कुछ दिन ठहरे?

(क) फिरोजशाह मेहता (ख) बी.जी. होर्निमन

(ग) रेवाशंकर झवेरी (घ) नरोत्तम मोरारजी।

प्रश्न 243. मौलाना अबुल कलाम आजाद पहली बार गांधीजी से कब मिले थे।

(क) 4 सितम्बर, 1915 (ख) 10 फरवरी, 1917

(ग) 18 जनवरी, 1920 (घ) 9 अक्तूबर, 1925

प्रश्न 244. 30 जनवरी, 1948 को किस नेता ने गांधीजी से उनके प्रार्थना में जाने से पूर्व करीब एक घंटा बातचीत की?

(क) वल्लभभाई पटेल (ख) राजेंद्र प्रसाद

(ग) मौलाना अबुल कलाम आजाद (घ) जवाहर लाल नेहरू।

प्रश्न 245. गांधीजी की करीबी मीराबहन को 'पद्म विभूषण' की उपाधि कब दी गयी?

(क) 1982 (ख) 1984

(ग) 1986 (घ) 1988

प्रश्न 246. गांधीजी किसे अपना पांचवां पुत्र मानते थे?

(क) जवाहर लाल नेहरू (ख) जमनालाल बजाज

(ग) सुभाष चंद्र बोस (घ) महादेव देसाई।

प्रश्न 247. गांधीजी के किस पुत्र ने बम्बई की एक मस्जिद में धार्मिक सभा के बीच इस्लाम धर्म अपनाया?

(क) हरिलाल (ख) मणिलाल

(ग) रामदास (घ) देवदास।

प्रश्न 248. गांधीजी के पुत्र हरिलाल ने कब इस्लाम धर्म अपनाया?

(क) जुलाई, 1920 (ख) मार्च, 1925

(ग) अगस्त, 1930 (घ) मई, 1936

प्रश्न 249. गांधीजी ने अपने किस पुत्र को अपना पुत्र कहलवाने से मना कर दिया था।

(क) हरिलाल (ख) मणिलाल

(ग) रामदास (घ) देवदास।

प्रश्न 250. गांधीजी ने अपने सबसे बड़े पुत्र हरिलाल को अपना पुत्र कहने से क्यों मना कर दिया था?

(क) हरिलाल ने अंग्रेजों के पास नौकरी कर ली थी

(ख) हरिलाल ने अपना धर्म परिवर्तन किया था

(ग) हरिलाल हमेशा के लिए लंदन बस गए

(घ) हरिलाल ने गांधीजी के आश्रम के नियमों को अपनाने से मना कर दिया था।

प्रश्न 251. कौन गांधीजी के साधारण चिकित्सा सम्बन्धी कार्य करता था?

(क) सुचेता कृपलानी (ख) पी.जे. मेहता

(ग) सुशीला नायर (घ) प्यारेलाल।

प्रश्न 252. कब गांधी जी को उनकी जनसेवाओं के लिए कैसर-ए-हिन्द का स्वर्ण पदक भेंट किया गया?

(क) 3 जून, 1915 (ख) 5 अगस्त, 1925

(ग) 28 मई, 1940 (घ) 2 जनवरी, 1935

प्रश्न 253. गांधीजी जब अन्तिम बार जेल की सजा में गए थे तब वे कितने वर्ष के थे?

(क) 65 वर्ष (ख) 69 वर्ष

(ग) 71 वर्ष (घ) 75 वर्ष।

प्रश्न 254. अन्तिम बार गांधीजी किस स्थान पर जेल में सजा के तौर पर गए थे?

(क) यरवदा (ख) पूना

(ग) अहमदाबाद (घ) बम्बई।

प्रश्न 255. कस्तूरबा गांधी के अन्तिम दिनों में उनकी बीमारी में किस गांधी परिवार के सदस्य ने उनकी सेवा की थी?

(क) कनु गांधी (ख) देवदास गांधी

(ग) रेलियत बैन (घ) मणिलाल गांधी।

प्रश्न 256. कस्तूरबा गांधी अपनी मृत्यु के समय कितने वर्ष की थीं?

(क) 70 वर्ष (ख) 72 वर्ष

(ग) 74 वर्ष (घ) 76 वर्ष।

प्रश्न 257. कस्तूरबा गांधी की समाधि कहां पर है?

(क) वर्धा (ख) पोरबन्दर

(ग) अहमदाबाद (घ) पूना।

प्रश्न 258. जिस दिन गांधीजी की मृत्यु हुई (30 जनवरी, 1948) वह सप्ताह का कौन सा दिन था?

(क) सोमवार (ख) बुधवार

(ग) शुक्रवार (घ) शनिवार।

प्रश्न 259. गांधीजी की अन्तिम संस्कार क्रिया में कितने लाख लोग शामिल हुए थे?

(क) आठ लाख (ख) दस लाख

(ग) बारह लाख (घ) पन्द्रह लाख।

प्रश्न 260. गांधीजी की समाधि किस नाम से जानी जाती है?

(क) शान्तिवन (ख) राजघाट

(ग) वीर भूमि (घ) शक्ति स्थल।

प्रश्न 261. पहली बार गांधीजी ने सरकारी आदेश की भारत में अवमानना कब और कहां की थी?

(क) 14 अगस्त, 1915 (गुजरात)

(ख) 16 मार्च, 1917 (मोतीहारी, बिहार)

(ग) 7 जून, 1917 (अमृतसर)

(घ) 5 जनवरी, 1916 (पूना)।

प्रश्न 262. महात्मा गांधी और डा. राजेन्द्र प्रसाद की सबसे पहली बार भेंट कब और कहां हुई?

(क) 7 जून, 1917 (अमृतसर)

(ख) 9 अगस्त, 1920 (पूना)

(ग) 18 मार्च, 1917 (मोतीहारी, बिहार)

(घ) 25 फरवरी, 1925 (बम्बई)।

प्रश्न 263. गांधीजी की डा. राजेन्द्र प्रसाद से पहली बार भेंट किस आन्दोलन के सिलसिले में हुई?

(क) खेड़ा सत्याग्रह (ख) चम्पारन सत्याग्रह

(ग) दांडी यात्रा असहयोग आंदोलन (घ) बारदोली सत्याग्रह।

प्रश्न 264. गांधीजी और मौलाना अबुल कलाम आजाद की प्रथम भेंट कहां हुई?

(क) दिल्ली (ख) बिहार

(ग) बम्बई (घ) कलकत्ता।

प्रश्न 265. गांधीजी को ब्रिटिश सरकार द्वारा कितने पदक मिले थे?

(क) दो पदक (ख) तीन पदक

(ग) चार पदक (घ) पांच पदक।

प्रश्न 266. गांधीजी की सेवाओं के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा कौन से पदक मिले?

(क) कैसर-ए-हिन्द (ख) बोअर युद्ध में पदक

(ग) जुलू विद्रोह में पदक (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 267. गांधीजी ने कब अपने तीनों पदक लौटा दिये?

(क) मार्च, 1917 (ख) मई, 1942

(ग) अगस्त, 1920 (घ) दिसम्बर, 1930

प्रश्न 268. चम्पारन संघर्ष के दौरान यदि गांधीजी को गिरफ्तार कर जेल हो जाती है तो उनके किस सहयोगी को आन्दोलन का नेतृत्व करने के लिए चुना गया?

(क) ब्रज किशोर प्रसाद (ख) मजहरुल हक

(ग) दोनों (क) और (ख) (घ) धरिन्द्र।

प्रश्न 269. गांधीजी को तीन बंदरों का खिलौना उपहार स्वरूप कब भेंट मिला?

(क) 1934 (ख) 1936

(ग) 1935 (घ) 1940

प्रश्न 270. गांधीजी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन' के रचयिता कौन हैं?

(क) नरसी मेहता (ख) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(ग) संत तुकाराम (घ) मीरा बाई।

प्रश्न 271. गांधीजी की शिष्या मीरा बहन का वास्तविक नाम क्या था?

(क) मार्गरेट बोर्क वाइट (ख) मारजरी साइक्स

(ग) पर्ल बक (घ) मैडलिन स्लेड।

प्रश्न 272. किस आंदोलन के दौरान उन्होंने स्वयं को सरदार पटेल का सैनिक कहा।

(क) नमक आंदोलन (ख) असहयोग आंदोलन

(ग) बारदोली सत्याग्रह (घ) भारत छोड़ो आंदोलन।

प्रश्न 273. गांधीजी की कांग्रेस की नीतियों को उनकी अन्तिम वसीयत के रूप में किस पत्रिका में छपवाया गया?

(क) संस्थाकुल (1 फरवरी, 1948)

(ख) हरिजन (15 फरवरी, 1948)

(ग) यंग इण्डिया (10 मार्च, 1948)

(घ) इण्डियन ओपिनियन (2 फरवरी, 1948)

प्रश्न 274. अस्पृश्यता निवारण के लिए गांधीजी ने कितनी बार अनशन किया?

(क) सात बार (ख) चार बार

(ग) तीन बार (घ) पांच बार।

प्रश्न 275. गांधीजी ने किस व्रत पालन में उन्हें कस्तूरबा का सहयोग मिला?

(क) ब्रह्मचर्य व्रत (ख) खानपान पर परहेज

(ग) सत्य पालन व्रत (घ) अहिंसा पर अडिग रहने का व्रत।

प्रश्न 276. गांधी जयंती के दिन किस अन्य राष्ट्र नेता का भी जन्म दिन होता है?

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) लाल बहादुर शास्त्री

(ग) मोरारजी देसाई (घ) सरदार पटेल।

प्रश्न 277. भारत सरकार द्वारा गांधी शान्ति पुरस्कार की स्थापना कब हुई?

(क) 125वीं गांधी जयन्ती (1994)

(ख) गांधी जन्म शताब्दी (1969)

(ग) 50वीं गांधी पुण्यतिथि (1998)

(घ) भारत की स्वाधीनता की 50वीं वर्षगांठ पर (1997)

प्रश्न 278. गांधी शांति पुरस्कार के पहले विजेता कौन थे?

(क) मदर टेरेसा (ख) इन्दिरा गांधी

(ग) जूलियस न्यरेरे (घ) राजीव गांधी।

प्रश्न 279. वर्ष 2000 के गांधी शान्ति पुरस्कार के संयुक्त विजेता कौन हैं?

(क) बाबा आमटे और अमर्त्यसेन

(ख) नेल्सन मंडेला और बांग्लादेश ग्रामीण बैंक

(ग) इन्दिरा गांधी और राजीव गांधी

(घ) मदर टेरेसा और इन्दिरा गांधी।

प्रश्न 280. इनमें से कौन गांधी शान्ति पुरस्कार विजेता नहीं है?

(क) गेरहार्ड फिशर (ख) बाबा आमटे

(ग) यासीर अराफात (घ) नेल्सन मंडेला।

प्रश्न 281. गांधीजी के किस सहयोगी को हम ''सरहदी गांधी'' के नाम से जानते हैं?

(क) खान अब्दुल गफ्फार खान (ख) मोहम्मद अली

(ग) मौलाना आजाद (घ) शौकत अली।

प्रश्न 282. इनमें से गांधीजी के किस सहयोगी को 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया?

(क) आचार्य कृपालानी (ख) खान अब्दुल गफ्फार खां

(ग) सी.एफ. एन्ड्यूज (घ) मीरा बहन।

प्रश्न 283. महात्मा गांधी के किन मित्र तथा सहयोगी को 'दीनबन्धु' के नाम से जाना जाता है।

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) सी.एफ. एण्ड्यूज

(ग) विनोबा भावे (घ) सरदार पटेल।

खण्ड IV

गांधी विचारधारा-सूक्तियां

प्रश्न 1. शाकाहार के बारे में किस पुस्तक को पढ़कर गांधीजी ने कहा कि ''मैंने यह पुस्तक पढ़ी और मैं इससे बहुत प्रभावित हुआ। जब से मैंने इस पुस्तक को पढ़ा, मैं अपनी इच्छा से शाकाहारी होने का दावा करता हूं। मैं उस दिन को बहुत शुभ मानता हूं जब मैंने अपनी माता के सामने इसका प्रण लिया था?

(क) साल्ट्स प्ली फार वेजिटेरियनिज्म

(ख) विलियम-स द एथिक्स ऑफ डाइट

(ग) किंग्सफोर्ड्स द परफेक्ट वे इन डाइट

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 2. गांधीजी ने यह वाक्य किस दिन और कहां कहा कि ''15 अगस्त हमारी परीक्षा का दिन है। किसी को भी कोई गलत कदम नहीं उठाना चाहिए, जो स्वराज आया है यह जगमगाते प्रकाश द्वारा मनाने के योग्य नहीं है। यह एक ऐसा दिन है जिसे हमें उपवास, चरखा कताई और प्रार्थना द्वारा मनाना चाहिए।''

(क) 14 अगस्त 1947, कलकत्ता (ख) 8 अगस्त 1947, पटना

(ग) 15 अगस्त 1947, कलकत्ता (घ) 9 अगस्त, 1947, बम्बई।

प्रश्न 3. गांधीजी ने यह शब्द कब और कहां कहे कि ''पूर्ण स्वाधीनता अभी भी दूर है... मेरे लिए साबरमती दूर है, नोआखली निकट है।''

(क) 14 अगस्त, 1947(कलकत्ता) (ख) 10 अगस्त, 1947 (पटना)

(ग) 9 अगस्त, 1947 (बम्बई) (घ) 22 जुलाई, 1947 (दिल्ली)।

प्रश्न 4. गांधीजी ने कब और कहां कहा था कि ''शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना चाहिए।''

(क) 23 अक्तूबर, 1916 (अहमदाबाद)

(ख) 15 जनवरी, 1925 (बम्बई)

(ग) 2 अक्तूबर, 1947 (कलकत्ता)

(घ) 4 मार्च, 1936 (पूना)।

प्रश्न 5. अप्रैल, 1919 में गांधीजी ने अंग्रेज सरकार के किस आदेश की अवहेलना करते हुए कहा था कि मैं इस आज्ञा का पालन नहीं करूंगा?

(क) दिल्ली न जाने का आदेश

(ख) जनसभा सम्बोधित न करने का आदेश

(ग) पंजाब में न आने का आदेश

(घ) बम्बई न जाने का आदेश।

प्रश्न 6. गांधीजी ने 30 जून, 1919 को किसे कहा था कि ''मैं सत्याग्रह आरम्भ करने से पहले आपको सूचित कर दूंगा?''

(क) पुलिस कमिश्नर, अहमदाबाद (ख) सरदार वल्लभभाई पटेल

(ग) जवाहरलाल नेहरू (घ) मोतीलाल नेहरू।

प्रश्न 7. गांधीजी किस व्यक्ति को प्यार से देशबन्धु कहकर बुलाते थे?

(क) ए.वी. ठक्कर (ख) चितरंजन दास

(ग) काका कालेलकर (घ) मदनमोहन मालवीय।

प्रश्न 8. गांधीजी ने अपने किस निकट सहयोगी की मृत्यु पर यह श्रद्धांजलि दी थी?

''मेरी स्थिति एक विधवा से भी दयनीय है। अपने समर्पित जीवन के कारण वह अपने पति के गुणों को काम में ला सकती है। लेकिन मैं कुछ नहीं कर सकता। मुझे उनकी मृत्यु से कभी भी पूरी न होने वाली क्षति हुई है।''

(क) लाजपत राय (ख) मोती लाल नेहरू

(ग) अजमल खान (घ) सी.आर. दास।

प्रश्न 9. गांधीजी ने कब कहा था कि ''साम्प्रदायिक रक्तपात के इस घोर अन्धकार में मेरा दम घुट रहा है। मेरे जन्मदिन पर लोग बधाईयां क्यों दे रहे हैं। आज का दिन तो मेरे लिए मातम का दिन है।'' फिर कुछ देर मौन रहकर कहा, ''एक समय था जब जनता मेरे इशारे पर चलती थी किन्तु आज इस बियावन में मेरी आवाज कोई सुनने वाला नहीं है।''

(क) 2 अक्तूबर, 1946 (ख) 2 अक्तूबर, 1947

(ग) 30 जनवरी, 1947 (घ) 15 अगस्त, 1947

प्रश्न 10. गांधीजी ने कांग्रेस के नेताओं से कब कहा था कि ''मैं इंतजार करने के पक्ष में हूं... भारत की स्वाधीनता एक सजीव तथ्य है। उसके एवज में हमें कोई नकली चीज नहीं चाहिए। सारा संसार आज प्रसव की पीड़ा से गुजर रहा है। अस्थायी लाभ के लिए यदि कांग्रेस ब्रिटिश सरकार से कोई समझौता करेगी तो उसका परिणाम गर्भपात के समान होगा।''

(क) 4 मई, 1940 (ख) 14 अगस्त, 1947

(ग) 10 मार्च, 1920 (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 11. गांधीजी ने कहां पर दरिद्रनारायण की सेवा का व्रत लिया था। इस सम्बन्ध में उन्होंने अपनी आत्मकथा में लिखा था- ''मैंने सेवा धर्म अपना लिया था क्योंकि मेरी समझ में ईश्वर से साक्षात्कार का यही एक उपाय था। मेरी दृष्टि में लोकसेवा भारत माता की सेवा थी।''

(क) बम्बई (ख) शान्ति निकेतन

(ग) द. अफ्रीका (घ) पूना।

प्रश्न 12. गांधीजी ने किसे अपना वारिस घोषित करते हुए कहा था कि ''अगरचे 125 वर्ष तक सेवा करते-करते जिन्दा रहने की मुझे ख्वाहिश है, तब भी मैं आखिर बूढ़ा हूं और तुम अपेक्षाकृत जवाब हो। इसीलिए मैंने कहा कि तुम मेरे वारिस हो। कम से कम अपने वारिस को मैं बता दूं कि मैं क्या हूं। यह वारिस भी समझ ले तो अच्छा है, मुझे भी इससे चैन होगा।''

(क) वल्लभ भाई पटेल (ख) सुभाष चंद्र बोस

(ग) जवाहरलाल नेहरू (घ) डा. भीमराव अम्बेडकर।

प्रश्न 13. किस पुस्तक के पढ़ने के बाद गांधीजी ने कहा कि ''उस समय मैं हिंसा में विश्वास रखता था। इसे पढ़ने के बाद मेरी भ्रांति दूर हुई और मैं अहिंसा में दृढ़ विश्वास रखने लगा।''

(क) ईश्वर का साम्राज्य तुम्हारे भीतर

(ख) भारत हमें क्या सिखा सकता है

(ग) मोहम्मद की जीवनी

(घ) बाइबल।

प्रश्न 14. अनटू दिस लास्ट नामक पुस्तक ने गांधीजी के जीवन को नया मोड़ दिया तथा इसका उन्होंने गुजराती में अनुवाद भी किया। इसके मूल लेखक कौन थे?

(क) रवीन्द्रनाथ टैगोर (ख) जान रस्किन

(ग) टालस्टाय (घ) एडविन आरनाल्ड।

प्रश्न 15. 'अनटू दिस लास्ट' के गुजराती अनुवाद को गांधीजी ने क्या नाम दिया?

(क) नवजीवन (ख) हरिजन

(ग) सर्वोदय (घ) संदेश।

प्रश्न 16. गांधीजी का नाम सत्याग्रह से अभिन्न रूप से क्यों जुड़ा हुआ है?

(क) उन्होंने सत्याग्रह का सिद्धान्त बनाया

(ख) सत्याग्रह के सिद्धान्त को विस्तार दिया

(ग) उन्होंने सत्याग्रह को व्यक्तिगत तथा सामाजिक समस्याओं के निदान का व्यवहारिक साधन बनाया।

(घ) दोनों (क), (ख)।

प्रश्न 17. गांधीजी ने सर्वप्रथम द. अफ्रीका में 'सत्याग्रह' शब्द का प्रयोग किया क्योंकि उन्हें निष्क्रिय विरोध वाली परिभाषा उपयुक्त नहीं लगी, क्योंकि उनके अनुसार वह

(क) दुर्बलों का अस्त्र है

(ख) आवश्यक नहीं की हिंसा के विरुद्ध हो

(ग) इसमें प्रेम के लिए कोई स्थान नहीं है

(घ) उपरोक्त सभी कारण।

प्रश्न 18. गांधीजी ने सत्याग्रहियों के लिए कुछ गुणों का होना आवश्यक समझा। निम्नलिखित में से कौन सा गुण इसमें नहीं है?

(क) उसे सत्य और अहिंसा पर अडिंग विश्वास होना चाहिए

(ख) उसका जीवन पवित्र होना चाहिए तथा उसमें लोभ व संचय की भावना नहीं होनी चाहिए

(ग) वह अपने विरोधी के मन में भय का संचार कर सके

(घ) वह सभी नियमों का अनुशासन से पालन करे।

प्रश्न 19. सत्याग्रहियों के लिए बनाये गए नियमों को गांधीजी ने क्या नाम दिया?

(क) एकादश व्रत (ख) रचनात्मक कार्यक्रम

(ग) बुनियादी शिक्षा (घ) गोसेवा।

प्रश्न 20. ''अहिंसा सत्य अस्तेय ब्रह्मचर्य असंग्रह

शरीर श्रम अस्वाद सर्वत्र भयवर्जन

सर्वधर्म समानत्व स्वदेशी स्पर्श भावना

विनम्र व्रत निष्ठा से ये एकादश सेव्य है''

गांधीजी के अनुसार इस श्लोक में वर्णित गुणों का पालन करना किनके लिए अनिवार्य था?

(क) स्वयंसेवक (ख) राजनेता

(ग) सत्याग्रही (घ) व्यापारी।

प्रश्न 21. ''मैंने भारत के समक्ष आत्म बलिदान की प्राचीन विधि रखी है।''

(क) सत्याग्रह (ख) अहिंसा

(ग) जन-आंदोलन (घ) तपस्या।

प्रश्न 22. गांधीजी ने इनमें से किन दो विचारों को अपने दोनों फेफड़े बताया था?

(क) काम और पूजा (ख) सत्य और अहिंसा

(ग) आत्मविश्वास तथा निर्धनों से प्रेम (घ) ईश्वर भक्ति तथा त्याग।

प्रश्न 23. गांधीजी का कथन था- ''ईश्वर का साक्षात्कार करने के लिए मैं किसी भी बलिदान को बड़ा नहीं मानता।'' ऐसा वे किस प्रकार संभव कर सकते थे?

(क) देश सेवा द्वारा तथा देश की स्वाधीनता के लिए कार्य द्वारा

(ख) दीनहीन की सेवा द्वारा

(ग) स्वयं को दीनहीन के स्तर पर लाकर

(घ) उपवास तथा धर्मग्रन्थों के नियमित अध्ययन द्वारा।

प्रश्न 24. निम्नलिखित में से गांधीजी के अनुसार सत्याग्रह का प्रमुख नैतिक सिद्धान्त क्या है?

(क) सत्य (ख) अहिंसा

(ग) साधन की पवित्रता (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 25. देशवासियों को गांधीजी ने क्या हृदय से पालन करने की सलाह दी?

(क) देशभक्ति (ख) आत्मबलिदान

(ग) विनम्रता (घ) साम्प्रदायिक एकता।

प्रश्न 26. गांधीजी निम्नलिखित में से किसे अपनी शक्ति का स्रोत मानते थे?

(क) ईश्वर में आस्था (ख) सत्य में विश्वास

(ग) अपनी कमजोरियों का ज्ञान (घ) अहिंसा का पालन।

प्रश्न 27. गांधीजी के इस कथन में रिक्त स्थान भरिए।

''वास्तव में मैं यह दिखाने के लिए अत्यन्त उत्सुक हूं कि जीवन की अनेक बुराइयों का समाधान केवल......... है।

(क) अहिंसा (ख) सत्य

(ग) धैर्य (घ) ईश्वर भक्ति।

प्रश्न 28. निम्नलिखित किस कथन को गांधीजी ने सबसे उपयुक्त माना?

(क) ईश्वर सत्य है (ख) सत्य ही ईश्वर है

(ग) ईश्वर प्रकाश है (घ) ईश्वर प्रेम है।

प्रश्न 29. गांधीजी के अनुसार निम्नलिखित में से सत्याग्रही को कैसा नहीं होना चाहिए?

(क) उसे निर्भीक होना चाहिए

(ख) अन्याय करने वाले पर कभी भी कोई दबाव नहीं डालना चाहिए

(ग) शान्ति के प्रत्येक प्रयास का स्वागत करना चाहिए

(घ) इनमें से कोई भी नहीं।

प्रश्न 30. गांधीजी ने कुछ लोगों के विषय में यह कहा था कि ''वे लोग तुम्हें और मुझे मित्र कहेंगे यदि हम उनसे ईश्वर के बारे में बात करें। यदि वे किसी ईश्वर को जानते हैं तो वह ईश्वर भय का, बदले का एक क्रूर प्रतिरूप है।'' इसमें वे किन लोगों की बात कर रहे हैं?

(क) निर्धनों की (ख) पूंजीवादियों की

(ग) आतंकवादियों की (घ) अपराधियों की।

प्रश्न 31. नीचे दिए गए धर्म और राजनीति पर व्यक्त किए गए विचारों में से कौन सा विचार गांधीजी का नहीं है।

(क) ''जो यह कहते हैं कि धर्म और राजनीति का कोई सम्बन्ध नहीं है वे नहीं जानते कि धर्म क्या है।''

(ख) ''यदि कोई मुझसे कहे कि ईश्वर असत्य और कष्ट का प्रतीक है तो भी मैं उस ईश्वर की पूजा करता रहूंगा।''

(ग) ''धर्म राष्ट्रीयता की पहचान नहीं है बल्कि मनुष्य और ईश्वर के बीच का व्यक्तिगत मसला है।''

(घ) ''मेरी राजनीति और मेरी सभी गतिविधियां मेरे धर्म से ही उपजी हैं।''।

प्रश्न 32. निम्नलिखित में से कौन सा विचार गांधीजी का है?

(क) हिन्दू धर्म कोई सीमित धर्म नहीं है। इसमें विश्व के सभी धर्मगुरुओं की उपासना के लिए स्थान है।

(ख) ''गीता न केवल मेरी बाइबल और कुरान है वह उससे भी कहीं अधिक मेरी माता है।''

(ग) ''यह मेरा दृढ़ विश्वास है कि आज का यूरोप ईश्वर और ईसाई धर्म की आत्मा नहीं बल्कि शैतान की आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है।

(घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 33. गांधीजी विनम्रता की अन्तिम सीमा किसे मानते थे?

(क) सत्य (ख) अहिंसा

(ग) दरिद्रनारायण (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 34. यंग इंडिया 1925 में गांधीजी ने लिखा- ''मुझे बचाने की कोशिश मत करो।'' ऐसा उन्होंने किस सन्दर्भ में कहा?

(क) वे शहीद होना चाहते थे

(ख) वे अपने जीवन पर किए गए हमलों से क्रोधित थे

(ग) उनका विश्वास था कि ईश्वर ही सबकी रक्षा करता है।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 35. गांधीजी इनमें से किस व्यक्तिगत गुण को अधिक प्रधानता नहीं देते थे?

(क) अहिंसा (ख) सत्य

(ग) ब्रह्मचर्य (घ) महात्मा कहलाना।

प्रश्न 36. गांधीजी का कथन था कि ''मैं क्रोध प्रकट नहीं करता हूं।'' इसका क्या कारण था?

(क) वे अपने गुस्से वश में रखना चाहते थे ताकि वह उनकी ताकत बन जाए

(ख) वे दूसरों के प्रति बहुत सहनशील थे

(ग) वे कभी क्रोधित नहीं होते थे

(घ) दोनों (ख), और (ग)।

प्रश्न 37. गांधीजी सत्याग्रह में तो दृढ़ विश्वास रखते थे परन्तु वे धरने पर बैठने का सदा विरोध करते थे। ऐसा वे क्यों समझते थे?

(क) यह अपनी बात मनवाने का अनुचित तरीका है

(ख) यह कायरता पूर्ण है

(ग) यह हिंसा से भी बदतर है

(घ) तीनों।

प्रश्न 38. गांधीजी के जीवन का क्या ध्येय था?

(क) महात्मा कहलाना

(ख) समाज सेवा करना

(ग) शारीरिक बन्धनों से आत्मा को मुक्त करना

(घ) दीर्घ स्वस्थ जीवन।

प्रश्न 39. गांधीजी का यह मानना था कि बाहरी मदद द्वारा कभी-कभी अच्छे कार्य की सफलता में बाधा आ सकती है। इनमें से किस स्थिति में ऐसा नहीं होता है?

(क) समस्या का पक्ष कमजोर होना

(ख) समस्या का निदान करने वाले सच्चे नहीं हैं

(ग) समस्या का हल करने वालों में साहस नहीं है

(घ) समस्या का हल करने वाले शारीरिक रूप से दुर्बल हैं।

प्रश्न 40. गांधीजी अपने मित्रों और अनुयायियों से किस सम्मान की अपेक्षा रखते थे?

(क) उनकी गतिविधियों का प्रचार-प्रसार

(ख) आवश्यकता पड़ने पर उनके विचारों का विरोध

(ग) दोनों (क), (ख)

(घ) उनके जीवनदर्शन का प्रचार-प्रसार।

प्रश्न 41. गांधीजी स्वयं को सत्य की खोज करने वाला मानते थे। उनका यह दावा था कि

(क) उन्होंने सत्य को पा लिया है

(ख) उन्होंने सत्य को पाने की राह ढूंढ ली है

(ग) वे लगातार सत्य को ढूंढ रहे हैं

(घ) दोनों (ख), (ग)।

प्रश्न 42. निम्नलिखित में से उपवास पर कौन सा विचार गांधीजी का नहीं है?

(क) उपवास करने के लिए शारीरिक क्षमता बहुत जरूरी है।

(ख) उपवास तभी रखना चाहिए जब किसी कार्य को करने के सभी रास्ते असफल हो गए थे।

(ग) उपवास का सम्बन्ध ईश्वर तथा धर्म से है

(घ) यदि इसका सही ढंग से उपयोग न किया जाए तो यह खतरनाक सिद्ध हो सकता है।

प्रश्न 43. अहिंसा का पालन करने के लिए उपायों में से कौन सा उपाय गांधीजी का नहीं है?

(क) ''ईश्वर ने मुझे यह शक्ति दी कि मैं पूरे विश्व को अहिंसा का मार्ग दिखा सकूं।''

(ख) ''अहिंसा द्वारा भारत के सभी दुखों का अन्त करने के लिए ईश्वर ने मुझे माध्यम बनाया।''

(ग) ''यदि मैं अकेला भी हूं तब भी मैं हिंसा का विरोध करूंगा।''

(घ) ''मेरी अहिंसा ऐसी नहीं है जिसमें खतरे के सामने हम अपने प्रियजनों को छोड़ कर भाग जाए। यदि मुझे हिंसा और कारयता से भाग खड़े होने में से एक को चुनना हो तो मैं हिंसा को चुनुंगा।''

प्रश्न 44. अहिंसा पालन के प्रशिक्षण के विषय में कौन सा विचार गांधीजी का है?

(क) अहिंसा के लिए किसी प्रशिक्षण की जरूरत नहीं है।

(ख) अहिंसा घर पर बैठ कर नहीं सीखी जा सकती।

(ग) दोनों (क), (ख)

(घ) अहिंसा को समझने से पहले हमें हिंसा के विषय में जानना होगा।

प्रश्न 45. गांधीजी के अनुसार निष्क्रिय विरोध और अहिंसा के बीच क्या अन्तर था?

(क) निष्क्रिय विरोध दुर्बलों का विरोध है। क्यांेकि वे शस्त्रों का सामना नहीं कर सकते जबकि अहिंसा ताकतवर का विरोध है। क्योंकि वे शास्त्रों का सहारा नहीं लेना चाहते।

(ख) निष्क्रिय विरोध वह विरोध है जो सत्याग्रही उपवास व मौन व्रत द्वारा करते हैं जबकि अहिंसा का तात्पर्य यह है कि शासन द्वारा किए अत्याचारों के विरोध में भी अस्त्र न उठाया जाए।

(ग) निष्क्रिय विरोध का अर्थ है हड़तालें तथा कामकाज बन्द रखना जबकि अहिंसा का अर्थ है प्रदर्शन तथा सम्बन्धित गतिविधियां जिसमें कामकाज बंद न हो।

(घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 46. नारी शक्ति पर इनमें से कौन सा विचार गांधीजी द्वारा दिया गया नहीं है?

(क) पुरुषों की तुलना में वह अधिक आत्म बलिदानी है

(ख) पुरुषों की तुलना में वह अधिक साहसी है

(ग) वह अबला है

(घ) दोनों (क), (ख)।

प्रश्न 47. भारतीय महिलाओं को गांधीजी ने क्या संदेश दिया?

(क) उन्हें पुरुषों का पूरक होना है

(ख) उन्हें वह सब करना है जो पुरुष कर सकते हैं

(ग) उन्हें अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर काम करना है।

(घ) उन्हें अपना व्यवहार पश्चिमी देश की महिलाओं जैसा करना है।

प्रश्न 48. गांधीजी के अनुसार स्त्री और पुरुष के कार्यक्षेत्र अलग होना चाहिए, इसका उन्होंने क्या कारण दिया?

(क) नारी अबला है

(ख) अनेक ऐसे कार्य हैं जिन्हें नारी सम्पन्न नहीं कर सकती

(ग) नारी अनेक कार्य पुरुष की मदद के बिना नहीं कर सकती

(घ) दोनों की बनावट में कई अन्तर है।

प्रश्न 49. गांधीजी ने स्त्रियों को निर्भय होकर अपने सम्मान की रक्षा करने के लिए कहा था। उनके अनुसार वे किस प्रकार निर्भीक बन सकती हैं?

(क) ईश्वर में दृढ़ विश्वास (ख) शारीरिक शक्ति का विकास

(ग) विशेष प्रशिक्षण (घ) दोनों (ख), (ग)।

प्रश्न 50. गांधीजी किस दृष्टि से स्त्री को पुरुष से श्रेष्ठ मानते थे?

(क) आत्म त्याग (ख) नैतिक शक्ति

(ग) अहिंसा (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 51. अपने सम्मान की रक्षा के लिए गांधीजी के अनुसार स्त्री का सबसे मजबूत हथियार क्या है?

(क) उसकी शारीरिक क्षमता तथा आत्मरक्षा के लिए आवश्यक हथियार

(ख) उसका दृढ़ चरित्र तथा आत्मसम्मान के लिए प्राण भी दे देने की शक्ति

(ग) अपराधी को दण्डित करने की न्याय प्रक्रिया

(घ) अपराधी का सामाजिक बहिष्कार।

प्रश्न 52. गांधीजी विवाह को एक पवित्र बन्धन मानते थे। उनके अनुसार विवाह में किन बातों का होना आवश्यक है?

(क) सहमति (ख) आत्मसंयम

(ग) पारस्परिक प्रेम (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 53. गांधीजी के अनुसार बच्चों को यौन शिक्षा देने में किसकी भूमिका महत्वपूर्ण है?

(क) बच्चों के अभिभावक

(ख) आत्मसंयम में प्रशिक्षित विशेष शिक्षक

(ग) धर्म गुरु

(घ) जीव विज्ञान के अध्यापक।

प्रश्न 54. गांधीजी के अनुसार ब्रह्मचर्य के बिना जीवन पशुओं के समान है। ब्रह्मचर्य पालन के लिए वे किस बात को प्रधानता देते थे?

(क) विचारों की शुद्धता (ख) शब्दों की पवित्रता

(ग) कर्म (घ) इन्द्रियों का संयम।

प्रश्न 55. गांधीजी धर्म और नीति के नाम पर वैधव्य के पालन को अन्याय समझते थे। ऐसा वे क्यों समझते थे?

(क) यह एक न तोड़ा जाने वाला बन्धन है

(ख) यह धर्म का पालन अपमान करता है

(ग) इससे घर में बुराईयां जन्म लेती हैं

(घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 56. वर्ष 1947 में गांधीजी ने कहा था कि ''यदि अस्पृशयता जीवित रहती है तो हिन्दू धर्म की मृत्यु अवश्य होगी।'' छुआछूत के बारे में गांधीजी के मन में सबसे पहले सवाल कब उठे?

(क) बचपन में (ख) लंदन प्रवास में

(ग) द. अफ्रीका में (घ) द. अफ्रीका से स्वदेश लौटने पर।

प्रश्न 57. समाज सुधार के लिए गांधीजी के अनुसार भारत में सबसे बड़ी बाधा कौन सी है?

(क) आर्थिक अभाव (ख) जनता में जागरुकता का अभाव

(ग) समाज सुधारकों की कमी (घ) न्यायिक सहायता की कमी।

प्रश्न 58. गांधीजी के अनुसार एक अच्छे कार्यकर्ता का सबसे प्रमुख गुण कौन सा होना चाहिए?

(क) दृढ़ चरित्र (ख) कठिन परिश्रम करने की क्षमता

(ग) नेतृत्व के गुण (घ) शारीरिक बल।

प्रश्न 59. गांधीजी के अनुसार मनुष्य का सबसे अच्छा कर्म कौन सा होना चाहिए?

(क) साम्प्रदायिक एकता के लिए कार्य करना

(ख) देश सेवा

(ग) प्रतिदिन कुछ समय के लिए धार्मिक पुस्तकें पढ़ना

(घ) दीनदरिद्र के लिए सेवाभाव।

प्रश्न 60. शरीर श्रम का गांधीजी का क्या सिद्धान्त था?

(क) प्रत्येक का उर्पाजन अपनी आवश्यकता के अनुसार हो, न कम न अधिक

(ख) ग्रामीण क्षेत्र में परिश्रम

(ग) भोजन और वस्त्र के लिए प्रत्येक व्यक्ति को शारीरिक श्रम करना चाहिए

(घ) समाज सेवा की गतिविधियां।

प्रश्न 61. कर्तव्य तथा अधिकार के विषय में गांधीजी ने इनमें से कौन सी बात कही थी?

(क) अपने कर्तव्य पालन का अधिकार ही सबसे महत्वपूर्ण है

(ख) अधिकार का सच्चा स्रोत कर्तव्य है

(ग) अधिकार और कर्तव्य अलग-अलग है

(घ) दोनों (क), (ख)।

प्रश्न 62. गांधीजी के अनुसार पूंजीपति द्वारा श्रमिक का शोषण कैसे समाप्त किया जा सकता है?

(क) पूंजीपति का विनाश

(ख) व्यक्तिगत सम्पत्ति को समाप्त कर देना

(ग) उत्पादन बढ़ाने के लिए श्रमिक का पूंजीपति के साथ सहयोग

(घ) अपने शोषकों को श्रमिक असहयोग के हथियार से बदले।

प्रश्न 63. श्रमिकों की हड़ताल के विषय में गांधीजी के अनुसार इनमें से कौन सा विचार है?

(क) हड़ताल तभी की जानी चाहिए ताकि श्रमिकों की स्थिति में सुधार आए।

(ख) हड़ताल अहिंसक असहयोग का ही एक रूप है।

(ग) हड़ताल राजनैतिक उद्देश्यों की प्राप्ति का साधन है।

(घ) राज्य सरकार के कार्यों के सुचारु बनाने के लिए हड़ताल आवश्यक है।

प्रश्न 64. मशीनों के विषय में गांधीजी ने कुछ विचार व्यक्त किए थे, निम्नलिखित में से कौन सा विचार गांधीजी का नहीं है?

(क) मैं मशीनों के सम्पूर्ण रूप से समाप्त हो जाने पर विचलित नहीं होऊंगा

(ख) मशीन कभी भी मनुष्य के हाथ-पांव का स्थान नहीं ले सकती

(ग) मशीनीकरण से हस्तकलाएं समाप्त हो जायेंगी

(घ) मशीन एक ऐसा सांप का बिल है जिसमें एक से सौ तक सांप हो सकते हैं।

प्रश्न 65. गांधीजी विनाशकारी मशीन किसे कहते थे?

(क) वह मशीन जो हाथ से काम करने वालों को बेकार कर दे

(ख) वह मशीन जो अस्त्र-शस्त्र बनाने के काम आए

(ग) वह मशीन जो नशीले पदार्थ तैयार करे

(घ) दोनों (ख) और (ग)।

प्रश्न 66. गांधीजी ने कहा था कि ''निर्जीव मशीनरी का करोड़ों जीवित मशीनों के साथ कोई मुकाबला नहीं है।'' जीवित मशीनों से उनका क्या तात्पर्य है?

(क) श्रमिकों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले साधारण उपकरण

(ख) देशभर में फैले हुए कारीगर एवं श्रमिक

(ग) जो मशीनें बहुत सारे तेल और उर्जा की खपत करती हैं

(घ) नई तकनीकी विकासों में प्रयोग की जाने वाली मशीनें।

प्रश्न 67. औद्योगीकरण के विषय में इनमें से कौन सा विचार गांधीजी का है?

(क) औद्योगीकरण का भविष्य अंधकार में है

(ख) औद्योगीकरण दूसरों के शोषण पर निर्भर करता है

(ग) ईश्वर न करे कि कभी भारत औद्योगीकरण में पश्चिमी देशों की नकल करे

(घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 68. इनमें से गांधीजी किस बात के विरुद्ध नहीं थे?

(क) वैज्ञानिक तथा तकनीकी प्रगति

(ख) मशीनों पर आधारित बड़े उद्योग

(ग) दोनों (क), (ख)

(घ) इच्छाओं में निरन्तर वृद्धि।

प्रश्न 69. भारतीय किसानों की स्थिति में सुधार लाने के लिए गांधीजी ने इनमें से किन बातों का सुझाव दिया?

(क) न्यायिक रूप से जमींदारी बंद कर दी जानी चाहिए

(ख) जमींदारों के पास जरूरत से अधिक जमीन भूमिहीनों में बांट दी जानी चाहिए

(ग) किसानों को शोषण से बचाने के लिए उनका न्यूनतम मेहनताना तय कर देना चाहिए

(घ) जमींदारों द्वारा स्वेच्छा से अपनी भूमि तथा साधनों को जनमानस के साथ बांटना चाहिए।

प्रश्न 70. गांधीजी कथित इस वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति करे ''आज जब....... भारत के लिए लाभदायक है यह कल विश्व के लिए भी उपकारी सिद्ध होगा क्योंकि इसमें सबका भला निहित है।''

(क) चरखा (ख) अहिंसा

(ग) सीमित इच्छाएं (घ) सत्याग्रह।

प्रश्न 71. व्यापार में ईमानदारी बरतने का कौन सा विचार गांधीजी का है?

(क) व्यापारी के लिए ईमानदारी से व्यापार करना असंभव है

(ख) व्यापारी के लिए ईमानदारी से व्यापार करना अत्यन्त कठिन है

(ग) ईमानदारी का पालन करना व्यापारी के लिए बड़ा भारी पड़ जाता है

(घ) एक ईमानदार व्यापारी अधिक सफलता नहीं प्राप्त कर सकता।

प्रश्न 72. गांधीजी के आर्थिक विचारों में निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है?

(क) आर्थिक समानता का अर्थ है प्रत्येक के पास समान धनराशि का होना

(ख) आर्थिक समानता का वास्तविक अर्थ है हरेक को उसकी आवश्यकतानुसार मिले

(ग) एक अहिंसक समाज में आर्थिक समानता अवश्य होनी चाहिए

(घ) पूंजीपतियों द्वारा निर्धनों के शोषण से आर्थिक समानता नहीं आ सकती।

प्रश्न 73. निम्नलिखित में से कौन सा विचार गांधीजी का नहीं है?

(क) धनी व्यक्ति को आदर्शवान जीवन बिताना चाहिए

(ख) पूंजीपति को सदा अपने श्रमिकों की भलाई का ध्यान रखना चाहिए

(ग) व्यवसाय में लाभ के लिए पूंजीपति कोई भी मार्ग अपना सकता है

(घ) ट्रस्टीशीप एक आदर्श व्यवस्था है।

प्रश्न 74. ट्रस्टीशीप को कारगर बनाने के लिए गांधीजी ने क्या उपाय बताया था?

(क) योजना बनाना (ख) अहिंसक सहयोग

(ग) सम्पत्ति का राष्ट्रीयकरण (घ) पंचायत राज।

प्रश्न 75. राजनीति में गुप्तता को गांधीजी किस दृष्टि से देखते थे?

(क) एक आवश्यकता (ख) एक पाप

(ग) उद्देश्य पूर्ति का साधन (घ) जरूरी अपराध।

प्रश्न 76. स्वाधीनता पर दिए गए विचारों में से इनमें से कौन सा विचार गांधीजी का नहीं है?

(क) वह स्वाधीनता नहीं कहला सकती जिसमें गलती करने या अपराध करने की छूट न हो

(ख) अपनी ही कमजोरी से मनुष्य अपनी स्वाधीनता खो देता है

(ग) स्वाधीनता जन्म लेने के समान है। पराधीन होने से हम गुलाम हैं

(घ) व्यक्तिगत स्वाधीनता जंगल का कानून है।

प्रश्न 77. गांधीजी नैतिक स्वाधीनता किसे मानते थे?

(क) सशस्त्र सैन्य बलों की आवश्यकता न होना

(ख) साम्प्रदायिक विभाजनों से स्वाधीनता

(ग) धनी तथा निर्धन के मध्य की दूरी से स्वाधीनता

(घ) जातिवाद से स्वाधीनता।

प्रश्न 78. गांधीजी की दृष्टि में स्वाधीनता का सही अर्थ क्या है?

(क) मनुष्य का पूरी गरिमा के साथ स्वाधीन रहना

(ख) स्वाधीनता कभी भी किसी कीमत द्वारा प्राप्त नहीं की जा सकती

(ग) मनुष्य जब स्वयं निर्णय ले तभी स्वाधीन हो सकता है

(घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 79. स्वराज से गांधीजी का क्या तात्पर्य था?

(क) सभी बन्धनों से मुक्ति (ख) कुछ करने की छूट

(ग) बहुमत का शासन (घ) प्रत्येक देशवासी की स्वाधीनता।

प्रश्न 80. रामराज्य से गांधीजी का क्या तात्पर्य था?

(क) ब्रिटीश सेना के स्थान पर भारतीय सेना

(ख) नैतिक आधार पर जनता का शासन

(ग) बहुमत का शासन

(घ) रूसी शासन व्यवस्था पर आधारित शासन।

प्रश्न 81. गांधीजी के अनुसार वास्तविक भारत कहां बसता है?

(क) शहरों में (ख) गांवों में

(ग) विद्यालयों में (घ) आश्रमों में।

प्रश्न 82. गांधीजी ने रचनात्मक कार्यक्रम किस उद्देश्य से तैयार किया?

(क) भारत छोड़ो आन्दोलन (ख) असहयोग आन्दोलन

(ग) खिलाफत आन्दोलन (घ) ग्रामोत्थान।

प्रश्न 83. गांधीजी के रचनात्मक कार्यक्रम के कितने सूत्र थे?

(क) दस (ख) तेरह

(ग) पन्द्रह (घ) अठारह।

प्रश्न 84. रचनात्मक कार्यक्रम सूत्र के रिक्त स्थान को पूर्ण करे.......... एकता

(क) कौमी (ख) प्रान्तीय

(ग) पारिवारिक (घ) अर्न्तराष्टीय।

प्रश्न 85. गांधीजी देश के लिए किस शिक्षा पद्धति को अपनाना चाहते थे?

(क) अंग्रेजी शिक्षा (ख) बुनियादी शिक्षा

(ग) धार्मिक शिक्षा (घ) संगीत शिक्षा।

प्रश्न 86. इनमें से कौन सा सूत्र रचनात्मक कार्यक्रम में आता है?

(क) अस्पृश्यता निवारण (ख) गांवों की सफाई

(ग) आर्थिक समानता (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 87. इनमें से कौन सा सूत्र रचनात्मक कार्यक्रम में आता है?

(क) शराब बन्दी (ख) खादी

(ग) दूसरे ग्रामोद्योग (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 88. इनमें से कौन सा सूत्र रचनात्मक कार्यक्रम में आता है?

(क) बड़ों की तालीम (ख) स्त्रियां

(ग) आरोग्य के नियमों की शिक्षा (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 89. इनमें से कौन सा सूत्र रचनात्मक कार्यक्रम में आता है?

(क) प्रान्तीय भाषाएं (ख) राष्ट्रभाषा

(ग) किसान (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 90. इनसे कौन सा सूत्र रचनात्मक कार्यक्रम में आता है?

(क) मजदूर (ख) आदिवासी

(ग) कोढ़ी (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 91. गांधीजी ने रचनात्मक कार्यक्रम में अन्तिम सूत्र कौन सा लिया?

(क) विद्यार्थी (ख) राष्ट्रभाषा

(ग) खादी (घ) आदिवासी।

प्रश्न 92. पूर्ण स्वराज्य गांधीजी के अनुसार कौन सी स्थिति है?

(क) जीवन की सभी सुख-सुविधाओं का उपभोग धनी और निर्धन समान रूप से कर सकते हैं

(ख) जनता की आर्थिक स्थिति में निरंतर सुधार होता रहता है

(ग) दोनों (क), (ख)

(घ) निर्धन व्यक्ति स्वाधीनता से पहले राजा-महाराजाओं के समान सारी सुख सुविधाएं भोग सकते हैं।

प्रश्न 93. इनमें से कौन सा वाक्य सही नहीं है?

(क) गांधीजी अंग्रेजों के विरुद्ध नहीं थे

(ख) गांधीजी के अनुसार जो राजनीति धर्म के आधार पर न हो वह निरर्थक है

(ग) गांधीजी का कहना था कि ''यदि हम स्वतंत्र रूप से नहीं जी सकते तो हमें मृत्यु ही प्रिय है।''

(घ) गांधीजी का विश्वास था कि विश्व शांति तभी संभव है जब सत्ता में संतुलन बना रहे।

प्रश्न 94. गांधीजी की समाजवादी विचारधारा तथा विदेशी शासन पद्धति में क्या मुख्य अन्तर था?

(क) बिना हिंसा के भौतिक प्रगति

(ख) पूर्ण मानवता से समानता

(ग) सभी उत्पादों पर राज्य का अहिंसक अधिकार

(घ) राज्य के बाद न्याय की दृष्टि में सभी समान।

प्रश्न 95. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा विचार गांधीजी का है?

(क) कांग्रेस अपने आप ही कुदरती रूप से समाप्त हो जाएगी, जब नैतिकता का स्थान गुण्डागर्दी ले लेगी

(ख) यदि कांग्रेस प्रमुख ही अयोग्य हो तो भ्रष्टाचार का सामना करना असंभव है

(ग) सत्ता पाते ही कांग्रेसजन यह सोचने लगे कि हर जगह उनका प्रभुत्व है

(घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 96. वकालत के पेशे के विषय में गांधीजी का इनमें से कौन सा विचार है?

(क) वकालत में कभी भी आर्थिक पहलू सबसे महत्त्वपूर्ण नहीं होना चाहिए

(ख) यह वकील का धर्म है कि वह अपने मुवक्किल का केस लड़े चाहे वह अपराधी ही क्यों न हो

(ग) सफल वकालत के लिए सच को तोड़ना-मोड़ना जरूरी है

(घ) एक वकील का सच्चा धर्म है कि वह लोगों को न्याय के लिए अदालत जाने की सलाह दे।

प्रश्न 97. जूरियों द्वारा किये गए न्याय के विषय में गांधीजी का कौन सा विचार था?

(क) उनका न्याय सदा नरम रुख लिए हुए होता है

(ख) न्यायाधीश के मुकाबले उनका न्याय अधिक सही होता है

(ग) कई बार पाया गया है कि उनका न्याय गलत भी होता है

(घ) इंग्लैण्ड से हमें इस प्रथा को अवश्य अपनाना चाहिए।

प्रश्न 98. समाचार-पत्र तथा सच्चाई के विषय में गांधीजी ने कौन सा विचार व्यक्त किया?

(क) अखबारों में जो कुछ छपता है उसे ईश्वरीय सच मान लिया जाता है

(ख) समाचार-पत्र का यह धर्म है कि वह अपने पाठकों को सही जानकारी दे

(ग) समाचार-पत्रों के आधार पर अपनी राय बनाना सही नहीं है

(घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 99. नैतिकता पर गांधीजी का कौन सा विचार है?

(क) नैतिकता का अर्थ है कि हम अपने लिए सच्ची राह चुने और उस पर चलें

(ख) अनिच्छा से किया गया कोई भी कार्य नैतिक नहीं कहलाया जा सकता

(ग) दोनों (क), (ख)

(घ) नैतिक अधिकारों का कभी भी त्याग नहीं करना चाहिए।

प्रश्न 100. स्वदेशी सामान की खरीदारी के विषय में गांधीजी का कौन सा विचार है?

(क) एक ग्रामीण जो अपने देश में बनी वस्तुओं को खरीदता है

(ख) एक ग्रामीण जो अपने गांव में बनी वस्तुओं को खरीदता है

(ग) एक ग्रामीण जो स्वदेशी तकनीक से बनी हुई तथा देश में उपलब्ध वस्तु खरीदता है

(घ) एक ग्रामीण जो विश्व में कहीं भी अपने देशवासी की बनाई वस्तु खरीदता है।

प्रश्न 101. धूम्रपान के विषय में गांधीजी का क्या विचार था?

(क) यह मद्यपान के समान ही हानिकारक है

(ख) तम्बाकू खाने के कई लाभ हैं इसलिए इसका सेवन अनुचित नहीं है

(ग) धूम्रपान एक अत्यन्त महंगी बुराई है।

(घ) दोनों (क), (ख)।

प्रश्न 102. शिक्षा के विषय में उनमें से कौन सा विचार गांधीजी का नहीं है?

(क) वे भाषा के आधार पर राज्यों के निर्माण के विरुद्ध थे

(ख) उनके द्वारा दी गई नई तालीम पद्धति कला, हस्तकला, स्वास्थ्य तथा शिक्षा का सुन्दर समन्वय थी। जिसमें जीवन के आरम्भ से लेकर अन्तिम क्षण तक मनुष्य शिक्षा के नये आयाम सीखता है

(ग) उनकी यह पद्धति सम्पूर्णतया आत्मनिर्भर थी

(घ) राज्यों के बीच सम्पर्क का माध्यम केवल हिन्दुस्तानी होनी चाहिए।

प्रश्न 103. इनमें से किस विचार को गांधीजी ने अधिक महत्व नहीं दिया?

(क) गोहत्या पर रोक (ख) विदेशी चिकित्सा पद्धति

(ग) निर्धनों के लिए मुफ्त रसोई (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 104. इनमें से कौन सा विचार गांधीजी की विचारधारा से नहीं मिलता?

(क) स्त्री को अबला कहना अपराध है

(ख) गांधीजी पुर्नजन्म में विश्वास रखते थे

(ग) गांधीजी विरासत में मिली सम्पत्ति को उचित मानते थे

(घ) गांधीजी के अनुसार एक समाज सुधारक अपने कार्य में धन को अधिक महत्व नहीं देता।

प्रश्न 105. अपने किस आन्दोलन के दौरान गांधीजी ने यह कहा था कि ''सैनिक होने के नाते हमें अपने सेनाध्यक्ष से आदेश लेकर उसका पालन करना है। उसका आदेश ही निर्णायक है। मैं आप सब का सेनाध्यक्ष हूं।''

(क) असहयोग आन्दोलन (ख) भारत छोड़ो आंदोलन

(ग) डान्डी मार्च (घ) व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन।

प्रश्न 106. उपरोक्त गांधीजी ने किनको सम्बोधित करके कहा था?

(क) विद्यार्थियों को (ख) कांग्रेस सदस्यों को

(ग) किसानों को (घ) अंग्रेज अधिकारियों को।

प्रश्न 107. गांधीजी ने 'करो या मरो' का मंत्र किस आंदोलन के दौरान दिया गया?

(क) भारत छोड़ो आंदोलन (ख) डान्डी मार्च

(ग) सविनय अवज्ञा आन्दोलन (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 108. ''पृथ्वी में हमारी आवश्यकताओं के लिए सब कुछ पर्याप्त मात्रा में है, हमारे लोभ के लिए नहीं'' यह गांधीजी ने किस सम्बंध में कहा था?

(क) कृषि विकास (ख) व्यवसाय

(ग) ग्राम उत्थान (घ) पर्यावरण संरक्षण।

प्रश्न 109. वर्ष 1920 में किस महान नेता की मृत्यु पर गांधीजी ने यह कहा था कि ''जिन पीढ़ियों ने अभी जन्म नहीं लिया है उनके लिए वे आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में पहचाने जाएंगे।''

(क) गोखले कृष्ण गोखले (ख) मगनलाल गांधी

(ग) बाल गंगाधर तिलक (घ) स्वामी श्रद्धानन्द।

प्रश्न 110. मार्च, 1942 में भारत आये किस विदेशी दल के सदस्य से गांधीजी ने ऐसा कहा- ''यदि आप यही प्रस्ताव लेकर आये हैं तो आप किस लिए आये हैं। मैं आपको सुझाव दूंगा कि आप स्वदेश के लिए पहली उड़ान से वापस चले जाइए।''

(क) लार्ड वेवल (ख) सर स्टैफर्ड क्रिप्स

(ग) लार्ड माऊंटबैटन (घ) सर पैथिक लारेन्स।

प्रश्न 111. गांधीजी द्वारा कहे गए अन्तिम शब्द क्या थे?

(क) हे राम (ख) वन्देमातरम

(ग) हे ईश्वर (घ) जय हिन्द।

प्रश्न 112. श्रीमद भगवदगीता के सार के विषय में गांधीजी द्वारा लिखी पुस्तक का नाम बताइए।

(क) सत्य के मेरे प्रयोग (ख) मेरे सपनों का भारत

(ग) अनासक्ति योग (घ) मंगल प्रभात।

प्रश्न 113. ''जो भी आप और जवाहर करेंगे वह मुझे स्वीकार है'' गांधीजी ने इसमें अन्य किसको सम्बोधित किया है?

(क) नेताजी सुभाषचन्द्र बोस (ख) मोतीलाल नेहरू

(ग) रवीन्द्रनाथ टैगोर (घ) सरदार पटेल।

प्रश्न 114. वर्ष 1934 में गांधीजी ने यह किस संदर्भ में कहा था। रिक्त स्थान में सही शब्द भरें। ''मैं अब केवल....... कार्यक्रम में रुचि रखता हूं।''

(क) रचनात्मक (ख) राजनैतिक

(ग) हरिजन सेवा (घ) ग्रामोद्योग।

प्रश्न 115. गांधीजी ने एक पत्र में यह बात किसको लिखी थी- ''मैं तुम्हारा त्याग नहीं कर सकता। मैं समझता हूं कि एक गैर वफादार के हाथों जीवनदान पाने से बेहतर है कि वफादार के हाथों मृत्यु हो। तुम एक कवि हो, मेरा सुझाव है कि पढ़ो कम और सोचो अधिक।''

(क) सरोजिनी नायडू (ख) प्यारे लाल

(ग) रवीन्द्रनाथ टैगोर (घ) महादेव देसाई।

प्रश्न 116. गांधीजी ने 1934 में यह किस संदर्भ में कहा था कि ''मैं क्या लिखूं क्या सांत्वना दूं। मैं बहुत विचलित हूं परन्तु जो मैं कर रहा हूं उसे इस समय छोड़ देना भी अधर्म प्रतीत होता है।''

(क) साम्प्रदायिक दंगों के समय (ख) राजनैतिक मतभेद

(ग) बिहार भूकंप के समय (घ) अस्पृश्यता निवारण।

प्रश्न 117. किस प्राकृतिक आपदा को गांधीजी ने अस्पृश्यता के खिलाफ दैवी प्रकोप बताया था?

(क) बिहार में भूकंप (ख) अकाल

(ग) प्लेग (घ) बाढ़।

प्रश्न 118. गांधीजी के अनुसार पत्रकारिता का वास्तविक ध्येय क्या होता है?

(क) रोमांचक खबरें छापना (ख) जनमानस की शिक्षित करना

(ग) राजनैतिक गतिविधियों का विवरण देना (घ) मनोरंजन।

प्रश्न 119. गांधीजी ने अपनी पहली दैनंदिनी (डायरी) कब और कहां लिखनी आरम्भ की?

(क) 16 वर्ष की आयु में भारत में (ख) 1935 में कारावास में

(ग) 1912 में द. अफ्रीका में (घ) 19 वर्ष की आयु में लंदन में।

प्रश्न 120. गांधीजी के इस कथन में रिक्त स्नान को भरो। ''द. अफ्रीका में एक आदमी को मैंने शिष्य के तौर पर स्वीकार किया और पछताया। आज मेरा एक ही शिष्य है और यह है....... इसे समझाते और तैयार करते नाकों दम निकलता है। इस एक शिष्य को मैं साथ सका तो बहुत बड़ी बात है।

(क) पोलाक (ख) कैलनबैक

(ग) मोहनदास करमचन्द्र गांधी (घ) सी.एफ. एन्ड्यूज।

प्रश्न 121. सही शब्द भरें। गांधीजी के अनुसार ''...... का अविनयी होना दूध में जहर पड़ने के समान है।''

(क) सत्याग्रही (ख) विद्यार्थी

(ग) लेखक (घ) राजनेता।

प्रश्न 122. 'इंडियन ओपीनियन' में छपे अपने लेख में गांधीजी ने किस संघर्ष की बात करते हुए कहा है कि ''यदि संघर्ष को पुर्नजीवित किया गया तो आने वाला तीसरा संघर्ष सभी संघर्षों से शुद्धतम, अन्तिम और शानदार होगा।''

(क) द. अफ्रीका सत्याग्रह (ख) असहयोग आन्दोलन

(ग) नमक आंदोलन (घ) भारत छोड़ो आन्दोलन।

प्रश्न 123. सन 1942 में सेवाग्राम में लिखे गए एक पत्र में गांधीजी ने यह बात किसको कही थी- ''मेरी यह दृढ़ धारणा है कि अब समय आ गया है कि ब्रिटिश सुनियोजित तरीके से भारत को छोड़ कर चले जाएं।''

(क) एक राष्ट्र नेता को (ख) एक अंग्रेज मित्र

(ग) लूई फिशर (घ) मीरा बहन।

प्रश्न 124. गांधीजी के अनुसार समाजवाद का सही अर्थ क्या है?

(क) सर्वोदय (ख) बुनियादी शिक्षा

(ग) आर्थिक समानता (घ) नशाबन्दी।

प्रश्न 125. ऐसा गांधीजी ने किन के विषय में कहा था कि ''वे जिन्दा रहे और आत्म सम्मान के साथ जीवन बिता सके इसके लिए मैं अपने प्राणों की आहुति देने को तैयार हूं।''

(क) द. अफ्रीका में गिरमिटियों के लिए (ख) ग्रामीणों के लिए

(ग) देशभक्तों के लिए (घ) अस्पृश्य लोगों के लिए।

प्रश्न 126. देश प्रेम और मानव प्रेम के विषय में गांधीजी के क्या विचार थे।

(क) देश प्रेम को अधिक महत्व देते थे

(ख) मानव प्रेम को अधिक महत्व देते थे

(ग) दोनों को एक-दूसरे का विपरीत मानते थे

(घ) दोनों को समान समझते थे।

प्रश्न 127. आधुनिक राष्ट्रों का सबसे बड़ा कलंक गांधीजी किन बातों को मानते थे।

(क) संकीर्णता (ख) स्वार्थ

(ग) अलगाव (घ) तीनों (क), (ख), (ग)।

प्रश्न 128. गांधीजी इनमें से किसको अपने अस्तित्व का प्रमुख अंश मानते थे?

(क) साम्प्रदायिक एकता (ख) नई तालीम

(ग) रचनात्मक कार्यक्रम (घ) हरिजन उद्धार।

प्रश्न 129. किस कार्य को गांधीजी धामिर्क कर्तव्य मानते थे?

(क) ग्राम उद्धार (ख) पूजा-पाठ

(ग) हरिजन सेवा (घ) बुनियादी शिक्षा।

प्रश्न 130. गांधीजी किस कार्य को ईश्वर और मनुष्य के प्रति पाप समझते थे?

(क) शराब पीना (ख) छुआछूत

(ग) अशिक्षा (घ) गरीबी।

प्रश्न 131. हिन्दू धर्म की तुलना गांधीजी ने इनमें से किसके साथ की है?

(क) हिमालय पर्वत (ख) वेद

(ग) उपनिषद (घ) गंगा नदी।

प्रश्न 132. गांधीजी के अनुसार देश की जनसंख्या के अधिकतर लोग किस वर्ग के हैं?

(क) किसान (ख) विद्यार्थी

(ग) मजदूर (घ) शिक्षित।

प्रश्न 133. गांधीजी के अनुसार सच्ची लोक सत्ता प्राप्त करने के लिए कौन से साधन अनिवार्य हैं?

(क) सत्य (ख) अहिंसा

(ग) दोनों (क) और (ख) (घ) शिक्षा।

प्रश्न 134. गांधीजी के अनुसार सभी दस्तकारियों का केंद्र क्या होना चाहिए?

(क) मशीनें (ख) चरखा

(ग) बुनियादी शिक्षा (घ) तकनीकी ज्ञान।

प्रश्न 135. देश की उन्नति के लिए इनमें से किसके विकास को गांधीजी प्राथमिकता देते थे?

(क) गांव (ख) शहर

(ग) विद्यालय (घ) कस्बे।

प्रश्न 136. गांधीजी के अनुसार मनुष्य को किस वस्तु का सही उपयोग तो करना चाहिए परन्तु इसका दास नहीं बनना चाहिए?

(क) धन-सम्पत्ति (ख) जमीन-जायदाद

(ग) मशीनीकरण (घ) भोग विलास।

प्रश्न 137. गांधीजी के अनुसार ''अहिंसा पूर्ण स्वराज्य की मुख्य चाबी'' क्या है?

(क) सामाजिक न्याय (ख) नैतिक अधिकार

(ग) राजनैतिक पुर्नजागरण (घ) आर्थिक समानता।

प्रश्न 138. इनमें से किन ग्रन्थों के अध्ययन पर गांधीजी जोर देते थे?

(क) रामायण (ख) गीता

(ग) वेद पुराण (घ) दोनों (क), (ख)।

प्रश्न 139. देशभर में जनमानस की संपर्क भाषा के लिए गांधीजी ने आजीवन किस भाषा का प्रचार-प्रसार किया?

(क) मातृभाषा (ख) हिन्दी

(ग) अंग्रेजी (घ) संस्कृत।

प्रश्न 140. गांधीजी के इस कथन को उचित शब्द द्वारा पूर्ण करें। ''.......के बिना देश गूंगा है।''

(क) राष्ट्रभाषा (ख) शिक्षा

(ग) स्वाधीनता (घ) नैतिकता।

प्रश्न 141. गांधीजी अपने धार्मिक संस्कारों का श्रेय किसे देते थे?

(क) रम्भादाई (ख) अपनी माताजी को

(ग) पिताजी को (घ) धर्म ग्रन्थों को।

प्रश्न 142. गांधीजी ने यह किससे कहा था कि ''अब से तुम मेरी बेटी बन गई हो।''

(क) सरोजिनी नायडू (ख) आभा गांधी

(ग) मीरा बहन (घ) सुशीला नायर।

प्रश्न 143. गांधीजी के इस वाक्य को पूरा करें। ''कोई यह न कहे कि गांधी ने..... करने में हिस्सा लिया।

(क) भारत का बंटवारा (ख) अंग्रेजों की सहायता

(ग) साम्प्रदायिक (घ) छुआछूत का पालन।

प्रश्न 144. ''अहिंसक असहयोग की कला'' में गांधीजी किसे अपना गुरु मानते थे?

(क) गोपाल कृष्ण गोखले (ख) कस्तूरबा गांधी

(ग) टॉलस्टाय (घ) रामचंद भाई।

प्रश्न 145. ''पाशविक शक्ति की चरम पराकाष्ठा'' गांधीजी किसे कहते थे?

(क) अणु बम (ख) रंगभेद

(ग) भौतिकवाद (घ) मशीनीकरण।

प्रश्न 146. गांधीजी ने अपने पत्र में यह किसको लिखा था कि ''तुम अब बहादुर बनो।''

(क) महादेव देसाई　　　(ख) कस्तूरबा गांधी

(ग) जवाहर लाल नेहरू　　　(घ) सुशीला नायर।

प्रश्न 147. किसकी मृत्यु पर गांधीजी ने कहा कि ''मेरा श्रेष्ठतम आधा हिस्सा मर गया है।''

(क) कस्तूरबा　　　(ख) महादेव देसाई

(ग) मोती लाल नेहरू　　　(घ) जमनालाल बजाज।

खण्ड V

महात्मा गांधी- विश्व समुदाय के उद्गार

प्रश्न 1. गांधीजी के बारे में किसने कहा था कि ''वे बच्चों के समान हंसते हैं और उन्हें बच्चों से बेहद स्नेह है।''

(क) सी.एफ. एन्ड्रयूज (ख) डब्लू. डब्लू पियर्सन

(ग) रवीन्द्रनाथ टैगोर (घ) बाल गंगाधर तिलक।

प्रश्न 2. प्रथम बार गांधीजी को 'महात्मा' कहकर किसने सम्बोधित किया था।

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) गोपाल कृष्ण गोखले

(ग) रवीन्द्रनाथ टैगोर (घ) विवेकानन्द।

प्रश्न 3. गांधीजी के लिए यह कथन कौन कहते थे- ''गांधीजी क्रांति के पूर्ववर्ती और पारवर्ती दोनों कार्यक्रम एक साथ चलाते हैं। गुलामी की जितनी दीवारे वे गिराते हैं, आजादी की भव्य इमारत की उतनी दीवारे वे साथ-साथ उठाते हैं।''

(क) गोखले (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) महादेव देसाई (घ) सरदार पटेल।

प्रश्न 4. कांग्रेस वर्किंग कमेटी में किसने कहा था कि ''नि:स्सन्देह गांधीजी सदा हमारे साथ हैं किन्तु प्रश्न यह है कि क्या हम भी गांधीजी के साथ हैं।''

(क) महादेव देसाई (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) आचार्य कृपलानी (घ) वल्लभभाई पटेल।

प्रश्न 5. गांधीजी के अन्तिम जन्मदिन पर किसने कहा कि ''हमारे चारों ओर जो गहरा अन्धकार है उसके बीच में गांधीजी ही एकमात्र प्रकाश-किरण हैं।''

(क) महादेवी देसाई (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) आचार्य कृपालानी (घ) वल्लभभाई पटेल।

प्रश्न 6. गांधीजी कि मृत्यु का समाचार सुनकर किसने आकाशवाणी में कहा था कि ''हमारे राष्ट्रपिता, हमारे प्यारे नेता जिन्हें हम बापू कहते थे, नहीं रहे... प्रकाश बुझ गया है... इस देश में चमकने वाली यह रोशनी साधारण रोशनी नहीं थी। यह वही रोशनी थी जिसने इतने वर्षों तक इस देश को प्रकाशमय किया था। भविष्य में हजारों वर्षों बाद भी इस देश में वही रोशनी चमकती दिखाई देगी। सारा संसार इसे देखेगा। और यह रोशनी असंख्य हृदयों की सांत्वना पहुंचायेगी।''

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) राजेंद्र प्रसाद

(ग) वल्लभभाई पटेल (घ) सुभाष चन्द्र बोस।

प्रश्न 7. दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी के सत्याग्रह आन्दोलन की विजय पर किसने लिखा था कि ''सत्ताधारियों को सावधान होकर सीख लेनी चाहिए कि उस व्यक्ति का सामना करना कठिन है जिसे इन्द्रियों का भोग, धन-दौलत, सुख-सुविधा की रंचमात्र परवाह नहीं है और जो सत्य पर आरुढ़ रहने का दृढ़ निश्चय कर लेता है उससे लड़ना खतरनाक होता है, लड़ाई में वह छका देता है। उसके शरीर पर तो हावी हुआ जा सकता है पर उसकी आत्मा को नहीं जीता जा सकता।''

(क) पोलाक (ख) प्रो. गिलवर्ट मरे

(ग) रोमां रोलां (घ) लुइस फिशर।

प्रश्न 8. किसने बरसों बाद गांधीजी के बारे में यह कथन कहे- ''मेरे भाग्य में बदा था कि मैं उस व्यक्ति का विरोधी बना, जिसके प्रति विरोध के दिनों में भी मेरे मन में आदर का स्थान सर्वोच्च था। मेरे लिए विरोधी के व्यक्तिगत सद्भाव का अन्त न था। जेल में उन्होंने मेरे लिए चप्पल जोड़ी बनवाई और रिहा होने पर भेंट की। अच्छे दिनों में मैंने उन चप्पलों को वर्षों पहना और मन ही मन कहा कि क्या मैं उस महान व्यक्ति की कृति के योग्य हूं।''

(क) लाई विलिंगडन (ख) लार्ड कर्जन

(ग) जनरल डायर (घ) जनरल स्मट्स।

प्रश्न 9. गांधीजी को मिकी माऊस का सम्बोधन किसने दिया?

(क) सरोजिनी नायडू (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) महादेवी देसाई (घ) मीरा बेन।

प्रश्न 10. यह किसका कथन था कि ''आने वाली पीढ़ियां विश्वास नहीं कर सकेंगी कि यह हाड-मांस का पुतला वास्तव में धरती पर आया था।''

(क) एलबर्ट आइन्स्टाईन (ख) विन्स्टन चर्चिल

(ग) जवाहरलाल नेहरू (घ) सरदार पटेल।

प्रश्न 11. उपरोक्त कथन कब कहा गया था?

(क) गांधीजी की शहादत पर श्रद्धांजलि

(ख) गांधीजी के जन्मदिवस की बधाई

(ग) कांग्रेस अधिवेशन में

(घ) स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर।

प्रश्न 12. गांधीजी को किसने कांग्रेस के स्थायी अध्यक्ष कहा था?

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) सरोजिनी नायडू

(ग) वल्लभभाई पटेल (घ) मोहम्मद अली जिन्ना।

प्रश्न 13. कौन गांधीजी को 'छोटे कद का अच्छा व्यक्ति' कहते थे।

(क) विन्सटन चर्चिल (ख) लार्ड डरविन

(ग) स्टाफोर्ड क्रिप्स (घ) लार्ड हैलीफैक्स।

प्रश्न 14. किसने गांधीजी के लिए कहा था कि ''गांधीजी सम्मान से भी परे एक महान आत्मा थे। शायद वे इस युग के सबसे महान व्यक्ति थे। पहले के समय से लेकर आज तक जितनी भी महान आत्माएं थीं निसंदेह गांधीजी उनमें से एक आदर्श व्यक्ति थे।''

(क) आरनोल्ड जोसफ टाॅयनबी (ख) लूइस फिशर

(ग) एस. राधाकृष्णन (घ) जवाहरलाल नेहरू

प्रश्न 15. किस अंग्रेज व्यक्ति ने गांधीजी के बारे में यह शब्द कह- ''मेरी दृष्टि में गांधीजी जितना अपने देश का भला चाहते थे उतना ही मेरे देश का भला चाहते थे। गांधीजी ने ब्रिटिश राज असंभव कर दिया लेकिन साथ ही उन्होंने बिना किसी दुश्मनी और अपमान के हमें हिन्दुस्तान छोड़ने को बाध्य कर दिया।''

(क) हेरोल्ड विल्सन (ख) आरनोल्ड जोसफ टोयनबी

(ग) लार्ड अटनबोरी (घ) लार्ड लिस्टोल।

प्रश्न 16. किस वायसराय ने गांधीजी से पहली मुलाकात के बाद उनके बारे में यह शब्द लिखे- ''श्री गांधी के धार्मिक और नैतिक विचार मेरे अनुसार प्रशंसनीय हैं। परन्तु मेरे लिए यह स्वीकार करना बहुत कठिन है कि इन्हें राजनीति में कैसे अमल किया जा सकता है।''

(क) लार्ड इरविन (ख) लार्ड विलिंगडन

(ग) लार्ड रीडिंग (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 17. जब गांधीजी ने अपना ऐतिहासिक नमक आंदोलन शुरू किया तो उनके किस नजदीकी सहयोगी ने उनके बारे में यह कहा- ''आज तीर्थयात्री अपनी लम्बी यात्रा पर जा रहा है कुछ लोगों को साथ लेकर धूलभरी राहों पर, आंखों में तेज लिए और उनके वफादार साथी उनके दृढ़ कदमों के पीछे चले आ रहे हैं। उनमें दृढ़ प्रतिज्ञा की ज्वाला जो देशवासियों के प्रति असीम स्नेह, सत्य के लिए प्रेम और स्वतन्त्रता के प्रेम से प्रेरित होकर ज्वलित हुई है।''

(क) सी.एफ. एन्ड्रयूज (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) सरोजिनी नायडू (घ) चितरंजन दास।

प्रश्न 18. किसने गांधीजी के देश को आजादी दिलाने की योजना का मूल्यांकन इन शब्दों में किया- ''मेरे तर्क से मुझे बार-बार यही लगा कि यह दुख की बात है कि उनकी योजना में स्पष्टता की कमी है और उनको स्वयं ही नहीं स्पष्ट था कि आगे क्या करना है जिससे कि भारत अपने आजादी के स्वप्न को साकार कर सके।''

(क) चितरंजन दास (ख) सुभाष चन्द्र बोस

(ग) बी.आर. अम्बेडकर (घ) ऐनी बेसेन्ट।

प्रश्न 19. किस गांधीजी के समकालीन ने उनकी हरिजन यात्रा के बारे में निम्नलिखित शब्द कहे- ''हिन्दू धर्म के इतिहास में ये एक ऐसे महान व्यक्ति के रूप में जाने जायेंगे जिन्होंने हरिजनों की सेवा के लिए हिन्दू समाज की आत्मा को जागृत किया।''

(क) विनोवा भावे (ख) मदन मोहन मालवीय

(ग) घनश्यामदास बिड़ला (घ) जगजीवन राम।

प्रश्न 20. किस अंग्रेज राजनीतिज्ञ ने गांधीजी को हीन भावना में ''अधनंगे फकीर'' के रूप में सम्बोधित किया?

(क) लार्ड विलिंगडन (ख) विन्स्टन चर्चिल

(ग) रामसे मैकडोनाल्ड (घ) लार्ड वेवल।

प्रश्न 21. गांधीजी के विषय में निम्नलिखित विचार उनके किस समकालीन के थे- ''जैसे-जैसे उनकी उमर बढ़ती गई उनका शरीर उनकी तेजस्वी आत्मा का वाहन बनता गया। उनके विचार सुनते समय उनके दैहिक रूप की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता था। यही कारण था कि वे जहां पर भी बैठते थे वह स्थान मन्दिर जैसा और जहां भी उनके चरण पड़ते थे वह पवित्र स्थल हो जाता था।''

(क) सरोजिनी नायडू (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) मौलाना अबुल कलाम आजाद (घ) एस. राधाकृष्णन

प्रश्न 22. 1909 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में गोपाल कृष्ण गोखले ने महात्मा गांधी के विषय में यह कहा था- ''यह मेरे जीवन का सौभाग्य है कि मैं भी गांधी को निकट रूप से जानता हूं। मैं आपसे यह निश्चित रूप से कह सकता हूं कि इनसे अधिक पवित्र, महान, साहसी तथा तेजस्वी आत्मा इस धरती पर और नहीं है।''

(क) लाहौर (ख) बम्बई

(ग) लखनऊ (घ) अहमदाबाद।

प्रश्न 23. वह कौन से पहले भारतीय नेता थे जिन्होंने गांधीजी की प्रशंसा करते हुए कहा था कि वह भविष्य में भारत के प्रसिद्ध नेता होंगे।

(क) रवीन्द्रनाथ टैगोर (ख) बाल गंगाधर तिलक

(ग) गोपाल कृष्ण गोखले (घ) दादा भाई नौरोजी।

प्रश्न 24. गांधीजी की मृत्यु के बाद किसने इस बात पर जोर दिया कि जिस प्रकार मास्को में लेनिन के शरीर को रखा गया है, वैसे ही उनके शरीर को भी सुरक्षित रखा जाए।

(क) लार्ड वेवल (ख) सी.एफ. एन्ड्यूज

(ग) लार्ड माऊंटबेटन (घ) मिखाईल शोलखोय।

प्रश्न 25. गांधीजी के सम्पर्क में आने पर यह किसने कहा- ''एक जमाने से उनका साथ रहा, उनकी निगरानी में काम किया, उनकी छाया मेरे ऊपर पड़ी, मेरे ख्याल बदले, और रहने का ढंग भी बदला।''

(क) मौलाना आजाद (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) सरदार पटेल (घ) मोतीलाल नेहरू।

प्रश्न 26. हमारे किस भूतपूर्व नेता ने गांधीजी के विषय में यह उद्गार किये थे- ''गांधीजी की दृष्टि में साम्प्रदायिकता अथवा प्रान्तीयता तनिक भी नहीं है। उनका विश्वास है कि भारत की प्राचीन संस्कृति से संसार के विकास में सहायता मिल सकती है।''

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) डा. राजेन्द्र प्रसाद

(ग) सरदार वल्लभभाई पटेल (घ) डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन।

प्रश्न 27. गांधीजी की किन विदेशी मित्र के अनुसार ''दो बातें हैं जिनके कारण महात्मा गांधी का नाम आज से सैंकड़ों साल बाद भी अमर रहेगा। एक, उनका खादी कार्यक्रम और दो, सत्याग्रह का उनका प्रयोग।''

(क) पोलाक (ख) लुई फिशर

(ग) सी.एफ. एन्ड्यूज (घ) रोमां रोलां।

प्रश्न 28. किस महान वैज्ञानिक के गांधीजी के विषय में यह उद्गार है- ''हम बड़े भाग्यशाली हैं और हमें कृतज्ञ होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें ऐसा प्रकाशमान समकालीन पुरुष दिया है;यह भावी पीढ़ियों के लिए भी प्रकाश स्तम्भ का काम देगा।''

(क) आचार्य जगदीश चन्द्र बोस (ख) एलबर्ट आइन्सटाइन

(ग) डा. विक्रम साराभाई (घ) होमी भाभा।

प्रश्न 29. ''हमारे लिए गांधीजी एक अवतार हैं, जिन्होंने इस व्यवहारिक दुनिया में पूर्ण अहिंसा को कार्यान्वित करके बताया है।'' यह किसने कहा।

(क) डा. पट्टाभि सीताराम्मैया (ख) नेता जी सुभाषचन्द्र बोस

(ग) मोतीलाल नेहरू (घ) सरदार पटेल।

प्रश्न 30. यह किसने कहा था कि ''भारतीय राजनीति में गांधीजी की देन महान है।''

(क) मौलाना आजाद (ख) आचार्य कृपालानी

(ग) वल्लभभाई पटेल (घ) डा. राजेन्द्र प्रसाद।

प्रश्न 31. ''उन्होंने अपना नाम मानवजाति के साधु-सन्तों में अंकित कर दिया है, उनकी मूर्ति का उज्ज्वल आलोक भूमण्डल के कोने-कोने में प्रविष्ट हो गया है।'' ऐसा किस प्रसिद्ध दार्शनिक ने गांधीजी के विषय में कहा था।

(क) रमण महर्षि (ख) रोमां रोलां

(ग) श्री अरविन्द (घ) रवीन्द्रनाथ ठाकुर।

प्रश्न 32. गांधीजी के विषय में किस महान कवि ने कहा था कि ''समय-समय पर राजनीति के क्षेत्र में ऐसे इतिहास निर्माता व्यक्ति भी जन्म लेते हैं जिनकी मानसिक ऊंचाई मानवता की सामान्य सतह से ऊंची होती है।''

(क) रवीन्द्रनाथ ठाकुर (ख) सुमित्रानन्दन पंत

(ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) महादेवी वर्मा।

प्रश्न 33. ''गांधीजी का नाम उनके जीवन काल में ही एक व्यक्ति का पर्यायवाची न रहकर हमारे वर्तमान दुखी संसार के लिए एक आदर्श जीवन का पर्यायवाची बन गया है।'' गांधीजी के विषय में ऐसा किस प्रसिद्ध लेखिका ने कहा है।

(क) सरोजिनी नायडू (ख) कमला देवी चट्टोपाध्याय

(ग) कृष्णा हठी सिंह (घ) श्रीमती पर्ल एस. बक।

प्रश्न 34. ''टाॅलस्टाय के बाद ही इतनी जल्दी जिस जमाने ने एक दूसरा महान मानव जाति का प्रेमी पैदा किया, उसमें रहना कितना अच्छा है।'' यह शब्द गांधीजी के किस विदेशी मित्र तथा सहयोगी के हैं।

(क) लुई फिशर (ख) सी.एफ. एन्ड्रयूज

(ग) हेनरी पोलाक (घ) रोमां रोलां।

प्रश्न 35. ''अपनी पृष्ठभूमि से मैंने ईसाई धर्म के आदर्शों को पाया। गांधीजी से मैंने उनके व्यवहारिक उपयोग की तकनीकी सीखी।'' ऐसा गांधीजी के किस विदेशी अनुयायी का कथन था।

(क) सी.एफ. एन्ड्रयूज (ख) मीरा बहन

(ग) होरेस एलेक्ज़ेन्डर (घ) मार्टिन लूथर किंग जूनियर।

प्रश्न 36. गांधीजी के विषय में यह वाक्य किसने कहे हैं- ''प्रेम का प्रयोग अब तक कहीं-कहीं कुछ व्यक्तियों ने निजी जीवन में ही करके देखा था, परन्तु गांधीजी की परम सफलता यह है कि उन्होंने इसे सामाजिक तथा राजनैतिक मुक्ति की योजना बनाकर दिखा दिया है।''

(क) डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) वल्लभभाई पटेल (घ) मौलाना आजाद।

प्रश्न 37. गांधीजी के यरवदा जेल में उपवास के दौरान किसने उनके बारे में यह कहा था कि ''वाह क्या जादूगर है! वे अच्छी तरह सबके हृदय के तारों को झंकृत करने की क्षमता रखते हैं।''

(क) वल्लभभाई पटेल (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) मौलाना आजाद (घ) सुभाष चन्द्र बोस।

प्रश्न 38. ''यदि भारत जीवित रहना चाहता है, समृद्ध होना चाहता है तो उसे गांधीजी के बताए सत्य और अहिंसा के पथ पर चलना होगा।'' गांधीजी को यह श्रद्धांजलि भारत के किस भूतपूर्व राष्ट्रपति ने दी थी?

(क) डा. जाकिर हुसैन (ख) वी.वी गिरि

(ग) डा. राजेन्द्र प्रसाद (घ) डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन।

प्रश्न 39. ''मैं आशा रखता हूं कि उनकी प्रेम, सत्य तथा अहिंसा पूर्ण आत्मा सदा हमारा पथ प्रदर्शन करेगी।'' यह श्रद्धांजलि गांधीजी को उनके किस सहयोगी ने दी थी?

(क) खान अब्दुल गफ्फार खान (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) सी.एफ. एन्डूयूज (घ) वल्लभभाई पटेल।

प्रश्न 40. ''केवल गांधीजी का अनुसरण करके ही हम अपने देश को दुनिया के सभी देशों में ऊंचा स्थान दे सकते हैं।'' यह गांधीजी के समकालीन किस नेता का कथन है?

(क) डा. राजेन्द्र प्रसाद (ख) सरदार वल्लभभाई पटेल

(ग) सी. राजगोपालाचार्य (घ) जवाहरलाल नेहरू।

प्रश्न 41. ''बापू जीवित हैं तथा ईसामसीह व बुद्ध की तरह सदा जीवित रहेंगे।'' यह शब्द उनके किस निकट अनुयायी के हैं।

(क) मनु गांधी (ख) सरोजिनी नायडू

(ग) डा. सुशीला नायर (घ) मीरा बहन।

प्रश्न 42. ''मेरे लिए केवल दो ईश्वर थे। ईश्वर तथा बापू। अब दोनों एक हो गए हैं।'' बापू को दी गई यह श्रद्धांजलि किसकी है।

(क) सुचेता कृपालानी (ख) प्रभुदास गांधी

(ग) इन्दिरा गांधी (घ) मीरा बहन

प्रश्न 43. ''इससे हमें पता चलता है कि अच्छा होना कितना खतरनाक है।'' गांधीजी की शहादत पर ऐसा किस प्रसिद्ध विदेशी लेखक ने कहा था।

(क) जार्ज बर्नाड शॉ (ख) पर्ल.एस. बक

(ग) मार्जरी साइक्स (घ) लुई फिशर।

प्रश्न 44. डांडी यात्रा का विवरण इनमें से किसने इस प्रकार दिया कि ''श्री रामचन्द्र की लंका यात्रा के समान ही गांधीजी की यह यात्रा अविस्मरणीय होगी।''

(क) मोतीलाल नेहरू (ख) सरोजिनी नायडू

(ग) सरदार वल्लभभाई पटेल (घ) महादेव देसाई।

प्रश्न 45. 15 अगस्त, 1947 को जब देश आजाद हुआ तब किस कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्र के नाम संदेश में महात्मा गांधी के विषय में यह कहा कि ''उन्होंने देश को आश्चर्यजनक तरीके से स्वाधीन किया है। इतने बड़े पैमाने पर कभी कोई घटना बिना रक्तपात और हिंसा के सम्भव नहीं थी। परन्तु उन्होंने ऐसा कर दिखाया।''

(क) जे.बी. कृपालानी (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) अबुल कलाम आजाद (घ) यू.एन. ढेबर।

प्रश्न 46. गांधीजी और बा के सम्बन्धों के विषय में किस लेखक ने यह प्रसंग कहा था कि ''गांधीजी न किसी आदमी से डरते थे, न किसी सरकार से; न उन्हें कारावास की फिक्र थी, न दरिद्रता या मृत्यु का ही भय था। किन्तु यह सही है कि वे अपनी जीवन-संगिनी कस्तूरबा से भय खाते थे।''

(क) सी.एफ. एन्ड्रयूज (ख) लुई फिशर
(ग) रवीन्द्रनाथ टैगोर (घ) रोमां रोलां।

प्रश्न 47. किसने रंगून में महात्मा गांधी के लिए ये शब्द कहे थे- ''हे राष्ट्रपति, भारत की स्वतंत्रता के लिए हमने जो पवित्र युद्ध छेड़ रखा है उसमें आपके आशीर्वाद के हम आकांक्षी हैं।''

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) डा. राजेन्द्र प्रसाद
(ग) सुभाषचन्द्र बोस (घ) सरदार वल्लभभाई पटेल।

प्रश्न 48. बंटवारे की हिंसा को शान्त करने में गांधीजी की भूमिका को एक पूरी सेना के समान सशक्त बताने वाले इनमें से कौन थे।

(क) लार्ड माऊंटबैटन (ख) सरोजिनी नायडू
(ग) चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य (घ) डा. राजेन्द्र प्रसाद।

प्रश्न 49. साबरमती आश्रम में विदेशी सरकार पर व्यंग्य करते हुए किसने यह उद्घोषणा की थी कि ''मध्य रात्रि में सरकार के अधिकारियों ने चोरों की तरह आकर महात्मा गांधी काे कैद किया। शक्ति होती तो वो दिन के उजाले में इस मसीहा को कैद कर दिखाते।''

(क) महादेव देसाई (ख) मीरा बहन
(ग) काका कालेलकर (घ) मनु बहन।

प्रश्न 50. किस नेता ने गांधीजी को वर्ष 1938 में एक पत्र में लिखा था कि ''विचार विमर्श से कोई निष्कर्ष नहीं निकलेगा। फिर भी हम अप्रैल में मिलेंगे।''

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) बी.आर. अम्बेडकर
(ग) सुभाषचन्द्र बोस (घ) मोहम्मद अली जिन्ना।

प्रश्न 51. जब गांधीजी ने बिहार के भूकंप को दैवी प्रकोप बताया तब इसके विरुद्ध किसने यह कहा था कि ''मुझे अत्यन्त दुखदायी आश्चर्य होता है जब मैं देखता हूं कि महात्मा गांधी ने अस्पृश्यता को मानने वालों पर यह आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने इस अपराध द्वारा बिहार के कुछ हिस्सों में ईश्वरीय प्रकोप को बुलावा दिया है।''

(क) रवीन्द्रनाथ टैगोर (ख) जवाहरलाल नेहरू
(ग) मदनमोहन मालवीय (घ) चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य।

प्रश्न 52. महात्मा गांधी का कांग्रेस की सक्रिय राजनैतिक गतिविधियों से स्वयं को अलग रखने के निर्णय के विषय में किस कांग्रेस अध्यक्ष ने यह कहा था कि ''कांग्रेस महात्मा गांधी को नेतृत्व में अपना पूरा विश्वास प्रकट करती है, फिर भी अनिष्ठा से उनके निर्णय को स्वीकार करती है तथा देश को समर्पित उनकी सेवाओं के लिए कृतज्ञता ज्ञापन करती है और उनके आश्वासन से निश्चित है जब भी कांग्रेस को उनकी आवश्यकता होगी उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन मिलता रहेगा।''

(क) मौलाना आजाद (ख) सरदार पटेल
(ग) डा. राजेन्द्र प्रसाद (घ) जवाहरलाल नेहरू।

प्रश्न 53. द. अफ्रीका की अपनी यात्रा के दौरान किस भारतीय नेता ने गांधीजी में अपने 'निजी' सचिव से लेकर 'पीर बावर्ची' तक पाया?

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) गोपाल कृष्ण गोखले

(ग) सरदार पटेल (घ) मोतीलाल नेहरू।

प्रश्न 54. ''गांधीजी में सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे सुशील और सच्चरित्र हैं।'' यह कथन किस राष्ट्रीय नेता का है?

(क) गोपाल कृष्ण गोखले (ख) डा. राजेन्द्र प्रसाद

(ग) बाल गंगाधर तिलक (घ) आचार्य कृपालानी।

प्रश्न 55. ''सारा संसार उनके जीवित रहने से सम्पन्न था और उनके निधन से वह दरिद्र हो गया।''गांधीजी के विषय में यह किसने कहा था।

(क) लार्ड माऊन्टबैटन (ख) लार्ड वेवल

(ग) डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन (घ) जवाहरलाल नेहरू।

प्रश्न 56. टालस्टाय के बाद ही इतनी जल्दी जमाने ने एक दूसरा महान मानवता का पुजारी पैदा किया है। आहा! यह साधु-संत, यह पैगम्बर और भक्तगण किस प्रकार वातावरण को स्वच्छ निर्मल बनाते हैं और आसपास फैले हुए 'सपन तिमिर' में प्रकाश चमकाते हैं।'' गांधीजी के विषय में ऐसा किन्होंने कहा।

(क) रवीन्द्रनाथ टैगोर (ख) सरोजिनी नायडू

(ग) श्री अरविन्द (घ) हेनरी पोलाक।

प्रश्न 57. ''ईश्वर से प्रार्थना कर, आज हम निश्चय कर लें कि हम उनके बाकि काम को पूरा करेंगे।'' यह किन के उद्गार थे।

(क) मौलाना आजाद (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) सरदार पटेल (घ) डा. राजेन्द्र प्रसाद।

प्रश्न 58. यह वाक्य किस महान व्यक्ति ने गांधीजी के विषय में कहा था कि ''इसी भारत भूमि पर भगवान का यह प्यारा हो गया है जिसने इसे अपनी तपस्या से पवित्र किया है। उसने न केवल भारत भूमि को पवित्र किया बल्कि देशवासियों के मन व हृदय को ही बदल डाला।''

(क) रिचर्ड ग्रेग (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) हेनरी पोलक (घ) विनोबा भावे।

प्रश्न 59. ''आज का दिन हमारे लिए आत्मपरीक्षण का दिन है, उपदेश देने का नहीं।'' ऐसा विनोबा भावे जी ने किस दिन के लिए कहा?

(क) 15 अगस्त (ख) 26 जनवरी

(ग) 2 अक्तूबर (घ) 30 जनवरी।

प्रश्न 60. हमारे कौन से राष्ट्रपति स्वयं को गांधीजी का 'अंधअनुयायी' कहने से भी नहीं हिचकते थे?

(क) डा. जाकिर हुसैन (ख) डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

(ग) डा. राजेन्द्र प्रसाद (घ) श्री फखरुद्दीन अली अहमद।

प्रश्न 61. गांधीजी के किस निकट सहयोगी ने सेवाग्राम को उनकी 'प्रयोगशाला' कहा?

(क) महादेव देसाई (ख) सुशीला नायर

(ग) प्यारेलाल (घ) मनु गांधी।

प्रश्न 62. ''गांधीजी को मैंने संत के रूप में देखा, राजनैतिक नेता के रूप में देखा और मनुष्य के रूप में भी देखा। लेकिन जिस रूप ने मुझे मोहित किया वह तो उनका मनुष्य का रूप था।'' यह शब्द किसके हैं?

(क) सी.एफ. एन्ड्रयूज (ख) घनश्याम दास बिड़ला

(ग) सरदार पटेल (घ) जमनालाल बजाज।

प्रश्न 63. गांधीजी की मृत्यु पर यह श्रद्धांजलि किसके द्वारा दी गई- ''हमदर्दी के जो हार्दिक संदेश मुझे और मेरे परिवार वालां ो को मिल रहे हैं, उनसे हमको बड़ी सांत्वना मिल रही है। लेकिन हम मानते हैं कि संदेश भेजने वाले शायद हमसे भी कहीं अधिक दुखी और संतप्त हैं कौन किस को दिलासा दे।''

(क) कनु गांधी (ख) आभा गांधी

(ग) मनु गांधी (घ) देवदास गांधी

प्रश्न 64. ''महात्मा जी ने मुझे इस तरह से अपनाया है कि उनके प्रति मेरे मन में पिता और गुरु के समान ही भाव पैदा होता है।'' यह शब्द किसके हैं?

(क) जमनालाल बजाज (ख) महादेव देसाई

(ग) जवाहरलाल नेहरू (घ) सुशीला नायर।

प्रश्न 65. ''मेरे बापू सोओ मत! हमें मत सोने दो! हमें अपने व्रत से मत डिगने दो! हमें अपना प्रण पूरा करने की शक्ति दो।'' यह किनके उद्गार हैं?

(क) वल्लभभाई पटेल (ख) मौलाना आजाद

(ग) सरोजिनी नायडू (घ) जवाहरलाल नेहरू।

प्रश्न 66. ''यह गांधी युग है और जिन नीतियों और दर्शन को हम अमली रूप दे रहे हैं वह हमें गांधीजी ने सिखाया है।'' यह किसने कहा था?

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) डा. राधाकृष्णन

(ग) सरदार पटेल (घ) मौलाना आजाद।

प्रश्न 67. किस प्रसिद्ध गांधीवादी नेता ने कहा कि ''उनके सत्संग से पवित्रता, शान्ति और निर्मल आनन्द का अनुभव होता था।''

(क) निर्मला देशपाण्डे (ख) आर.आर. दिवाकर

(ग) विनोबा भावे (घ) केलन बैक।

प्रश्न 68. किस प्रसिद्ध शिक्षाविद् ने गांधीजी के विषय में यह कहा है कि ''वे धर्म पर आधारित उस सामाजिक व्यवस्था की कल्पना के उत्तराधिकारी थे जो हमारे जातीय संस्कारों में निहित है।''

(क) डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन (ख) डा. जाकिर हुसैन

(ग) कन्हैयालाल माणिक लाल मंुशी (घ) जे.सी. कुमारप्पा।

प्रश्न 69. यह किस लेखक ने कहा था कि ''गांधीजी ने अपने जीवन में मानव जीवन के सभी पहलुओं को उतारने का प्रयत्न किया था।''

(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) जैनेन्द्र कुमार

(ग) रवीन्द्रनाथ टैगोर (घ) यशपाल जैन।

प्रश्न 70. ''महात्मा गांधी के भाव और विचार सर्वथा नवीन और क्रांतिकारी हुआ करते थे।'' यह बात गांधीजी के किस निकट सहयोगी ने कही?

(क) जे.बी. कृपालानी (ख) सरदार पटेल

(ग) मौलाना आजाद (घ) डा. राजेन्द्र प्रसाद।

प्रश्न 71. ''गांधीजी के लिए अहिंसा मात्र साधन नहीं, साध्य थी।'' ऐसा उस समय के किस राजनीतिज्ञ का कथन था?

(क) सरदार पटेल (ख) राजेन्द्र प्रसाद

(ग) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी (घ) जवाहरलाल नेहरू।

प्रश्न 72. 'हिंद स्वराज' के बारे में अपनी सम्मति देते हुए गांधीजी को लिखे एक पत्र में यह किस महान लेखक ने कहा था कि ''सत्याग्रह न केवल भारतीयों, बल्कि समस्त मानवता के लिए अत्यन्त महत्व की वस्तु है।''

(क) रस्किन (ख) मैक्सिम गोर्की

(ग) रवीन्द्रनाथ टैगोर (घ) टॉलस्टाय।

प्रश्न 73. यह किसने कहा था कि ''गांधी और कांग्रेस ब्रिटिश मन्त्रियों के साथ बातचीत का वातावरण नष्ट कर रहे हैं।''

(क) लार्ड माऊन्टबैटन (ख) मो. अली जिन्ना

(ग) सर स्टेफर्ड क्रिप्स (घ) विन्सटन चर्चिल।

प्रश्न 74. यह किस कवि की पंक्तियां हैं- ''बापू की छाती की हर सांस तपस्या थी। आती जाती हल करती एक समस्या थी।''

(क) हरिवंशराय बच्चन (ख) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) रामधारी सिंह दिनकर।

प्रश्न 75. गांधीजी के विषय में यह पंक्तियां किस कवि द्वारा लिखित हैं- ''चल पड़े जिधर दो डग मग में, चल पड़े कोटि पग उसी की ओर। पड़ गई जिधर भी एक दृष्टि, गड़ गए कोटि दृग उसी ओर।''

(क) महादेवी वर्मा (ख) सुमित्रानन्दन पंत

(ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) सोहन लाल द्विवेदी।

प्रश्न 76. यह पंक्तियां किस कवि की हैं?

''कौन कहता है कि बापू शत्रु थे विज्ञान के
वे मनुष्य से मात्र इतनी बात कहते थे
रेल मोटर या कि पुष्पक यान चाहे जो रचो
पर सोच लो आखिर तुम्हें जाना कहां है?

(क) रामधारी सिंह दिनकर (ख) सुमित्रानन्दन पंत

(ग) सोहन लाल द्विवेदी (घ) हरिवंशराय बच्चन।

